राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024
वर्ष 06, अंक 26, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गलियों में टिकती है बेटी की बारात, गांव में ठंड की सीजन में नहीं ब्याही जाती बेटियां...06

एजुकेशन हब का सचः मथुरा में कोई सरकारी विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं...12

# दिल्ली ब्लास्ट- मौके से मिला पाउडर-वायर, धमाके की जाँच के लिए NIA से लेकर NSG तक जांच में जुटीं

**स्वतंत्र प्रभात**

दिल्ली CRPF स्कूल ब्लास्ट- दिल्ली पुलिस यह पता लगा रही है कि आखिर यह धमाका किस चीज का था. स्नस्रुको वायर (तार) नुमा चीज भी मौके से बरामद हुई है. इसके अलावा दिल्ली पुलिस को जांच के दौरान स्कूल की दीवार पर सफेद पाउडर भी मिला है। CRPF दिल्ली के रोहिणी में ब्लास्ट से राष्ट्रीय राजधानी में हड़कंप मच गया है. यह धमाका प्रशांत विहार के सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ है. धमाके के बाद वहां अफरा तफरी मच गई. धमाका इतना जोरदार था कि आसपास की दुकानों के कांच के शीशे टूट गए. धमाके के बाद तुरंत ही स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच, सीएफएसएल और बम डिस्पोजल स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया. स्निफर डॉग्स भी मौके पर पहुंचे। दिल्ली पुलिस यह पता लगा रही है कि आखिर यह धमाका किस चीज का था. पुलिस को स्कूल की दीवार पर कुछ डैमेज नजर आई. इसके अलावा हल्का सा कुछ जला हुआ नजर आ रहा है. सूत्रों के मुताबिक स्नस्रुको वायर (तार) नुमा चीज भी मौके से बरामद हुई है. इसके अलावा दिल्ली पुलिस को जांच के दौरान स्कूल की दीवार पर सफेद पाउडर भी मिला है।

**NIA से लेकर NSG तक जांच में जुटीं**

इलाके के लोगों का कहना है कि बहुत तेज धमाका हुआ था. उन्हें लगा कि कोई सिलेंडर ब्लास्ट हुआ होगा. जब लोग बाहर आए तो आसमान में धुएं का गुबार देखा और दुकानों के और गाड़ियों के शीशे टूटे हुए थे लेकिन किसी को समझ में नहीं आया कि धमाका किस चीज का था. गनीमत इस बात की रही कि धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ. दिल्ली पुलिस, NIA,NSG के साथ सभी बड़ी एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस मामले में तफ्तीश का जिम्मा कुछ दिनों के बाद ह्ह्व को भी सौंपा जा सकता है. NIA की टीम शुरुआती तफ्तीश करने और सबूतों से जुड़े इनपुट इकठ्ठा करने घटनास्थल पर पहुंची है।

**फोन कॉल्स खंगालने में जुटी पुलिस**

दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक त्योहारों पर दिल्ली में बड़ी आतंकी साजिश के खुफिया इनपुट मिले थे, जिसके बाद सभी जिले को अलर्ट भी किया गया था. अलर्ट के हिसाब से सभी जगह फोर्स लगाई गई थी. CRPF स्कूल के आसपास के कई किलोमीटर में मौजूद मोबाइल टॉवर पर कल रात से लेकर आज सुबह 9 बजे तक कितने फोन कॉल्स हुए, इसका डेटा खंगालने में टीमें जुट गई हF

**दिल्ली में 13 साल बाद कोई ब्लास्ट**

इसके अलावा पूरे इलाके का डंप डेटा लिया जाएगा, जिससे ये पता चलेगा कि आखिरकार कल से लेकर सुबह ब्लास्ट होने तक कितने फोन एक्टिव थे. उन ऐक्टिव फोन्स के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी. बताया जा रहा है कि दिल्ली में 13 साल बाद कोई ब्लास्ट हुआ है. 2011 के बाद दिल्ली में अभी तक कोई ब्लास्ट नहीं हुआ था. करीब दो साल पहले गाजीपुर फूल मंडी में आईईडी मिली थी. दिल्ली पुलिस के सूत्रों का ये भी कहना है कि किसी साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता. इस ब्लास्ट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट है. बड़े बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई गई।



**दुकानों और कारों के शीशे टूटे**

तेज धमाका होने के कारण आसपास की कई दुकानों, कार्यालयों व गाड़ियों के शीशे टूट गए। स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई और मौके से काफी देर तक दुर्गंध आ रही थी। धमाका होने के काफी देर बाद सुबह करीब 7.47 बजे पर पुलिस को कॉल मिली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा पहले क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल, फायर बिग्रेड, डॉग स्क्वॉयड, बम स्क्वॉयड, कैट एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची।

**केंद्रीय एजेंसियों ने केमिकल के लिए सैंपल**

धमाके में विस्फोटक का पता चलने पर तमाम केंद्रीय एजेंसियों एनडीआरएफ (NDRF), एनएसजी व एनआईए (NSG & NIA) के अलावा एफएसएल व सीएफएसएल की टीमें भी बुला ली गई। केंद्रीय एजेंसियों के एक्सपर्ट ने अपने-अपने स्तर पर प्रथम दृष्टया मौके से उठाए गए केमिकल व अन्य नमूने को पास स्थित खाली जगह पर ले जाकर जांच की।

**घटनास्थल पर पांच घंटे तक जांच करती रहीं सभी एजेंसियां**

घटनास्थल पर तमाम सुरक्षा एजेंसियों की टीम करीब पांच घंटे तक जांच करती रही। स्कूल की दीवार, फुटपाथ, पेड़ों व सड़क से लेकर दुकानों से नमूने उठाए गए। सफेद रंग के पाउडर और कुछ तारनुमा चीजें भी बरामद हुई हैं। डॉग स्क्वॉयड की टीम तीन घंटे तक मौके पर जांच करती रही।

# बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान का अलर्ट, इन राज्यों में होगी बारिश, IMD ने जारी की एडवाइजरी

**स्वतंत्र प्रभात**

भारतीय मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका जताई है. तूफान की वजह से आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे तटीय राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है. आईएमडी ने मछुआरों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि ओडिशा तट के समुद्र से रहें. बंगाल की खाड़ी में 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका जताई जा रही है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार 20 अक्टूबर को इसकी जानकारी देते हुए इसके लिए अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने सभी लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है. आईएमडी ने मछुआरों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि ओडिशा तट के समुद्र से रहें। सोशल मीडिया पर विभाग की तरफ से एक पोस्ट शेयर किया गया है जिसमें कहा गया है कि 19 अक्टूबर को मध्य अंडमान सागर पर बना ऊपरी हवा का चक्रवाती क्षेत्र 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 8ः30 बजे उत्तरी अंडमान सागर पर था. इसके असर से अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर पर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

**भारी बारिश होने की संभावना**

बताया जा रहा है कि चक्रवाती तूफान की वजह से आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे तटीय राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना है. आईएमडी ने बुलेटिन जारी करते हुए बताया है अगले 24 घंटों के दौरान अंडमान सागर के ऊपर बने एक चक्रवाती परिसंचरण के क्षेत्र के सोमवार तक कम दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की आशंका है.आईएमडी ने बताया कि निम्न दबाव क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर की सुबह तक दबाव में तब्दील होने और फिर 23 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी के पूर्वी-मध्य में चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है. बुलेटिन में कहा गया है कि 24 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान के ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों से दूर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम की ओर पहंचने की आशंका है।



**तेज रफ्तार से चलेंगी हवाएं**

तूफान के चलते ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में 23 से 25 अक्टूबर तक भारी बारिश होने की अशंका जताई जा रही है. जिसको देखते हुए मछुआरों को 21 अक्टूबर तक तट पर लौटने की सलाह दी गई है. आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र का कहना है कि तूफान के प्रभाव से 21 अक्टूबर की सुबह 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी. वहीं शाम को इसकी गति बढ़कर 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है. उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर से ओडिशा के तटीय इलाकों में बारिश होने की संभावना है, वहीं अगले दो दिन 24 और 25 को भारी बारिश होने की आशंका है।

**हवा की गति 100 से 120 च्च्द्द प्रति घंटे होने की आशंका**

मौसम विभाग के महानिदेशक ने बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह बंगाल की खाड़ी में हवा की गति 65-75 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी। महापात्रा ने कहा, जब चक्रवाती तूफान 24 अक्टूबर को ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों से दूर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में पहुंचेगा तो हवा की गति 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गन्ना समिति मैजापुर में सचिव पर लगे गंभीर आरोप, जाँच के आदेश




**गोण्डा।** गन्ना समिति मैजापुर, गोण्डा के सचिव के खिलाफ अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। सचिव रवीन्द्र पर आरोप है कि उन्होंने सट्टा बनवाने में अनियमितताएं की हैं। इस संबंध में ग्राम परसागोड़री के निवासी विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रार्थना-पत्र भेजकर जाँच और कार्यवाही की मांग की है। प्रार्थना-पत्र का संज्ञान लेते हुए देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने संयुक्त गन्ना आयुक्त देवीपाटन मंडल को पत्र भेजा है। पत्र में विक्रम सिंह के आरोपों की जाँच करने और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने 10 दिनों के भीतर जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है, ताकि इस मामले में उचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

### देवीपाटन मंडल में कौशल विकास केंद्रों में अवैध वसूली का आरोप, जांच के आदेश

**गोण्डा-** देवीपाटन मंडल के कौशल विकास केंद्रों और आईटीआई संस्थानों में बड़े पैमाने पर अवैध वसूली के आरोपों के बाद, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने जांच के आदेश जारी किए हैं। अधिवक्ता दिवाकर सिंह राजपूत द्वारा किए गए एक शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण/शिशिक्षु, देवीपाटन मंडल, राजेश राम ने लिपिक परविन्दर के माध्यम से पिछले 25 वर्षों से प्रति छात्र 1000 रुपये की अवैध वसूली की है।शिकायत में कहा गया है कि इस अवैध वसूली से अब तक लगभग 4 करोड़ रुपये का अनुचित लाभ अर्जित किया गया है। आयुक्त ने जिलाधिकारी गोण्डा को निर्देशित किया है कि इस मामले की जांच मुख्य राजस्व अधिकारी से करवाई जाए और जल्द से जल्द तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# सिर्फ कागजों में चल रहा दस्तक संचारी रोगों के नियंत्रण का रोकथाम अभियान

- **WHO और मलेरिया विभाग फर्जी आंकड़े प्रस्तुतकर वाहवाही लूटने में जुटे**
- **ग्रामीण क्षेत्रों में बजबजा रहीं नालियां,जगह जगह जलभराव की समस्या**
- **महानगर में फर्जी आंकड़ों में फागिंग एंटी लार्वा छिड़काव सहित नाले नालियों की सफाई व्यवस्था दर्शाई जा रही सौ प्रतिशत दुरुस्त**

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर/** जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दस्तक संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए उनका कड़ाई से पालन करने और संचारी रोग पर काबू करने के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं. संपूर्ण जनपद सहित महानगर में मलेरिया विभाग नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने और जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। संचारी रोगों पर नियंत्रण पाने हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान की सतत निगरानी के लिए WHO को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संचारी रोग अभियान के अंतर्गत महानगर के समस्त क्षेत्रों में अभियान चलाकर नाले एवं नालियों की तली झाड़ साफ सफाई प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर बेहतर साफ सफाई करने जल भराव सहित फॉगिंग एंटी लारवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंचायती राज विभाग मलेरिया विभाग द्वारा समस्त ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को तैनाती स्थल सहित सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर जल भराव की समस्या नाले नालियों की साफ सफाई जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ संपूर्ण ग्राम पंचायत को स्वच्छता से परिपूर्ण करने के साथ फागिंग एंटी लार्वा छिड़काव करने और ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

**फर्जी आंकड़े प्रस्तुत कर रहा मलेरिया एवं पंचायती राज विभाग , महानगर भी कर रहा सतत निगरानी**

**WHO में तैनात जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा फर्जी आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं।**

सूत्रों से प्राप्त अक्टूबर माह में जारी नोडल अधिकारियों की गई WHO की एक रिपोर्ट के अनुसार महानगर क्षेत्र में नाले नालियों की 100% साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त दर्शाई है गई है. महानगर में कहीं भी जलवाराव की कोई समस्या नहीं है प्रत्येक वार्ड में एंटी लारवा छिड़काव करवाया जा चुका है फागिंग का कार्य निरंतर जारी है. यानी रिपोर्ट के मुताबिक समस्त कार्य जो दस्तक संचारी रोग नियंत्रण के तहत अभियान चलाकर करवाए जाने हैं उन्हें 100% पूरा कर लिया गया है। जबकि हकीकत इससे बिल्कुल उलट है, महानगर के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं खाली पड़े प्लाटों अथवा मैदाने में जल भराव की समस्या बनी हुई है। साफ सफाई व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी हैं, नाले नालियों में गंदगी होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चोक हो चुके नाले और नालियों से पानी का बाहर नहीं हो पाने के कारण क्षेत्र में संचारी रोग फैलने की आशंका बनी हुई है।

**ग्रामीण क्षेत्र में भी नहीं दिख रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का असर**

कमोबेश यही हालत ग्रामीण क्षेत्रों में भी हैं जहां ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों के साथ गलियों में जल भराव की समस्या बनी हुई है साफ सफाई के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है तैनाती स्थल पर तैनात सफाई कर्मचारी कभी कभार सफाई करने पहुंचते हैं। जिले की अधिकतर ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी अपने उच्च अधिकारियों की हां हुजूरी में लगे रहते हैं। कई सफाई कर्मी तो अधिकारियों के बंगलो पर तैनात हैं और कुछ उनकी ड्राइविंग कर रहे हैं कब कई सफाई कर्मियों को कंप्यूटर ऑपरेटर बना दिया गया है जो विकास भवन और ब्लॉक सहित अन्य कार्यों में बैठकर बाबू गिरी कर रहे हैं। अब ऐसे में तैनाती स्थल पर सफाई कैसे होगी और उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे दस्तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान सफल कैसे होगा यह बड़ा प्रश्न है।



लेकिन उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ सहित जिले के ईमानदार और तेजतर्ड जिलाधिकारी को गुमराह करने के लिए मलेरिया विभाग एवं WHO सहित जिम्मेदार लोगों ने अक्टूबर माह की दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति रिपोर्ट फर्जी तैयार करके वाहीवाही लूटने और उच्च अधिकारियों को खुश करने का पूरा प्रबंध कर रखा है। इन्हीं फर्जी आंकड़ों की वजह से लगातार सरकार की किरकिरी हो रही है लेकिन जिम्मेदार हैं कि सुधारने का नाम नहीं ले रहे।

दस्तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित तीसरी फेज के आंकड़ों के संबंध में WHO कि जिला कोऑर्डिनेटर आकांक्षा यादव से फोन पर जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने कहा कि मैं इस संबंध में कुछ नहीं बोल सकतीं जब जिला मलेरिया ऑफिसर नोडल अधिकारी राजीव मोर्या से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने कहा कि रिपोर्ट WHO प्रेषित करता है मैं इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सकता।

# "पुल की रेलिंग नदारद" जान जोखिम में डाल रहे राहगीर

- **रक्षाबंधन के दिन हो चुका है हादसा युवक की चली गई थी जान**
- **नहर विभाग के अफसर हादसे से नहीं ले रहे हैं सबक,**
- **दो माह बीत जाने के बाद भी नहीं शुरू हुआ काम, अधिकारियों की उदासीनता का लगाया आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** पुल से रेलिंग गायब होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता होने से पुल की रेलिंग का निर्माण नहीं कराया जा सका है, जबकि पुल की रेलिंग ना होने की वजह से कई युवक की नहर में गिरने से मौत भी हो चुकी है। मामला विकासखंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत मंगल नगर में संचालित सरयू ड्रेनेज खंड प्रथम गोंडा के विसुही के नाला का है। पुल के दोनों ओर टूटी रेलिंग मौत को दावत दे रही हैं । रक्षाबंधन पर्व पर जनपद बहराइच के ग्राम पंचायत मल्होह निवासी विपुल मिश्रा की विसुही नदी में साइकिल से गिरकर डूबने मौत हो गई । घटना के बाद पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी भी ली थी , लेकिन धीरे-धीरे लोग घटना को भूल बैठे हैं। दो माह बीत जाने के बाद भी पुल पर रेलिंग नहीं लगाई जा सकी है।



जबकी पुल के रेलिंग निर्माण कराए जाने को लेकर भाजपा जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्य मलखान सिंह कोरी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर 1 वर्ष पहले मांग की थी । लापरवाहियों का आलम यह है कि अधिकारी ध्यान नही दे रहे है। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत भी की, रग्घू बाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दूबे ने बताया कि अभी तक पुल पर रेलिंग निर्माण को लेकर संबंधित विभाग के अफसर मौके पर जाकर झांकने तक नहीं गये है, जिससे क्षेत्र के आवागमन कर रहे राहगीरों में भय का माहौल बना हुआ है। ऐसे ही जनपद के कई ड्रेनेज खंड नालों पर टूटी हुई रेलिंग देखने को मिल रही है। जहां पर क्षेत्रीय लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने के लिए विवश हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर कार्यों को इति श्री कर रहे है। इस संबंध विभागीय अधिकारियों से सम्पर्क किया गया लेकिन पक्ष से जानकारी नहीं मिल सकी।

### दीवार के पड़ोस में गड्ढा खोदने से गिरी दीवार

**महिला ने लगाया विपक्षी पर गड्ढा खोदकर दीवार गिराने का आरोप**



**शाहाबाद/हरदोई** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया गांव निवासी महिला ने गांव के युवक पर घर के पड़ोस में गड्ढा खोदकर उसकी दीवार गिरा देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया गांव निवासी सुनीता देवी ने बताया गांव में उसने प्रधानमंत्री आवास के तहत अपना मकान बनवाया है। गांव के चमन प्रकाश ने 19 अक्तूबर की रात में उसके घर के पड़ोस में जबरदस्ती गड्ढा खोद दिया जिससे उसकी दीवार और शौचालय पलट गए।दीवार पलटने से उसकी भैंस भी घायल हो गई है।विपक्षी द्वारा जमीन के विवाद में पहले उसे धमकी दी गई थी कि विपक्षी उसका मकान गिरा देगा।उसने कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सोमवारअमृत सरोवर निर्माण कार्य में अनियमितता ,काम अधूरा भुगतान पूरा



- **अमृत सरोवर पर गेट व सीढ़ी निमार्ण कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है**

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बरगदवा में मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर निर्माण कार्य में जमकर खेल खेला गया है। निर्माण कार्य की पूरी रकम निकालने के बाद भी अमृत सरोवर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हैं। ग्राम पंचायत बरगदवा के जामुनियाहवा गांव में अमृत सरोवर निर्माण कार्य के नाम पर पूरी रकम निकालने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया है। आधा अधूरा कार्य कराकर सरकारी धन का गबन कर लिया गया है। बर्डपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बरगदवा के जामुनियाहवा में अमृत सरोवर निर्माण के नाम पर पूरी रकम 9 लाख58 हजार रुपये निकाल लिया गया है, मगर मौके पर अमृत सरोवर पर सीढ़ी व गेट का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है, काम अधूरा भुगतान पूरा । ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पूर्व जो सीढ़ी बनाई गई थी उसी सीढ़ी को कागजों में पुनः निमार्ण कार्य दिखा कर दुबारा भुगतान किया गया है । पुराने कार्य दिखाकर नया भुगतान यह तो महज बानगी है, ऐसे कई ग्राम पंचायत हैं जहां पुराने कार्यों को दिखाकर नए निर्माण कार्य के नाम पर पूरी धनराशि निकाल ली गई है। ग्रामीणों ने वित्तीय अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### धरंजय सिंह के जन्मदिन पर बावन सीएचसी पर फल वितरित किए-पुनीत सिंह



**हरदोई।** बावन के सीएचसी में गरीबों के मसीहा धनंजय सिंह के समर्थकों ने फल वितरित किए और धरंजय सिंह जी की लंबी आयु की कामना की विशाल सिंह गोलू ने कहा धरंजय सिंह मतलब उत्तर प्रदेश की शान और हम भैया की दीर्घआयु की कामना करते है सुमित पाल मंटू ने भी जन्मदिन की बधाई प्रेषित की पुनीत सिंह भोलू ने कहा कि आने वाले समय में मां धरंजय भैया का क़द और बढ़ेगा राजनीति में भैया के बराबर कोई नहीं है ग़रीबो के मसीहा के नाम से चर्चित है अगर सूचना भैया तक पहुँच जाती है पूरे प्रदेश में भैया गरीबों की मदद करते है सकाहा मंदिर पहुँच कर पूजा अर्चना की उसके बाद बावन सीएचसी पहुँच कर फल वितरित किये।

### पुराना रोडवेज बस स्टैण्ड बना नशेड़ियों का आरामगाह



**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र में पुराना रोडवेज बस स्टैंड पर नशेड़ियों का आतंक बरकरार है, आए दिन नशेड़ी आपस में लड़ते - झगड़ते हुये देखे जा सकते हैं, लेकिन पुलिय चौकी बस स्टैण्ड पर होतेहुये भी कोई भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आता है। खुलेआम कानून को धता बताकर नशेड़ी बस स्टैण्ड पर आतंक मचाते रहते हैं और पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देखत रहती है। रविवार की दोपहर गांधी पार्क बस स्टैंड पर दो नशेड़ियों में जमकर मारपीट हुई,जिस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। थाना गांधी पार्क पुराने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को शहर का आईना कहा जाता है। क्योंकि बाहर से आने जाने वाले लोगों के पहले बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को देखकर ही शहर की स्वच्छता और व्यवस्था का मूल्यांकन करते हैं। गांधी पार्क बस स्टैण्ड इन दोनों ही जगह की हालत बहुत खराब है। इस सबंध में थाना प्रभारी गांधी पार्क से जानकारी की गई तो उन्होंने इस घटना के बारे में अनिभिज्ञता जताई और कहा कि अगर कोई सूचना मिलेगी तो कार्यवाही की जाएगी। बस स्टैंड तो अपराधियों का अड्डा बना हुआ है। रात्रि के समय यहां के प्रतीक्षालय में सभ्य व्यक्तियों को जाने में डर लगता है, क्योंकि इस समय यहां आसामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। गांजा शराब आदि की पार्टियां चलती रहती हैं। उन्हें ना पुलिस का डर है और ना पुलिस प्रशासन को कोई फिक्र है।

### करवा चौथ की खरीददारी में जुटी महिलाएं, दुकानों पर उमड़ी भीड़



**अलीगढ़।** करवा चौथ के अवसर पर चूड़ी व श्रंगार की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इगलास विधायक राजकुमार सहयोगी ने अपनी दुकान पर ग्राहकों के लिए समान बेचने में मदद की। उन्होंने बताया कि करवा चौथ पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, और महिलाएं इस अवसर पर विशेष रूप से चूड़ियों और श्रंगार के समान की मांग करती हैं। विधायक राजकुमार सहयोगी ने कहा, "करवा चौथ का त्यौहार पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। महिलाएं इस अवसर पर अपने पति के लिए विशेष रूप से तैयार होती हैं और चूड़ियों और श्रंगार के समान की मांग करती हैं।"इस अवसर पर महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए विधायक राजकुमार सहयोगी ने अपनी दुकान पर ग्राहकों के लिए समान बेचने में मदद की, जिससे महिलाओं को आसानी से अपने पसंद का समान मिल सका।

### एडीएम वित ने खैर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा द्वारा शनिवार को 71-खैर विधानसभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत खैर तहसील में एसडीएम न्यायालय कक्ष में संपन्न कराई जा रही नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया आरम्भ हो गई है जोकि 25 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन के प्रथम दिन 18 अक्टूबर को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन नहीं किया।एडीएम ने निरीक्षण के दौरान सभी प्रकार के फार्म एवं प्रपत्र तैयार रखने, सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को निरंतर संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम महिमा को निर्देशित किया कि नामांकन के दौरान प्रत्याशी एवं प्रस्तावकों का निर्धारित संख्या में ही नामांकन कक्ष में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। नामांकन के दौरान दिए गए प्रपत्रों को ससमय पूरा करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की। इस दौरान उन्होंने नामांकन कक्ष के बाहर एवं तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# लाखों रुपये में तैयार पंचायत भवन में भरा भूसा

स्वतंत्र प्रभात







**माल, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासखंड माल कि ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये खर्च कर ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए गए पंचायत भवनों का कई स्थानों पर दुरुपयोग होता नजर आ रहा है।स्वतंत्र प्रभात की पड़ताल में बड़खोडवा गांव के पंचायत भवन में भूसा भरा नजर आया। आपको बता दें कि लाखों रुपए खर्च करके बड़खोडवा ग्राम पंचायत में बनाया गया पंचायत भवन विभागीय आधिकारियों की लापरवाही के कारण बदहाल पड़ा। इन भवनों का प्रयोग ग्रामीण भूसा रखने के लिए कर रहे हैं।विकास खण्ड माल के ग्राम पंचायत बड़खोड़वा में सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च करके पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था।इस भवन के बनाने का उद्देश्य गाँव में एक सुनिश्चित तरीके से सभा लगाकर गाँव की समस्याओं को हल करना था और ग्राम पंचायत में होने वाले सभी प्रकार की बैठक व कार्य योजना पंचायत भवन में कराना था, लेकिन संबंधित अधिकारियों की लापरवाही व अनदेखी के चलते धीरे-धीरे इसका अस्तित्व खत्म हो रहा है।

# पक्का गंगा घाट व, रामघाट मार्ग पक्का करो के बैनर तले किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** सांकरा को पर्यटन स्थल बनाओ मुहिम के तहत प्राचीन सांकरा गंगाघाट पर पक्का गंगाघाट सांकरा से रामघाट तक मार्ग के निर्माण राजा शंकर सिह के किले को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाये जाने को लेकर हाथो में वेनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन से पूर्व राजवीर सिंह यादव के लहरा सलेपुर स्थित आवास पर एक बैठक आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता धनसिंह कोहली ने की व संचालन के0सी0 यादव ने किया । इस अवसर पर सांकरा गंगाघाट पर्यटन विकास सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनय यादव ने बोलते कहा हमारी समिति सांकरा को पर्यटन स्थल बनाओ मुहिम के तहत सन 2012 से लगातार संघर्ष करती चली है बदायूँ बरेली सम्भल मुरादादवाद जनपदों को अलीगढ़ जनपद से जोड़ने वाला सांकरा मिठनपुर गंगापुल 100 करोड़ से भी अधिक लागत से बना है मार्गो के निर्माण न होने से गंगापुल का जनता को लाभ नही मिल पा रहा है अवशेष 15 मांगों में प्राचीन गंगाघाट पर पक्के गंगाघाट का निर्माण राजा शंकर सिह के किले पर्यटन स्थल का दर्जा रामघाट सांकरा मार्ग का निर्माण न0 भूड़ से डबल रोड का निर्माण कासगंज सांकरा मार्ग का डबल रोड निर्माण सांकरा गंगाघाट से मिठनपुर मार्ग का निर्माण सांकरा पर शासकीय डिग्री कालेज का निर्माण सांकरा पर शासकीय स्वास्थ्य हॉस्पिटल का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर पार्क का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर शासकीय गेस्ट हाउस का निर्माण सांकरा नवीन थाने का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर महिलाओं के वस्त्र बदलने के स्थान सांकरा गंगाघाट पर सबदाह ग्रहों का निर्माण सांकरा गंगाघाट को जोड़ने वाले अलीगढ़ सांकरा कासगंज सांकरा रामघाट सांकरा बदायू सांकरा सम्भल सांकरा मार्गो पर रोडवेज वसो का संचालन व रोडवेज वस स्टैंड का निर्माण आदि मांगे पूरी नही हो जाती हैं। तब तक हमारी समति अलीगढ़ बदायूँ सम्भल जनपद के प्रत्येक ग्राम में क्रमवद्ध तरीक़े आंदोलन चलती रहेगी।इस अवसर पर रमेश चन्द्र देवेंद्र यादव अजय यादव टीटू यादव बाबू जी कोहली टीटू ठाकुर छोटे लाल रिकू सिह टिंचु कोहली गोविंद कोहली बंटी कोहली रामवीर कोहली कल्लू श्रीवास्तव गोपीचन्द्र देशराज यादव भूरे सिह सोनू माहेश्वरी राधेस्याम श्री वास्तव ब्रजेश श्री बास्तव पप्पू रावल गोविंद माहेश्वरी सोनू सक्सेना श्रीपाल यादव ठा0 रवेंद्र सिह पंकज सुमित सतेंद्र आदि लोगो का सराहनीय सहयोग रहा।

# महंगाई की मार से दीपावली पर आमजन का पकवान होगा फीका

**● - पिछले 20 दिनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में पांच से 30 रुपये की वृद्धि**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** त्योहारी सीजन में पिछले 20 दिनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में पांच से 30 रुपये की वृद्धि हुई। महंगाई बढ़ने से ग्राहक पिछले साल की अपेक्षा कम मात्रा में सामान खरीद रहे हैं। दीपावली से पहले महंगाई ने आमजन का जीना दुश्वार को गया है और आटा, खाद्य तेल, खील-बतासे, चीनी, चना के साथ ही सब्जियों के रेट भी लोगों को परेशान कर रहे हैं। पिछले बीस दिनों के भीतर खाद्य पदार्थों पर ही पांच से 30 रुपये का इजाफा हो गया है। आलू को छोड़कर अधिकांश सब्जियों का दाम फुटकर में 80 से 100 रुपये के बीच में हैं। इन हालातों में आम आदमी के लिए रोशनी का यह पर्व काफी खर्चीला साबित होगा। पिछले करीब 20 दिनों से सब्जियों के भाव और बढ़ गए हैं। ज्यादातर सब्जियां 80 से 100 रुपये किलो के बीच में हैं। दीपावली के बाद सब्जियों के दामों में गिरावट की उम्मीद है।-देवेश यादव, सब्जी विक्रेता, धनीपुर मंडी।

त्योहारी सीजन में महंगाई के चलते घर का बजट बिगड़ गया है। घर चलाने के लिए अन्य खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। हर चीज महंगी होती जा रही है। दीपावली पर पूजा में इस्तेमाल किए जाने वाले खील-बतासे के रेट इस बार करीब 10-15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। दुकानदारों के मुताबिक पिछले साल बतासे की कीमत 65 रुपये किलो थी। इस बार 75 रुपये किलो है। खील भी 85-90 रुपये प्रति किलो है, जो पिछली दीपावली पर 75 रुपये किलो थी। लोगों का कहना है कि दाम बढ़ने से थाली से दाल की कटोरी गायब होती जा रही है। आटा बढ़कर 35 से 40 रुपये किलो हो गया है। आम लोगों के लिए अपनी थाली में दोनों समय भोजन का जुगाड़ करना भारी पड़ रहा है। कमाई का बड़ा हिस्सा पेट भरने में चला जा रहा है और कोई बचत नहीं कर पा रहे हैं। इस बार महंगाई की मार ऐसी पड़ी है कि मन-मुताबिक पकवान बनाने के मंसूबे पर पानी फिरता नजर आ रहा है। मैदा-सूजी, मेवा, तेल, देसी घी व रिफाइंड से लेकर पकवान बनाने के काम आने वाली हर चीज की कीमत आसमान छू रही है। इस बार दीपावली पर पकवान का स्वाद फीका ही रहेगा।

# 29 दिन में फैसला, दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** एडीजे विशेष पॉक्सो एक्ट सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत ने नावालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए बीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला ट्रायल शुरू होने के महज 29 दिनों में आया है, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज मुकदमे में प्रदेश में पहला और देश में दूसरा बताया जा रहा है।यह घटना इसी साल 19 जुलाई को अतरौली क्षेत्र में हुई थी। ट्रायल 21 सितंबर को शुरू हुआ था। पड़ोसी युवक घर में बैठी बच्ची को टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया था। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मुकदमा अतरौली थाने में दर्ज हुआ था। जिसमें कहा गया था कि 11 साल की बच्ची जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, घर में चारपाई पर बैठी थी। तभी आरोपी भरत भूषण उर्फ सोनू घर में आया और बच्ची को टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने घर ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। एक युवक ने उसे देख लिया और उसकी मोबाइल फोन से वीडियो भी बना ली थी। युवक आरोपी को पकड़ने के लिए दौड़ा, मगर वह भाग गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी भरत भूषण को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पुलिस ने सभी साक्ष्यों का संकलन कर चार्जशीट अदालत में पेश की। न्यायालय में ट्रायल शुरू हुआ। सत्र परीक्षण के दौरान साक्ष्यों व गवाही के आधार पर उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाई गई है। अभियोजन अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक महेश सिंह के अनुसार महज 29 दिनों में यह फैसला आया है। मुकदमे में सबसे मजबूत साक्ष्य चश्मदीद द्वारा बनाया गया वीडियो माना गया है। जिसके आधार पर अदालत ने अधिकतम सजा सुनाई है।

# माखी न्याय पंचायत में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**मियागंज (उन्नाव)।** मियांगज केउच्च प्राथमिक विद्यालय माखी के प्रांगण मे न्याय पंचायत स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का प्रारंभ जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र एवं जिलाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपक प्रज्वलन करके किया गया। न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के छात्र, छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया विजयी छात्र, छात्राओं को मेडल एवं पेन इत्यादि देकर पुरस्कृत किया गया। नोडल संकुल आशीष सिंह द्वारा समस्त आगंतुक शिक्षकों को धन्यवाद देकर प्रतियोगिता का समापन किया गया।

# राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** कछौना कस्बे में कई वर्षो से चल रहे रामलीला महोत्सव कार्यक्रम का प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन पर सभी शहरवासी उनके आगमन पर उमड़ पड़ने का सजीव मंचन देखकर दर्शकों में उत्साह का संचार हो गया। लोगों ने प्रभु श्री राम की स्तुति की। नगर को दीपों से सजाया गया। प्रभु श्री राम के आगमन पर वन तपस्वी जीवन बिता रहे भक्त काफी भावुक हो गए। राम जी का राज्याभिषेक गुरु विश्वामित्र ने किया। इसी याद में प्रति वर्ष दीपावली का पर्व भगवान श्री राम के 14 वर्षो के वनवास से पुनः अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। दीपावली का पर्व संपूर्ण भारत की आस्था का पर्व है।

कलाकारों ने सजीव चित्रण किया, सभी दर्शकगण मन्त्रमुग्ध हो गए। एकता कमेटी द्वारा रामलीला महोत्सव के समापन अवसर पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रामलीला महोत्सव कार्यक्रम की प्रस्तुति लोगों के दिलों में रहेगी। रामलीला महोत्सव से राम जी का जीवन से काफी चीजें सीखने को मिलती हैं, उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। रामलीला मंचन के व्यास जी महाराज श्री गोपाल उपाध्याय ने बताया जीवन के प्रारंभ से अंत तक श्री राम नाम के साथ जीवन पूर्ण होता है। राम एक आदर्श पुत्र, भाई, शिष्य, पति, शासक, तपस्वी, इंसान सभी भूमिकाओं में आदर्श की पराकाष्ठा श्री राम में देखने को मिलती है। वह आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर एकता कमेटी के अध्यक्ष राहुल सिंह व उनकी टीम, वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रम्ह कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, शिवनारायण सिंह सेवक, सत्य प्रकाश मिश्रा उर्फ पप्पू, ओ0पी0 राठौर, प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह नीशू, जितेंद्र सिंह, दीपू सिंह, लाल बहादुर सिंह, पूर्व सभासद धर्मेंद्र सिंह, मयंक सिंह, आयुष सिंह, संगम मिश्रा, डिंपल गुप्ता, मनीष गुप्ता, डेविड, गोपाल जी गुप्ता सहित प्रबुद्धजन पुरुष महिलाओं बच्चों ने रामलीला महोत्सव का आनंद उठाया।

# कछुआ तालाब का बीडीओ ने निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**बिलग्राम/ हरदोई** बिलग्राम ब्लॉक के ककराखेड़ा गांव के पर्यटन स्थल घोषित कछुआ तालाब के सौंदर्यीकरण की उम्मीदों को रविवार को फिर बल मिला है।बीते दिनों जिलाधिकारी हरदोई के निर्देश पर ब्लॉक के जिम्मेदार बीडीओ सौरभ कुमार पांडप्रभातबल के साथ स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां पर उन्होंने कछुआ तालाब की जानलेवा जलकुंभी के जाल में फंसे जिंदगी की भीख के लिए चीखते कछुओं की आवाज़ सुनी व उनकी दुर्गति देखने के बाद ग्राम प्रधान को तत्काल तालाब के मुख्य गेट पर सफाई कराने के निर्देश दिये।जिन्होंने बताया कि तालाब किनारे व सामने ग्राम समाज़ की भूमि खाली कराने व सफाई अभियान चलाया जाएगा। गांव के घरों से निकलने वाले गन्दा पानी जो कई नालों से कछुआ तालाब में गिरता है उसके लिए जगह जगह चैंबर बनाकर स्वच्छ पानी तालाब में पहुंचाने के साथ तालाब की माप राजस्व विभाग द्वारा करवाकर उसके चारों ओर पथ निर्माण कार्य करने के साथ आसपास के हर स्तर के अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई करने की बात कही।मुख्य गेट पर तत्कालीन जिलाधिकारी हरदोई पुलकित खरे द्वारा किए गए लोकार्पण शिलापट्ट गायब मिलने पर ग्राम प्रधान द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। मौके पर ग्राम प्रधान सुरेश यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत छोटी है बजट का अभाव है डीएम हरदोई को एक माह पूर्व उन्होंने इसी तालाब का सौंदर्यीकरण कराने के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया था। उम्मीद जगी है जिला व ब्लॉक प्रशासन के सहयोग करने पर तालाब विकसित हो सकता है। कछुआ तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख कप्तान सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने बच्चों की तरह पाला पोसा है जिनके संरक्षण हेतु उन्होंने अपनी व परिवार के सदस्यों ने मिलकर भूमि दान इसी तालाब में दी है।उन्होंने बताया कि सपा सरकार में उन्होंने बड़ा फंड लाकर ब्लॉक प्रशासन को दिया था जिसके बाद विकास कार्य हुआ था लेकिन अब पूरी तरह स्थिति बेहद चिंतनीय है। अगर तालाब का सौंदर्यीकरण होता है तो उन्हें बेहद खुशी मिलेगी वह हर स्तर पर सहयोग करेंगे। भाकियू टिकैत के मण्डल उपाध्यक्ष राजबहादुर सिंह यादव ने बताया कि उनकी व संगठन की इच्छा है कि इस बार यह कछुआ तालाब का सौंदर्यीकरण अवश्य हो क्योंकि डीएम ने कमेटी गठित की है उनके निर्देश पर यदि सम्बंधित विभाग लापरवाही बरतने की कोशिश करते हुए मिले तो उनका संगठन इसी जगह पर बड़ा आंदोलन करने से नहीं हिचकेगा।

# स्वश सुरेश पाठक एवं स्वश सुभाष चंद्र पाठक की पुण्य स्मृति में हुआ ऐतिहासिक तपसीबाबा दंगल मेला

स्वतंत्र प्रभात



**मल्लावां/हरदोई** स्वर्गीय डॉक्टर सुरेश पाठक एवं स्वर्गीय सुभाष चंद्र पाठक की पुण्य स्मृति में तपसी बाबा सदहा तालाब मल्लावां में ऐतिहासिक भव्य दंगल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक द्वारा तपसी बाबा मन्दिर में पूजन अर्चन से किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में अध्यक्ष अवध प्रान्त कमलेश मिश्रा, हरदोई लोकसभा के सांसद जयप्रकाश रावत, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार भारतीय जनता पार्टी के हरदोई जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, उन्नाव भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक कौशल किशोर,जिला सहकारी समिति अध्यक्ष अशोक सिंह, अवधेश कटियार आदि तमाम वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भाग लिया। इस भव्य करवा चौथ दंगल में सुरेन्द्र उन्नाव, विपिन मथुरा,गोलू मल्लावां, सार्थक लखनऊ, जग्गा पंजाब, परवेज उत्तराखंड, गनी जम्बू,मोन्टी दिल्ली , विक्की पंजाब, लक्की थापा नेपाल, विनोद कन्नौज,रवि बांदा, बाबा लाडी हिमाचल प्रदेश, सोनू हरियाणा, महावीर कन्नौज, श्याम सिंह बांदा, श्रुति व नम्रता दिल्ली आदि जाने-माने पहलवानों ने इनामी कुश्ती में भाग लिया जहां सुरेन्द्र उन्नाव ने विपिन मथुरा को हराया, सार्थक लखनऊ ने गोलू मल्लावां को परास्त किया, जग्गा पंजाब ने परवेज उत्तराखंड को हराकर जीत दर्ज की , लक्की थापा नेपाल ने विक्की पंजाब को हराया। विनोद कन्नौज ने रवि बांदा को हराया। बाबा लाडी हिमाचल प्रदेश ने सोनू हरियाणा को हराकर जीत दर्ज की। महावीर कन्नौज ने श्याम सिंह बांदा को हराया नम्रता ने श्रुति को हराया तथा गनी जम्बू व मोन्टी दिल्ली के मध्य कुश्ती बराबरी पर घोषित हुई।कार्यक्रम के संयोजक उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बड़े भाई वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने अतिथि हरदोई सांसद जयप्रकाश, भारतीय जनता पार्टी हरदोई जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं को जयश्रीराम पटुका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गौरव पाठक, मनोज अग्निहोत्री उर्फ पुतानी, सम्पूर्णानंद सिंह पूनमबांसा खालिद खां, कृष्ण कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि दंगल मेला आयोजन होने से समाज में एकता ,अखंडता, आपसी सौहार्द व भाईचारे की भावना के साथ साथ प्रतिभाओं का समुचित विकास होता है। इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, अवधेश कटियार,जिला सहकारी समिति अध्यक्ष अशोक सिंह, विधायक श्रीकांत कटियार, विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने स्वश सुरेश पाठक एवं स्वश्सुभाष पाठक की यादगार को तरोताजा करते हुए दंगल मेले के ऐतिहासिक आयोजन पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक की प्रशंसा करते हुए भव्य ऐतिहासिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर मनोज अग्निहोत्री, मुरारी मिश्रा, विकास पाठक प्रकाश चन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र पाठक, रामनरेश आर्य,संजय अवस्थी, अभिनव मिश्रा , चन्दगीराम मिश्रा,अनुराग मिश्रा मिनी , विपिन सोनी आदि मौजूद रहे।स्वश्सुरेश पाठक एवं सुभाष चन्द्र पाठक की पुण्य स्मृति में आयोजित दंगल मेला में पहलवानों की कुश्ती का प्रदर्शन बहुत ही बेहतरीन ऐतिहासिक रहा। इस भव्य दंगल में आसपास दर्जनों गांवों के अलावा काफी दूर दूर से हजारों आगंतुक दर्शकों ने तपसी बाबा करवा चौथ दंगल मेले का आनन्द लिया। अन्त में भाजपा युवा नेता गौरव पाठक ने पहलवानों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

# हरदोई के निजी अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** शहर में सर्कुलर रोड पर रफी अहमद चौराहा स्थित निजी अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत हो गई। लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने शनिवार की देर रात में जमकर हंगामा काटा। घटना की सूचना पाकर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा गया है। सुरसा थाना क्षेत्र के जगतपुरवा निवासी सुधीर वाजपेई की पत्नी रामनंदनी को शनिवार की शाम को प्रसव पीड़ा हुई। सुधीर वाजपेई ने बताया कि उन्हें एक आशा बहू ने शहर के सर्कुलर रोड निकट रफी अहमद चौराहा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर ऑपरेशन के नाम पर 32 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद जांच करवाई। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि उसे दो यूनिट ब्लड की जरूरत है। जिसके लिए 12000 रुपये जमा करा लिए। आरोप है कि प्रसव के दौरान जच्चा ओर बच्चा दोनों की मौत हो गई। सुधीर बाजपेई का आरोप है कि इलाज में लापरवाही की गई। अगर पहले ही बता देते तो फिर वह किसी दूसरे स्थान में भी अपना इलाज करा सकते थे। यह कहकर परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा। घटना की सूचना पाकर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। शहर कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थी। जहां अस्पताल में जच्चा व बच्चा मृत मिले थे। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ होगी।

# हड्डियों के रोग ऑस्टियोपोरोसिस को करें बेअसर

**● - चिकित्सकों ने कहा कि अपनायें आदर्श जीवन-शैली**

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई** स्वस्थ हड्डियाँ हमारी सेहत का मूल आधार हैं। 'विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस' प्रति वर्ष 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को हड्डियों की सेहत के प्रति जागरुक करना है। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में रविवार को विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस"पर नाजुक हड्डियों को न कहें"विषय पर बोलते हुए सीनियर नेचरोपैथ डॉ0 राजेश मिश्र ने कहा कि हड्डियों के इस रोग से बचाव के तरीके अपनायें। कहा हमारी हड्डियों का स्वास्थ्य अनमोल है। सभी उम्र के लोगों को हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए कैल्शियम प्रधान भोजन, नियमित व्यायाम और कुछ देर तक धूप सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूध, तिल आदि कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं लेकिन विटामिन डी के अभाव में शरीर कैल्शियम को अवशोषित नहीं कर पाता; इसलिए जाड़े के दिनों में नित्य धूप में तिल के तेल से मालिश करके ताजे या गुनगुने पानी से स्नान करना चाहिए। कहा यह रोग पचास की आयु के बाद किसी को भी हो सकता है लेकिन महिलाओं को अधिक होता है। उन्होंने कहा कि आदर्श वज़न रखेंगे तो ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए चीनी और चीनी से बनी चीजों से बचें। सीनियर होम्योपैथ डॉ0 सरल कुमार ने कहा कि मेनोपॉज के बाद हार्मोन की गड़बड़ी से महिलाएं हड्डियों के इस रोग से अधिक कष्ट पाती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं बच्चों के निर्माण में लगी रहती हैं और अपने खान-पान पर ध्यान कम देती हैं जो आगे चलकर उनके लिए दुखदाई होता है। उन्होंने कहा कैल्शियम और विटामिन डी के लिए धूप सेंकने के साथ-साथ दूध और हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने गुग्गुल युक्त औषधियों से हवन करने पर जोर दिया।डॉ श्रुति दिलीरे, डॉ अभिषेक पाण्डेय, शिवकुमार, दीपाली व अन्य उपस्थित रहे।

# दस दिवसीय मेले मे रविवार को बहुजन समाज पार्टी के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात



**मसौली बाराबंकी।** जो रब है वही राम है का संदेश देने वाले विश्वप्रसिद्ध सूफ़ी संत सैय्यद हाजी वारिस अली शाह देवा शरीफ मे चल रहे दस दिवसीय मेले मे रविवार को बहुजन समाज पार्टी के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन पूर्व राज्य मंत्री एव जिला प्रभारी विजय कुमार ने फीटा काटकर किया। कैम्प कार्यालय के उद्घाटन पश्चात उपस्थित पदाधिकारियो एव कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री एव जिला प्रभारी विजय कुमार ने कहा कि सूफी संतों की दरगाह से इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम मिलता है। जिनके आस्तानो पर पहुँचने से मन को शांति एव दिल को सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि सूफी सन्तो के सन्देश समाज के सभी लोगो के लिए आदर्श है जिन्होंने हमेशा कौमी एकता की बात की है जिसका ही नतीजा है कि सूफी संतों की मजारो पर सभी धर्मो के लोग अक़ीदत से शीश झुकाते इस मौक़े पर पूर्व प्रमुख राजेंद्र प्रसाद गौतम जिला प्रभारी बराती लाल पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम गौतम प्रमोद गौतम आसिफ खान जिला अरविंद यादव तुलसी प्रसाद , विद्या प्रसाद , संतराम एडवोकेट, रमेश भारती एडवोकेट, सुरेश रावत, अजय कुमार, नागेश्वर प्रसाद, श्रवण वर्मा, मनीष रावत, वीर बहादुर, अजय सोनकर, महावीर प्रसाद, सहित तमाम सम्मानित पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी को सम्मानित करते हुए श्री राम दरबार अखाड़ा समिति के पदाधिकारी।

### विशिष्टजनों का मनाया गया जन्मदिन।




**सोनभद्र-** धर्म, संस्कृति, साहित्य, कला के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्यरत श्री राम दरबार अखाड़ा समिति सोनभद्र नगर के कार्यालय में 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार देर शाम को आयोजित बैठक में इतिहासकार/विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के संस्थापक निदेशक दीपक कुमार केसरवानी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर रमेश सिंह पटेल, जिला मंत्री रजनीश जी,नगर पालिका परिषद सोनभद्र नगर के पूर्व सभासद नातिक अशरफ को अखाड़ा समिति के पदाधिकारी ने तिलक लगाकर अंगवस्त्रम ओढ़ाकर, मिष्ठान खिलाकर जन्मदिन की बधाई दिया। इस अवसर पर अखाड़ा समिति के पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, रविंद्र केसरी,धर्मवीर तिवारी, प्रमोद गुप्ता, अवधेश गुप्ता, आनंद मिश्रा, आशीष अग्रवाल, माला चौबे आदि पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाए दिया।

### बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक चन्दशेखर यादव थाना बाजारशुक्ल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर उप्र विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त प्रहलाद पुत्र दयाराम निवासी ग्राम रतौलीमठ थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र 48 वर्ष, श्रीमती पत्नी प्रहलाद निवासी ग्राम रतौलीमठ थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र 45 वर्ष, सुचिकला पत्नी लालचन्द्र निवासी ग्राम पूरे जगई पाण्डेय मजरे ऊँचगाँव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### लोधी समाज के दो दर्जन लोगों ने ली सपा की सदस्यता, सपा ही सर्व समाज की हितैषी-श्याम सुंदर भारती



**महराजगंज/रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता का सम्मान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सपा प्रमुख करते रहे हैं और करते रहेंगे। किसानों की सच्ची हितैषी व नौजवानों के सम्मान की लड़ाई लड़ने में हमेशा समाजवादी पार्टी की विचारधारा व समाजवादी पार्टी को एक सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर समाजवादी पार्टी को बछरावां विधानसभा में बूथ स्तर पर मजबूत करने का काम किया जा रहा है। जिसके चलते आज दो दर्जन से अधिक लोगों ने समाजवादी पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। विधायक श्याम सुंदर भारती सदस्यता अभियान के दौरान उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे। आपको बता दे कि, तहसील क्षेत्र के पूरे अंबर मजरे बसंतपुर सकतपुर गांव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक लोधी समाज की बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें लोधी समाज के दो दर्जन से अधिक लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता सपा विधायक श्याम सुंदर की मौजूदगी में ग्रहण की इस मौके पर अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू, फिरोज अहमद, शिवम यादव, बाबू यादव, राममिलन गौतम, राजकुमार, विनोद लोधी, मातादीन पासी, सुनील लोधी, राम प्रकाश, मनोज लोधी, नरेश लोधी, रामबरन, संदीप कश्यप, सियाराम लोधी, संतराम लोधी, राम उजागर लोधी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कमरौली पुलिस द्वारा मुठभेड़ में 02 शातिर गोतस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कमरौली अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराही के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के क्षेत्र में भ्रमणशील थे। भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गोकशी करने वाले कुछ लोग नोती दुबे का पुरवा मजरे कठौरा में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज के पीछे खण्डहर के पास छुट्टा जानवरों को पकड़कर गोकशी करने की नीयत से इकट्ठा हुए हैं। इस सूचना पर थाना कमरौली पुलिस द्वारा 02 टीमें बनाकर मौके पर पहुंच कर घेरा बंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया गया तभी बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिसमें एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा तथा दूसरा बदमाश मौके से भागने का प्रयास किया जिसको पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर पकड़ लिया गया। घायल बदमाश के पास पहुंच कर देखा गया तो बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है । घायल बदमाश से नाम पता पूछने पर अपना नाम अरशद उर्फ सोनू पुत्र मुकर्रम अली उर्फ ढोढ़े निवासी किला (इस्लामगंज) मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी व दूसरे ने अपना नाम हसीब उर्फ लादेन पुत्र नसीम उर्फ करीम निवासी दक्खिनगांव मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी बताया। दोनों अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लिया गया। मौके से 01 अदद तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, गोकशी करने के विभिन्न उपकरण 01 अदद लकड़ी का ठीहा,01 अदद चापड़, तराजू-बांट, 01 पैकेट



पॉलीथीन, रस्सी आदि व 01 अदद पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुयी। तत्पश्चात घायल अभियुक्त अरशद उर्फ सोनू को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ सीएचसी जगदीशपुर भेजा गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमलोग आज यहां छुट्टा गोवंशी पशुओं को पकड़ कर गोकशी करने के लिए आये थे।

## एक चांद ने दूसरे चांद का किया दीदार

● चलनी में चांद देख सुहागिनियों ने अपने चांद का किया दीदार

हर्षोल्लास एवं विधि विधान पूर्वक मनाया गया करवा चौथ का व्रत।

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** अखंड सुहाग का प्रतीक सुहागिन स्त्रियों का प्रमुख त्योहार करवा चौथ क्षेत्र में विधि विधान पूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया, चांद का दीदार किया फिर चलनी से अपने चांद को देखकर सुहागिनों ने पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा। बताते चलें सुहागिन स्त्रियों में इस व्रत का विशेष महत्व है पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है जहां महिलाओं को विशेष सम्मान प्राप्त है, महिला प्रधान देश होने के चलते भारत की सनातन संस्कृति और सभ्यता के अनुसार स्त्रियों को देवी, सरस्वती और लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जहां स्त्रियों को इतना सम्मान दिया गया है करवा चौथ महिलाओं का एक प्रमुख त्योहार है जो कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी कर्क चतुर्थी को मनाया जाता है। इस पर्व पर सुहागिन स्त्रियाँ पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं सौभाग्य की प्राप्ति के लिए निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं और शाम को चंद्रमा दर्शन के उपरांत भोजन करती हैं। पौराणिक काल से यह मान्यता चली आ रही है कि पतिव्रता सती सावित्री के पति सत्यवान को लेने जब यमराज धरती पर आए तो सत्यवान की पत्नी ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस मांगने की प्रार्थना की। उसने यमराज से कहा कि वह उसके सुहाग को वापस लौटा दें। मगर यमराज ने उसकी बात नहीं मानी। इस पर सावित्री अन्न जल त्यागकर अपने पति के मृत शरीर



के पास बैठकर विलाप करने लगी। काफी समय तक सावित्री के हठ को देखकर यमराज को उस पर दया आ गई। यमराज ने उससे वर मांगने को कहा।इस पर सावित्री ने कई बच्चों की मां बनने का वर मांग लिया। सावित्री पतिव्रता नारी था और अपने पति के अलावा किसी के बारे में सोच भी नहीं सकती थी तो यमराज को भी उसके आगे झुकना पड़ा और सत्यवान को जीवित कर दिया। तभी से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महिलाएं सावित्री का अनुसरण करते हुए निर्जला व्रत करती हैं।

## पूर्व जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों ने लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

● वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, पंडित राम उंजेरे शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** पूर्व जिला अध्यक्ष तथा एडवोकेट उमाशंकर पांडे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह तथा भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने मंडल शुक्ल बाजार के विभिन्न बूथों पर पहुंच कर डोर टू डोर संपर्क करते हुए लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे ने कहा देश ही नहीं अपितु दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर योगी और मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करें, वहीं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि मंडल शुकुल बाजार के विभिन्न गांवों में प्रतिदिन जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का काम किया जा रहा है, सदस्यता अभियान 2024 के तहत भारी संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताकर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का काम कर रहे हैं। वहीं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान 2024 को लेकर लोगों के अंदर भारी उत्सुकता दिखाई दे रही है लोग स्वत भाजपा से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में राम



राज्य स्थापित हो रहा है देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है और इसी के चलते लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं ।बताते चले अमेठी में भाजपा नेता सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, किसान मोर्चा विधानसभा प्रभारी अरुण शुक्ला, मंडल महामंत्री दिनेश कौशल, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्र सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पत्नी को गायब करने की आशंका में साढ़ू ने युवक का धारदार हथियार से रेता गला

● साले ने आरोपी युवक को पकड़ने की कोशिश की परन्तु युवक मौके से हुआ फरार

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के कानपुर रोड पर निहस्था गांव के निकट पत्नी को गायब करने की आशंका में एक व्यक्ति ने अपने ही साढ़ू का गला धारदार हथियार से रेत दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उन्नाव के बिहार थाना क्षेत्र के राधागंज निवासी अनिल ने बताया कि अटौरा निवासी उसके साढ़ू सुनील कुमार की पत्नी 10-12 दिनों से गायब है। आरोपी साढ़ू उस पर उसकी पत्नी को गायब करने का आरोप लगाते हुए खोजबीन कराने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी साली को ढूंढने के लिए अपनी बाइक पर साढ़ू व साले को पीछे बैठाकर अपनी बहन के घर चिखड़ी जगतपुर रामगढ़ी आ रहा था। तभी निहस्था के निकट अचानक पीछे बैठे उसके साढ़ू ने किसी धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। जिससे वह तेज दर्द से कराह उठा और बाइक हाथ से छूट गई। बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए। उसके



साले ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह घटना के बाद मौके से फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदत से उसे फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दुग्ध वाहन चालक की मौत, लथपथ अवस्था में छोड़कर भागे युवक

● लथपथ अवस्था में अस्पताल में छोड़कर भागे बोलेरो सवार युवक

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** संदिग्ध परिस्थितियों में दुग्ध वाहन चालक की मौत लथपथ अवस्था में सरकारी अस्पताल में छोड़कर भागे बोलेरो सवार युवक मामला कस्बे के पूरे देवी मोहल्ला स्थित डेयरी परिसर में रविवार को डेयरी टैंकर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अलीगढ़ जनपद के हीरापुर गोपी निवासी मनोज सिंह (45) पुत्र नेत्रपाल सिंह आनंदा दूध डेयरी में टैंकर चालक था। वह फतेहपुर के जहानाबाद से प्रतिदिन टैंकर में दूध लादकर कोतवाली के सामने स्थित डेयरी में लाने का काम करता था। रविवार की सुबह करीब 10ः30 बजे कार सवार दो युवकों ने उसे लथपथ अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कार सवार युवक मृतक को अस्पताल छोड़कर मौके से फरार हो गए। डॉक्टर ने मेमो के जरिए घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल शुरू कर दी है। इमरजेंसी में तैनात डॉ. कुमार विमल के मुताबिक मृतक के चेहरे



पर गंभीर चोट के निशान थे। मुंह और नाक पर रिसा खून जम नहीं चुका था। भर्ती कराने वाले व्यक्ति ने बताया कि मृतक को गिरने से गंभीर चोट आई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना के संबंध में डेरी के प्रबंधक से संपर्क किया जा रहा है। जरूरी साक्ष्य संगलन के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## करवा चौथ का निर्जला व्रत रखकर सुहागिनों ने की पति की दीर्घ आयु की कामना

**शिवगढ़,रायबरेली।** हर साल की तरह शिवगढ़, बैतीं, देहली, भवानीगढ़, असहन जगतपुर, गुमावां, ओसाह, शिवली सहित समूचे क्षेत्र में सुहागनों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लम्बी उम्र के लिए निर्जला करवा चौथ का व्रत रखा। रात में चन्द्र उदय होने पर सुहागिनों ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर पति की लम्बी आयु की कामना करते हुए पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत पूरा किया। करवा चौथ के पावन अवसर पर सुहागन स्त्रियों ने जीवनसाथी की लम्बी आयु और सुखमय जीवन की कामना की। रात्रि में चंद्र दर्शन के बाद सुहागिनों ने अपने पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत पूरा किया। शिवगढ़ कस्बा स्थित परशुराम भवन में उर्मिला देवी ने पति अंजनी दीक्षित, समाजसेविका सविता दीक्षित ने पति राज दीक्षित के हाथों जल ग्रहण कर व्रत पूरा किया। जिनका कहना है सुहागिनों को करवा चौथ का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन स्नानादि के बाद चौथ माता की पूजा कर करवा चौथ के व्रत का संकल्प लिया जाता है?। वहीं लक्ष्मनपुर मजरे असहन जगतपुर की रहने वाली रचना रावत ने बताया कि अखण्ड सौभाग्य के लिए करवा चौथ का निर्जला निर्जला व्रत रखा जाता है। पूजा के लिए सुहागिनें 16 श्रृंगार करती हैं।, फिर पूजा के मुहूर्त में चौथ माता मां गौरी और गणेश जी की विधि विधान से पूजा की जाती हैं। पूजा के समय गंगाजल, नैवेद्य, धूप-दीप, अक्षत्, रोली, फूल, पंचामृत आदि अर्पित करते हैं जिन्हे बड़ी सिद्दत के साथ श्रद्धाभाव से भोग लगाते हैं। रात में चंद्रमा के उदय होने पर अर्घ्य देते हैं, फिर छलनी के अन्दर एक दीपक रखकर उससे पहले चंद्रमा और फिर पति का चेहरा देखने की परंपरा होती है। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण करके व्रत का पारण किया जाता है। वहीं करवा चौथ के मौके पतियों ने अपनी धर्म पत्नियों को उपहार देकर जन्मों जनम तक साथ निभाने एवं उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

## आपसी मतभेद का शिकार बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश- राकेश शरण मिश्र

● (संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ताओं के भविष्य को लेकर व्यक्त की चिंता)

(बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष को लिखा पत्र)

(आपसी मतभेद और टकराव से अधिवक्ताओं हितों की लड़ाई होगी कमजोर)

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में चल रहे मतभेद पर चिंता व्यक्त करते हुए बयान जारी किया है कि बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्यो के बीच आपसी मतभेद से प्रदेश के लाखो अधिवक्ताओ का भविष्य अधर में लटक गया है जो बहुत ही दुःखद है। उन्होंने बताया कि इस मतभेद का कारण मेरठ में संपन्न हुआ अधिवक्ता सम्मेलन है। श्री मिश्र ने कहा कि विगत दिनों 18 अक्टूबर को मेरठ बार एसोसिएशन के तत्वावधान में मेरठ में प्रदेश भर के अधिवक्ताओं संघों के अध्यक्ष एवं मंत्री की बैठक के बाद अधिवक्ता हितों के लिए 21 अथवा 22 अक्टूबर को न्यायालयी कार्यों से विरत रहकर अधिवक्ता हितों से संबंधित माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी का मानव श्रृंखला बनाकर घेराव करने और फिर ज्ञापन देने के आह्वान पर बार कार्उंसिल आफ उत्तर प्रदेश में सदस्यो के बीच आपसी मतभेद खुलकर सामने आ गया है। मेरठ में अधिवक्ता महासम्मेलन द्वारा अधिवक्ता हितों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन और कार्य योजना से क्रोधित होकर 19 अक्टूबर को बार कार्उंसिल आफ उत्तर प्रदेश के माननीय अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ द्वारा एक पत्र प्रदेश के समस्त बार संघों के अध्यक्ष एवं मंत्री को जारी किया गया है जिसमें मेरठ बार एसोसिएशन एसोसिएशन द्वारा बुलाए गए अधिवक्ता महासम्मेलन को असंवैधानिक करार देते हुए उनके आहवाह्न पर प्रदेश के बार संघों द्वारा 21 या 22 अक्टूबर को न्यायालयी कार्यों से विरत रहने और किसी भी प्रकार का ज्ञापन देने पर बार संघों एवम अधिवक्ताओं के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक करवाई करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही पत्र में सचिव बार कौंसिल ऑफ उत्तर को उक्त पत्र को प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारी एवम जिला जज को मेल से तत्काल भेजने को भी कहा गया है। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष द्वारा जारी उक्त पत्र के वायरल होने और अधिवक्ताओं द्वारा पढ़ने के बाद प्रदेश के अधिकता संघों में हड़कंप मच गया है।

वही माननीय अध्यक्ष बार कार्उंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा जारी पत्र के विरोध में बार कार्उंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष एवम सदस्य जय नारायण पांडे द्वारा एक पत्र जारी करके यह कहा गया है कि माननीय अध्यक्ष बार कार्उंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा जारी पत्र पर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के किसी सदस्य से कोई विचार विमर्श नही किया गया है। उन्होने आपत्ति करते हुए या




आरोप लगाया गया कि माननीय अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी पत्र उनका निजी विचार है उसमें बार कार्उंसिल उत्तर प्रदेश के अन्य सदस्यों का कोई समर्थन नहीं है। साथ ही बार कार्उंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य विनोद कुमार पांडे द्वारा भी फेसबुक अकाउंट पर अध्यक्ष बार कार्उंसिल उत्तर प्रदेश शिव किशोर गौड़ के पत्र पर आपत्ति व्यक्त करते हुए यह आरोप लगाया गया है कि उक्त पत्र केवल और केवल माननीय अध्यक्ष बार कार्उंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किया गया है इसमें ना तो मेरी और ना ही किसी सदस्य की कोई सहमति है। संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के माननीय अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि आपस की लड़ाई और टकराव से अधिवक्ता हितों की लड़ाई कमजोर होगी इसलिए हमें आपसी मतभेद को दूर कर प्रदेश के अधिवक्ताओं को विश्वास में लेकर अधिवक्ता हितों से संबंधित मुद्दों को मजबूती के साथ प्रदेश सरकार द्वारा समाधान कराने का प्रयास करना होगा जिससे बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सहित प्रदेश के अधिकता संघों और अधिवक्ताओं का मान सम्मान कायम रह सके।

## GST रजिस्ट्रेशन के आधार पर युवाओ को मिले 20 लाख तक के कार्य-अहिंसा सेवा पार्टी

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा/ सोनभद्र-** GST रजिस्ट्रेशन व अतिरिक्त अन्य प्रमाण पत्र की जगह युवाओ की शैक्षिक प्रमाण पत्र को आधार मानने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि उसे प्राप्त करने में युवाओ का समय पैसा दोनों लगा है और सबसे बड़ा सवाल है कि युवाओं को रोजगार भी नही मिल रहा है। इसी क्रम में अहिंसा सेवा पार्टी के अध्यक्ष जनसेवक विजय शंकर यादव ने रोजगार की मजबूती के लिए सरकार को नेट पत्र के माध्यम से सुझाव प्रेषित करते हुए कहा कि जनता से किस तरह से टैक्स वसूली किया जाए। सरकार की सरकारी एजेंसियां तरह तरह के नियम बना लेती है। जनता किस तरह से रोजगार परक हो मजबूत हो ये नियम नहीं बन पाते। GST रजिस्ट्रेशन कराकर जनता हर महीने अपने काम का ब्यौरा सरकार को दे रही है पर GST रजिस्ट्रेशन के बाद भी युवाओं को सरकारी विभाग व प्राइवेट विभागों में काम नहीं मिल पा रहा है। कोई हैसियत के नाम पर तो कोई अनुभव चरित्र अन्य प्रमाण पत्र के नाम युवाओं को काम देने से साफ इंकार कर रहा है। संगठन ने त्रस्त्र रजिस्ट्रेशन के आधार पर 20 लाख तक की कार्य करने व अन्य कागजी अनिवार्यता को हटाने की मांग सरकार से की है। वहीं युवा महंगी शिक्षा ग्रहण कर बेरोजगारी की दंश झेल रहा। रोजगार के मामले में सबसे बड़ा सवाल है कि हर युवा वर्ग आम जन कल्याणकारी सरकारी विभाग व गैर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे है। बल्कि सरकार को चाहिए कि एक नियम बना कर युवाओ को बड़े पैमाने पर सरकारी संस्थाओं सरकारी योजनाओं पर कार्य करने की अनुमति दे कर रोजगार का अवसर दे सकती है। जिससे बेरोजगार युवाओं निराशा



से बाहर निकल सके। GST के अतिरिक्त अन्य प्रमाण पत्रों के रख रखाव में प्रति वर्ष एक फार्म को लाखों खर्च से गुजरना पड़ता है और कार्य भी नही मिलता। सरकार को युवाओ के बेहतरी के लिए सरकार को संगठन निरन्तर पत्र लिख कर युवा हित मे निवेदन कर रहा है। उक्त के संबंध में 19 अक्टूबर 24 को मेल व पत्र के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री महोदय को ध्यानाकृष्ट कराया है।

## पतियों की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

● सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पूनम श्री ने भी पूरी शिद्दत के साथ रखा व्रत

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में रविवार को करवा चौथ का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पतियों के लंबी उम्र की कामना की। ग्रामीण और नगर क्षेत्र में सनातनी परंपरा के पर्व करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। त्यौहार को पूरी श्रद्धा के साथ मनाने के लिए कई दिन पहले से ही महिलाओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। इस दौरान महिलाओं ने बाजार से करवा, सींक, कैलेंडर व पूजा का सामान सहित जरूरी सामान की खरीददारी की। करवा चौथ के दिन रविवार को सुबह उठकर महिलाओं ने व्रत की शुरुआत की। खुद व्रत रखकर परिवारीजनों के लिए सुस्वादु व्यंजन व पकवान तैयार किए। शाम होते ही सोलह श्रंगार कर पूजा की तैयारी की। अधिकतर महिलाओं ने मिट्टी से बने करवों की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ चंद्रमा को अर्घ्य और पति का दीदार कर व्रत का पारायण किया। पतियों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। पतियों ने भी पत्नियों को उनकी पसंद के उपहार भेंट किए। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने बताया कि उन्होंने परंपरागत तरीके से करवा पर्व मनाया। कहा कि यह व्रत की ही महिमा है कि पूरे दिन निर्जला व्रत रखने के बाद भी महिलाओं का उत्साह कम नहीं पड़ता है। सज संवरकर महिलाएं चांद निकलने का इंतजार करती हैं। चांद के दीदार के बाद व्रत का पारायण करती हैं। कस्बे के निराला नगर की रहने वाली सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पूनम श्री ने भी पूरी शिद्दत के साथ व्रत रखा। कहा कि यह सनातनी परंपरा सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। हम महिलाओं को अपनी लोक, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने तरह-तरह की रील बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। दर्शकों ने भी खूब बधाई और शुभकामनाएं दी

## भागवत कथा के आखिरी दिन हजारों की संख्या में श्रोताओं ने भागवत कथा का किया रसपान

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली** क्षेत्र के पहाड़पुर खेड़ा अटौरा गांव में आनंद मिश्रा द्वारा हो रही संकल्पित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन रविवार को वृंदावन धाम से आए कथा व्यास भागवतोपासक वागीश रामचंद्र दास जी महाराज ने ऊधौ गोपी संवाद कृष्ण रुक्मणी विवाह भगवान का स्वधामगमन परीक्षित मोक्ष जैसी कथाओं का व्याख्यान करते हुए कथा व्यास ने बताया कि, भगवान श्री कृष्ण ने ऊधौ जी को वृंदावन भेजा परंतु जब वहां पर ऊधौ जी पहुंचे तो गोपियों के प्रेम में ऐसा डूबे की वह भी प्रेम मय हो गए। और वह स्वयं ब्रज से नहीं आना चाहते थे भगवान कृष्ण ने माता रुक्मणी से विवाह किया। प्रभात क्षेत्र में जब कालांतरण में समय बिता भगवान ने पृथ्वी पर खूब शासन किया जब समय आया तो भगवान अपने स्वधाम को चले गए। कथा व्यास ने हजारों की संख्या में आए हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

बताते चलें कि,भागवत कथा की यज्ञशाला के विद्वान आचार्य पंडित योगेंद्र शास्त्री तिवारीपुर, कथा व्यास के साथ सहयोग कर रहे आचार्य पंडित अरुण कुमार त्रिपाठी, आचार्य अमरेश हसनपुर, आचार्य आकाश मिश्रा पाराकला, आचार्य श्रवण कुमार मिश्रा, साउंड ऑपरेटर रागेंद्र सिंह, रामू त्यागी, ऑर्गन वादक बी.यल. बवाली, ढोलक वादक इंद्रपाल दरियावगंज,विदित हो कि, पहाड़पुर खेड़ा अटौरा गांव में हो रही संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा के बारे में आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानो पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा का



आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रजनीश पाल यजमान, रामकुमार पाल (प्रधान), शिव मोहन सिंह, समर बहादुर सिंह, मोनू अवस्थी, अंजनी पांडेय,हर्षित सिंह, महेश भारती, सचिन वर्मा, दिनेश पाल, अवकाश सिंह, राम केवल पाल, सतीश पाल, राजेंद्र पाल, आदि श्रोतागण उपस्थित रहे।

## 25 अक्टूबर से सुरू होगा हरियावां चीन मिल का पेराई सत्र

स्वतंत्र प्रभात

**हरियावां-** स्थानीय डीसीएम श्रीराम शुगर युनिट के पेराई सत्र 2024 व 2025 की सुरूआत इंडेंट पर्ची के पूजन से की गई।मिल स्थित मन्दिर में एकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी ने पर्ची जारी करने हेतु इंडेंट पूजन किया।और सभी सम्बन्धित गन्ना समितियो से पर्ची जारी करा दी गई।एकाई प्रमुख ने बताया इस बार 2024 व 2025 में गन्ना पेराई का लक्ष्य 215 लाख कुंतल रखा गया है।इस अवसर पर उपस्थित इकाई प्रमुख नवीन बंसल व एचआर हेड आलोक मिश्रा के साथ सभी विभागाध्यक्ष एवं गन्ना विभाग के समस्त स्टाफ ने पूजन में सहभाग लिया।

# अखिलेश यादव नीतियों व पीडीए मिशन से जीतेंगे सीसामऊ उप चुनाव- गजाला लारी

**● -सीसामऊ उपचुनाव में पीडीए मिशन व कार्यकर्ता की मेहनत भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर देगा - हाजी फजल महमूद**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** रविवार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए नियुक्ति की गई प्रभारी गजाला लारी के कार्यालय नवीन मार्केट आगमन पर पीड़ीए मिशन व सीसामऊ और विधानसभा व नगर संगठन के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक एवं सेमिनार आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में 4:00 बजे आरंभ हुआ। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया। समीक्षा बैठक वा सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रभारी गजाला लारी ने पीड़ीए मिशन व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी व जनविरोधी नीतियों से जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव की नीतियां नाम और पीड़ीए मिशन सीसा मऊ विधानसभा का उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को भारी मतों से जीत दिलाकर कानपुर नगर में इतिहास रच कर सपा का परचम फहराएंगे।

गजाला लारी ने आगे कहा कि भाजपा ने जनता से किया एक भी वादे पूरे नहीं किये शहर का विकास सिर्फ कागजों पर दिख रहा है भाजपा विकास करने का ढिंढोरा पीट कर जनता को बेवकूफ बना रही है भाजपा सरकार सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को फर्जी मुकदमों में फंसा कर तथा उनको जेल भेज कर उनका मानसिक उत्पीड़न कर मनोबल गिराने का का कार्य कर रही है लेकिन सपा कार्यकर्ता इससे डरने वाले नहीं है। पीडीए मिशन वा सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि सपा का पीडीए मिशन और कार्यकर्ताओं की मेहनत भाजपा की सीसामऊ सीट जीतने की मंसूबों पर पानी फेर देगा आज भाजपा से समाज का हर वर्ग परेशान है रोजगार व्यापार के अवसर लगभग समाप्त हो गए हैं हमें भाजपा के जुमलेबाजी से होशियार रहना होगा सपा का एक-एक कार्यकर्ता अपनी पूरी निष्ठा व लगन से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को जीत दिलाकर भाजपा के इरादों को चकनाचूर कर देंगे क्योंकि भाजपा की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है भाजपा सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर समाज में भय का वातावरण उत्पन्न कर रही है।। बैठक मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल रजत मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार, शबाब अबरार, इशरत इराकी, मुमताज मंसूरी, राजू पहलवान अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।।

# थूक लगाकर मूत्र के हाथों से फल बेच रहे विक्रेता को पकड़ा



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान को सूचना मिली कि बारहद्वारी पर एक फल विक्रेता फलों पर थूक एवं नाक की गंदगी लगाकर तथा मूत्र के गीले हाथों से फल बेच रहा है सूचना मिलने पर अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने फल विक्रेता को रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को दे दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि फल विक्रेता मोहम्मद दानिश जो कि धोबी वाली गली, ईदगाह, शाहजमल का निवासी है फलों पर थूक व नाक की गंदगी लगाकर एवं मूत्र के हाथों से ही लोगों को फल दे रहा था अखिल भारतीय करणी सेना के सदस्य भास्कर अग्रवाल ने उसको ऐसा करते देखकर अखिल भारतीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान व महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव को सूचना दी। सूचना मिलने पर अखिल भारतीय करणी सेना के तमाम पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी तथा आरोपी फल विक्रेता को पुलिस के हवाले कर बन्नादेवी थाने में मुकदमा कायम कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की जिहादी मानसिकता के लोग विभिन्न तरीके अपनाकर हिंदुओं का धर्म भ्रष्ट करने का कार्य कर रहे हैं तथा पूर्व में भी इसी प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी है साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने सभी हिंदू भाई बहनों से अपील की है कि ऐसे जिहादियों से किसी भी प्रकार की खरीदारी ना करें क्योंकि इस तरह की जिहादी मानसिकता के लोग हिंदुओं का धर्म भ्रष्ट करने का एवं पूजा पाठ को खंडित करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति सचिन राघव, ज्ञानेश गुप्ता, विकास दीक्षित, भास्कर अग्रवाल, रजत अग्रवाल, मोहित वार्ष्णेय, शिवा राजपूत, राहुल, अंकित जाटव, शरद कुशवाहा, नितिन गुप्ता, संजीव सक्सेना आदि करणी सैनिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीटीआई नहर में युवक के शव मिलने से अफरातफरी



**कानपुर।** सीटीआई नहर में एक युवक का शव तैरता मिला जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे लोगों के द्वारा सूचना दी गई की महादेव नगर नहरिया में पुल के पास एक अज्ञात शव नहर में पड़ा है, मौके पर चौकी इंचार्ज रतन लाल नगर मय फ़ोर्स के पहुंचे जानकारी करने पर मृतक की शिनाख्त सुनील पुत्र रघुवीर निवासी महादेव नगर कच्ची बस्ती उम्र करीब 35 वर्ष थाना गोविंद नगर कानपुर नगर के रूप में हुई मृतक के पिता रघुवीर पुत्र जगन्नाथ द्वारा बताया गया कि मेरे पुत्र को अक्सर मिर्गी के दौरे आते थे तथा इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर भांग की गोली खाने के लिए रात में निकलता था नशेडी प्रवृत्ति का था पहले भी रात में घर से अक्सर नशा करने के लिए निकल जाता था और एक-दो दिन में वापस आ जाता था इसलिए कही सूचना भी नहीं दी थी मृतक 18 अक्टूबर को रात को करीब 10 से 11:00 बजे के बीच घर से निकला था। फील्ड यूनिट को मौके पर पहुंचने हेतु बताया गया है परिजन मौके पर मौजूद है मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं है अन्य विधिक पंचयतनामा आदि की कार्यवाही की जा रही है।

### पांडु नदी में मिला अज्ञात महिला का शव



**कानपुर।** आज थाना गुजैनी क्षेत्रांतर्गत पांडु नदी पुल के पास एक महिला का शव मिलने की सूचना पर मौके पर एसीपी नौबस्ता व थाना प्रभारी गुजैनी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। अज्ञात महिला का शव नदी में बहते हुए पांडु नदी पुल के ग्राम बनपुरवा के पास मिला है जो नदी में बहते हुए आई है। फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। शव का पंचायतनामा भर पीएम हेतु मोर्चरी में रखा गया है, अन्य थाना क्षेत्रों को आरटी सेट कराते हुए सूचना दी गई। प्रकरण में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### बेकनगंज पुलिस ने चोरी के ई-रिक्शा समेत एक को पकड़ा



**कानपुर।** थाना बेकनगंज पुलिस ने चोरी के ई-रिक्शा समेत एक को धरदबोचा है। बेकनगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व मे थाना बेकनगंज पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त- मोहम्मद शोएब पुत्र साहबे आलम निवासी चूड़ी वाली गली थाना ग्वालटोली कानपुर नगर उम्र करीब 30 वर्ष को धारा 303 ( 2 ) / 317( 2 ) बीएनएस थाना बेकनगंज को एक अदद मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित चोरी गये ई-रिक्शा को दिनांक 20.10.2024 को गिरफतार कर बरामद किया गया। ।

### किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ होगी महापंचायत

**अलीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन ( भानु ) की एक बैठक युवा जिलाध्यक्ष अलीगढ़ कृष्णा ठाकुर के नेतृत्व में कस्बा गभाना स्थित एक ढाबे पर हुयी जिसमें 23 अक्टूबर को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अलीगढ़ ( त्ज्व् ) के कार्यालय पर होने वाली महापंचायत पर चर्चा कर रणनीति तैयार की जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डा. दिग्विजय ने कहा कि सम्भागीय परिवहन अधिकारी किसानों के ट्रैक्टर ट्राली, एवं किसानों के माल वाहक वाहनों का ओवर लोडिंग का आरोप लगा अवैध रूप से चालान कर रहे हैं , जिला उपाध्यक्ष डॉ. शिवम जादौन ने कहा कि आरटीओ की खनन माफियाओं से साठ - गांठ होने के चलते सोमना - खैर रोड़ गोंडा अलीगढ़ रोड़ पर अवैध रूप ओवरलोड ट्रक डम्फर आदि फर्राटा भर रहे हैं लेकिन किसानों के ट्रैक्टर ट्राली एवं लोडर वाहनों को ही अपनी फसल ले जाने पर रोका जा रहा है जो अनुचित है किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर भाकियू भानु बर्दाशत नहीं करेगा । इस दौरान, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान दास चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुमित ठाकुर, रोहित ठाकुर, वीरपाल सिंह, महेश सिंह, ललित कुमार, हिमांशु पंडित, अमित कुमार सिंह, रामू पंडित, डैनी ठाकुर, नीरज साइमंड्स आदि मौजूद रहे।

# रामचरित मानस हमें देता है जीवन जीने का संदेश



स्वतंत्र प्रभात

**असोहा (उन्नाव)।** रामचरित मानस हमे जीवन जीने का संदेश देता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां आये सत्य से परे नहीं होना चाहिए, उक्त उद्गार कथा में पहुंचे मोहान विधयाक ब्रजेश रावत ने कहे।

क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटीबीर बाबा में चल रहे नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवं मानस वेदांत सन्त सम्मेलन में अयोध्या धाम से पधारे ओमप्रकाश त्रिपाठी ने भक्तों को राम कथा के दौरान बताया कि कलियुग केवल नाम अधारा, सुमरि समुरि नर उतरिहि पारा। कलियुग में सिर्फईश्वर का नाम ही भव सागर को पार करने के लिये पर्याप्त है। मनुष्य को पाखण्ड, लोभ, अहंकार, छल, ईर्ष्या से दूर रहना चाहिए उक्त पांचो मनुष्य के पतन का कारण बनती है। कथा में आये मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने व्यास पीठ से आशिर्वाद लेते हुए कहा कि रामचरित मानस को मनुष्य को अपने जीवन में उतारना चाहिए, रामचरित मानस हमें जीवन कैसे जिया जाए यह सिखलाती है। वही कथा के दौरान पहुंचे बांगरमऊ विधयाक श्रीकांत कटियार ने अपने सम्बोधन में कहाकि राम तो ईश्वर थे परंतु मनुष्य के रूप में अवतरित होकर लोगों के बीच रहकर बताया कि मर्यादा में रहते हुए सभी कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को प्रभु राम की मर्यादा को अपने इस नश्वर रूपी शरीर में अपनाना चाहिए। आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने दोनों विधायाको को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कथा के दौरान त्रिभुवन त्रिपाठी, शिवनारायण अवस्थी, गुड्डु लोधी, रामशनकर यादव, शशांक त्रिपाठी, श्यामजी, गुड्डु पाल, अजय सविता, बबलू रावत, पुनीत यादव, पवन, सुशील शुक्ल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# युवती की फर्जी आईडी बनाकर धर्मांतरण का बनाया दबाव

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना बन्ना देवी में एक मोबाइल कंपनी में नौकरी करने वाली युवती ने दूसरे संप्रदाय की महिला पर पहले दोस्ती करने व बाद में धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। बन्ना देवी इलाके की युवती ने कहा है कि वह एक मोबाइल कंपनी में काम करती है। आरोप है कि उसकी सोशल मीडिया पर बनी आईडी पर पिछले दिनों साथ में रहने वाली शहर के मैरिस रोड बेगपुर निवासी सहेली ने अनाविया पत्नी सलमान निवासी जमालपुर से दोस्ती कराई थी। आरोप है कि अनाविया उससे ऊपरकोट पर रहने वाले किसी अरमान नामक युवक से दोस्ती कराने की कहती थी। अनाविया लगातार उससे धर्म परिवर्तन कराने व दुबई में रहने वाले किसी दूसरे संप्रदाय के युवक से शादी कराने की बात कहती थी। जब उसने विरोध किया तो अनाविया आग बबूला हो गई और उसे बदनाम करने की धमकी देने लगी। 16 अक्तूबर को रिश्तेदारों से जानकारी मिली कि उसके नाम से एक फर्जी आईडी कौशल पंडित निवासी ग्राम बरौठ, अनाविया, उजाला व अरमान समेत चारों ने षडयंत्र रचकर बना ली है। फर्जी आईडी पर उसकी वीडियो व फोटो अपलोड कर उस पर अश्लील कमेंट लिख रहे हैं। आरोप है कि जब चारों लोगों से बातचीत की तो उन्होंने गालियां दीं, फिर उसे बदनाम करने की धमकी दी। बन्ना देवी के प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सहायक अध्यापकों ने स्व कृष्णा कुमार के परिवार को दी 1,98,701 रुपये की आर्थिक सहायता

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखंड के सहायक अध्यापक कृष्णा कुमार का हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया, जिससे पूरे प्रखंड के शिक्षकों में शोक की लहर है। सहायक अध्यापक संघ ने संगठन के सहयोग से उनके परिवार को 1,98,701 रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि श्री कृष्णा कुमार के तिलैया बस्ती स्थित घर जाकर उनके परिजनों को दी गई। संगठन ने आश्वासन दिया कि वे हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे। स्व कृष्णा कुमार अपने पीछे तीन पुत्रों को छोड़ गए हैं, और उनके निधन से पूरे क्षेत्र के पारा शिक्षक दुखी हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने कहा कि राज्य सरकार पारा शिक्षकों के भविष्य और उनके परिजनों की सुरक्षा के बारे में गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने समय पर ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) जैसी योजनाओं को लागू किया होता, तो आज कृष्णा कुमार के परिजनों को सरकारी सहायता मिल सकती थी। संजय कुमार दुबे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हर बार नई सरकार पारा शिक्षकों को आश्वासन देती है, लेकिन आज तक किसी ठोस कदम का इंतजार जारी है। इसी उदासीनता के चलते एक और सहायक अध्यापक की दुखद मौत हुई है। बरही प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों ने अपने स्तर से एकत्रित धनराशि से आर्थिक सहयोग दिया। कार्यक्रम में तिलैया बस्ती के सीआरपी, बीआरपी और सरकारी शिक्षकों का भी योगदान रहा। दुबे ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की आलोचना करते हुए कहा कि वे पारा शिक्षकों के निधन के बाद न ही हाल-चाल पूछते हैं और न ही किसी तरह की सहायता प्रदान करते हैं। संगठन ने स्पष्ट किया कि वे तब तक अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे जब तक सरकार कोई ठोस पहल नहीं करती। मौके पर मो कलीम, सुखदेव यादव, प्रदीप गोप, प्रकश कुमार, श्यामदेव ठाकुर, ब्राह्मदेव यादव राजेश यादव, मुबारक ताजुड़ीन, भोला यादव, रामेन्द्र यादव, रंजीत कुमार, सुभाष यादव, चांदो सर, सरिता कूमारी, रीना कूमारी, ममता कूमारी, निर्मला कूमारी, संगीता कूमारी एवं सहायक शिक्षक वीरेंद्र कुमार, बालेश्वर पंडित, किशोरी महतो अमरदीप शर्मा, उपेंद्र राजक, अजय महतो, शाहिद अख्तर आदि उपस्थित रहे।

# आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत दंगा, बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास



**उन्नाव।** आकस्मिक परिस्थितियों व आगामी त्योहारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये शुक्रवार को दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रिजर्व पुलिस लाइन में विभिन्न थानों से आए हुए पुलिसकर्मियों को दंगा बलवा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया तथा प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद द्वारा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान जनपद के विभिन्न थानों से आये हुए पुलिस बल द्वारा विधि विरुद्ध भीड़ को तितर बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।

# विधायक के करीबियों ने छोड़ी कॉंग्रेस, भाजपा में हुए शामिल

**●भाजपा का बढ़ता जनाधर, परिवर्तन को तैयार है बरही - मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** डाक बंगला कार्यालय चौपारण में भाजपा का मिलन समारोह का आयोजन हुआ। विधायक के करीबी रहे दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। पुर्व विधायक ने सबों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बरही विधानसभा में भाजपा का जनाधर लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा में शामिल होने वालों की लंबी लाइन लगी है। विधायक के कुरूतियो को जनता जान चुकी है अब बरही में परिवर्तन होना तय है। सभा का संचालन भाजपा नेता राजदेव यादव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में चौपारण मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, ताजपुर के पूर्व मुखिया शौकत खान, चैथी के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह, आदित्या चौरसिया आदि ने महती भूमिका निभाई। मौके पर भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, नरेंद्र कुमार, सुधीर सिंह, रामस्वरुप पासवान, विकास यादव, रामजतन सिंह, प्रदीप सिंह, अशोक केशरी, पवन सिंह, छोटु चनद्रवंशी, मो सफाल उद्दीन, विजय गुप्ता, मंतोष सिंह, अशोक सिंह, मो जहाँगीर आलम, प्रदीप केशरी, सुनील शेखर, रामचन्द्र सिंह, जन्मजेय सिंह, इंदीवर पीयूष, संतोष पासवान, मोहन भुईंया, जितेंद्र राणा, गौतम रजक, चंदन पासवान, सतीष पांडेय, सोनू खान सहित अन्य।लगे रहे।

**इनलोगों ने भाजपा की सदस्यता**

विधायक के बूथ से ब्रह्मदेव यादव, कारू यादव, रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रसादी रविदास, बिनोद चनद्रवंशी लोहंडी, प्रकाश चनद्रवंशी नवडीहा, भूपेंद्र यादव तेतरिया, बबलू दास अम्बेडकर नगर, चौपारण पंचायत से लड़न खान, तौकीर आलम, उषा देवी, मेघन रविदास, रामसेवक सिंह सहित अन्य, ताजपुर पंचायत से आनद मुंडा, लखन मुंडा, राम मुंडा, बिरेन्द्र नायक , करुणा सिंह, बिनोद रविदास सहित अन्य, चैथी पंचायत से प्रमोद सिंह, कार्तिक भुइयाँ, उमेश पांडेय, विजय दाँगी, रूपलाल तुरी सहित अन्य ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# हज ए उमरा के लिए रसोईया धमना से मदीना के लिए रवाना हुआ काफिला

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-**अल जमयातुल अशरफिया यूनिवर्सिटी मुबारकपुर उत्तर प्रदेश से 1980 में आलिम व फाजिल की डिग्री लेकर जनाब मौलाना मो इस्लाम कादरी मिस्बाही अपने गांव लौटे। उस समय मिस्बाही आलिम हजारीबाग जिला में बहुत कम हुआ करते थे, उच्च शिक्षा पाने के बाद बिहार सरकार और झारखंड सरकार में सरकारी मदरसा अजीजिया जेया उल उलूम में प्रधानाध्यापक के पद पर बच्चों को शिक्षा दिए। साथ ही जामा मस्जिद छोटकी बरही में इमामत के काम कई वर्षों तक किए।साथ ही सभी जाति धर्म के लोगों के साथ मधुर संबंध रखते हुए अपने तकरीर में हमेशा अमन शांति भाईचारे अपने मुल्क की तरक्की की दुआएं करते रहे। हज उमरा में जाने वाले मौलाना मो इस्लाम कादरी मिस्बाही, सबीरा खातून, रसोईया धमना पंचायत की पूर्व मुखिया रशीदा खातून, समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रत्याशी मो तस्लीम, मो शाहिद, अब्दुल रज्जाक, माजदा खातून एवं उनके बेटा को रसोईया धमना पंचायत वासियों ने फूलमाला पहना स्वागत रवाना किए। मौके पर समाजसेवी मो तौकीर रजा, मो खलील, मो गनी, पंसस मो तैयब अंसारी, मुफ़्ती सादाब, रज़ा हाजी, अब्दुल वारिस हाजी, मो यूनुस हाजी, मो अलाउद्दीन हाजी, मो मोबारक हाफिज, मो रुस्तम हाफिज, मो मोजाहिद, मौलाना अब्बास, मौलाना मो कमरुद्दीन, हाफिज मो अताउल्लाह सरफराज, मो नाजिर, मास्टर मो अख्तर, गुलाम सरवर, मो गुलाम कादिर, मो आजाद, मो हसनैन, मो सेराज, मो इल्यास, मो जलील, मो मुख्तार, मो तबरेज, मो रियाज, मो मोजिम, मो अख्तर, मो अब्बास, मो असलम, मो हैदर, मो समसाद, मो इम्तियाज, मो सहजाद, मो मुख्तार, मो मासूक, मो सफीक, मो महताब, मो दाऊद, मो महबूब, मो शहंशाह, मो प्रवेज, मो समीम, मो इम्तियाज, हाजी मो इस्लाम, मो रेहान रज़ा, मो समीम, मो मंसूर, मो मनोवार, मो सेराज, मो रब्बानी, मो मेराज, मो रियाज, मो असीर, मो मकसूद, मो अनवर, मो मकसूद, मो अंसारी, मो सिफ़ायत, मो अशरफ आदी उपस्थित रहे।

# सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में इस बार कांटे की टक्कर





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता। कानपुर में सपा का गढ़ माने जाने वाली सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में इस बार मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। यह सीट समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को अदालत द्वारा आगजनी तथा अन्य मामलों में सजा सुनाए जाने के कारण रिक्त हुई है जिस पर मतदान 13 नवंबर को होगा और परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। समाजवादी पार्टी ने इस सीट से इरफान की ही पत्नी नसीम सोलंकी को चुनाव मैदान में उतारा है। लेकिन सपा नेताओं के जो तेवर दिखाई दे रहें हैं उससे यह डर सता रहा है कि कहीं भितरघात न हो जाए अभी हाल ही में एक मीटिंग में सपा जिलाध्यक्ष और सपा विधायक के बीच ज़ोरदार तकरार हो गई थी और सपा विधायक सभा छोड़कर चले गए थे। मुस्लिम बाहुल्य सीसामऊ विधानसभा सीट कई बार से समाजवादी पार्टी जीतती आ रही है और यही देखकर सपा ने पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी को टिकट दिया है ताकि उन्हें सहानुभूति का लाभ मिल सके। इधर भारतीय जनता पार्टी हर हाल में यह सीट जीतने की कोशिश कर रही है और अभी तक वह अपना प्रत्याशी भी घोषित नहीं कर सकी है। पिछले चुनाव में इरफान सोलंकी लगभग 13 हजार वोटों से जीते थे। भारतीय जनता पार्टी इस जुगत में लगी है कि कि तरह इन 13 हजार के अंतर को पाटा जा सके।

सीसामऊ विधानसभा सीट से तमाम लोगों ने भारतीय जनता पार्टी से दावेदारी ठोंकी है। लेकिन भाजपा आलाकमान सभी फीडबैक लेकर प्रत्याशी तय करने के पक्षधर है। इसके लिए कई वरिष्ठ नेता कानपुर में डेरा डाले हुए हैं। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की कमान आलाकमान ने नौ बार के शाहजहांपुर से विधायक रहे और वर्तमान में राज्य सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना को सौंपी है। इसके अलावा अन्य मंत्री भी कानपुर का दौरा कर आलाकमान को फीडबैक दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करके कई विकास कार्यों का वादा करके जा चुके हैं। अब देखना यह है कि सीसामऊ के वोटर मुख्यमंत्री के वादों पर कितना खरा उतरते हैं। फ़िलहाल कानपुर में सरगर्मियां काफी तेज हैं। और दोनों दल अपनी पूरी ताकत लगा दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी घर घर जाकर सदस्यता अभियान चला रही है। जब कि समाजवादी पार्टी ने भी छोटी-छोटी सभाएं करना शुरू कर दिया है। वोटरों की बात करें तो सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से मुस्लिम के बाद दलित और ब्राह्मणों की संख्या अधिक है। इस बार बहुजन समाज पार्टी भी उपचुनाव को गंभीरता से लड़ रही है। अब वह किसको नुकसान पहुंचाती है यह देखने वाली बात होगी।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद जीटी रोड पर गांव टुआमई मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया था। जिसे पुलिस द्वारा एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां देर रात घायल युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। जिला हाथरस के थाना सिकंद्राराऊ के गांव खेड़ा कचौरा निवासी ललित कुमार पुत्र ओमप्रकाश शनिवार की दोपहर बाइक द्वारा अलीगढ़ से लेपटॉप ठीक कराकर वापस घर लौट रहा था। इसी बीच दोपहर समय करीब दो बजे टुआमई मोड के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल के परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात 25 वर्षीय ललित कुमार की मौत हो गई। मृतक के परिजन सोमवार की सुबह शव को लेकर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। मृतक के पिता ने बताया है कि उनके तीन बेटों में ललित दूसरे नंबर का था। वह एक मेडीकल स्टोर पर काम करता था। घाटन के संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि मृतक के शव की पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में दिक्कत



**सिद्धार्थनगर।** जिले के जोगिया ब्लाक के विभिन्न मार्गों में बने गड्?ढे से आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़कों में बने गड्ढा व जर्जर सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बाढ़ के दौरान जोगिया ब्लाक के विभिन्न मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। इससे लोगों की और परेशानी बढ़ गई है। विभिन्न जगहों पर बने गड्ढा जानलेवा बने है। जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर दर्जनों जगह सड़क पर गड्ढा बन गया है। जहां बारिश होने पर जलजमाव जैसे नजारा दिखने लगता है। तेज रफ्तार से चलने वाले वाहन व बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। कई बाइक सवार जख्मी भी हो गए है। ऐसे में किसी बड़े हादसे से इन्कार नही किया जा सकता। जहां कभी भी कोई बड़ा वाहन पलट सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि। बाढ़ के कारण नौगढ़ बांसी मार्ग से योगमाया मार्ग पर कई जगह गिट्टी उखड़ गई है। जिससे आवागमन में राहगीरों को दिक्कत हो रही है।

## एएनएम छात्रा की नहीं वापस की जा रही फीस, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार




**लखीमपुर खीरी** मामला जनपद के सदर कोतवाली के खंभारखेड़ा गांव का है यहां की निवासी छात्राने शिफा कॉलेज आफ मेडिकल साइंस महेवागंज थाना कोतवाली सदर खीरी के कालेज के चेयरमैन पर फीस वापस न करने का आरोप लगाया है,। इसके अलावा कॉलेज में छात्राओं के साथ भेद-भाव करने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। तहरीर में छात्रा अंजली ने बताया कि शिफा मेडिकल ऑफ साइंस महेवागंज में 30 सितंबर को प्रवेश लिया था, साथ ही प्रवेश के लिए कॉलेज में फीस के ?20000 भी जमा किए थे, ।एडमीशन के पहले छात्रा को कॉलेज के कर्मचारियों ने एडमीशन से अपना नाम वापस लेने पर पूरी फीस वापस देने की बात कही थी। कॉलेज का माहौल समझ में ना आने पर छात्रा ने प्रवेश निरस्त कराने की और फीस वापसी कराने की बात कही, तो कॉलेज के चेयरमैन ने उसे वापस कर दिया, फीस वापस न मिलने पर छात्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए फीस वापस करने की मांग की है। नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन ने बताया कि छात्रा का एनरोलमेंट हो चुका है,। शिकायत पर पुलिस को दस्तावेज उपलब्ध कराए जा चुके हैं। प्रवेश होने के बाद अब फीस कैसे वापस की जा सकती है, जबकि छात्रा ने बताया कि पहले बताया गया था कि आप अगर अपना नाम वापस लेना चाहती हैं तो ले सकती हैं और आपको फीस के पैसे भी वापस कर दिए जाएंगे। आखिर शिक्षा विभाग में ऐसा बर्ताव असहनीय एवं निंदनीय है।

## गोंडा मेडिकल कॉलेज में अनियमितताओं की शिकायत, जांच के आदेश




**गोंडा।** देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय गोंडा में अनियमितताओं की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। यह शिकायत रघु बाबा समाज सेवा संस्थान, बहराइच के राजकुमार दूबे द्वारा की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सहमति से लिपिक और मेडिकल कॉलेज के एक अफसर ने कुछ चहेते फर्मों के नाम से कूटरचित दस्तावेजों का दुरुपयोग किया और सरकारी धन का गबन किया है। कमिश्नर ने इस मामले में अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देवीपाटन मंडल को पत्र भेजकर 10 दिनों के भीतर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शिकायत पत्र में लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। जांच अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को सौंपी गई है।

# मानक विपरीत घटिया सामग्री से कराया जा रहा आरसीसी सेंटर का निर्माण

स्वतंत्र प्रभात



लखीमपुर खीरी विकास खंड नकहा की ग्राम पंचायत पतरासी में सामुदायिक शौचालय सालों से बंद हैंडपंप सालों से बंद मनरेगा फर्जी वाडा से पैसे निकालना नहीं बंद आरआरसी सेंटर कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री भस्सी आदि का उपयोग किए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मानक के विपरीत कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण और ईंट की जोड़ाई में भस्सी का उपयोग किए जाने से सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और श्रमिकों ने बताया कि ग्राम प्रधान के निर्देश पर भस्सी से ईंटों की जोड़ाई की जा रही है। ईंट की जोड़ाई में नाम मात्र सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से बनने वाले कूड़ा निस्तारण केंद्र में भस्सी आदि घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने की जानकारी ब्लाक के अधिकारियों को, लेकिन इसके के बावजूद आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य की जांच करने कोई नहीं आया। जिससे मनमानी तरीके से ग्राम प्रधान और सचिव की ओर से मानक के विपरीत निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस संबंध में एडीओ पंचायत की लापरवही से ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की लागत से आरआरसी सेंटर का निर्माण करवाया जा रहा है। आरआरसी सेंटर के निर्माण कार्य में गुणवत्ता खंड विकास अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें तो प्रधान और सचिव का भ्रष्टाचार खुल कर सामने आएगा।

# लेखपाल पर फर्जी साजिश मनगढ़ंत रिपोर्ट लगाने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**बेहजम खीरी** तहसील मितौली के अंतर्गत प्रश्नगत वाद क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट उ0प्र0जा0 वि0 अधि0 के नियम 67 पर न्यायालय में योजित किया गया। वाद दर्ज रजिस्टर करके प्रतिवादी को नियमानुसार नोटिस 20 जारी किया गया जो बाद तामील संलग्नः पत्रावली है। क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट को सम्बन्धित क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक क्षेत्र कस्ता के परीक्षण के उपरान्त उक्त जॉच रिपोर्ट में यह परिभाषित किया नया है कि ग्राम दानपुर परगना कस्ता तहसील मितौली की भूमि संख्या 277मि रकबा 0.012एअर जिसकी नवेड्यत ग्राम समाज बीज गोदाम की भूमि के तहत है पर प्रतिवादी गोकरन पुत्र उमरावलाल निवासी ग्राम टानपुर ने अवैध कब्जा कर रखा है। प्रतिवादी द्वारा अपनी आपत्ति मुख्य रूप से इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि गाटा सं0 277मि/0.012हे0 पर प्रबन्धक समिति द्वारा पटटे किये गये थे जिस पर आपत्तिकर्ता का रिहायशी मकान बना है। लेखपाल ?द्वारा फजी साजिशी निराधार एवं मनगढंत रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आपत्तिकर्ता को उपरोक्त बाद में फसायां गया है। आपत्तिकर्ता को केवल तंग व परेशान करने के उददेश्य से वाद योजित किया गया है जिसका कोई औचित्य नहीं है। और न था। अन्त में वाढ गुणदोष के आधार पर निर्णीत करने की पाचना की गई है। लेखपाल ने अपनी आख्या में कहा है कि ग्राम दामपुर की गाटा सं0 277 मि जो बीज गोदाम खाते की भूमि है पर 0.012हे0 पर मकान बना रखा है। प्रतिवादी को जिरह हेतु अवसर प्रदान किया गया परन्तु आपत्तिकालो ?द्वारा जिरह नहीं किया गया अस्तु आपत्तिकर्ता के जिन का अवसर समाप्त किया गया। तद्?नु?सार प्रतिवादी ने ग्राम समाज, बीज गोदाम की सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा करके ग्राम समाज की भूमि पर अति पहुंचायी है इसलिये अतिक्रमित ग्राम समाज की भूमि से प्रतिवादी को बेदखल करके शासनादेश के अनुसार क्षतिपूर्ति आयद किया जाना विधि संगत है।



**आदेश**

अतः आदेश दिया जाता है कि ग्राम आराजी मौजा स्थित दानपुर परगना कस्ता तहसील मितौली जिला खीरी की भूमि संख्या 277 मि रकबा 0.01280 से प्रतिवादी गोकरन पुत्र उमरावलाल निवासी ग्राम दानपुर परंगना कस्ता तहसील मितौली जिला खीरी को बेदखल किया जाता है एवं अवैध अध्यासन हेतु अर्थदण्डसु 3650 रू अधिरोपित किया जाता है।

# नगर पालिका गोला ने गोला टूरिज्म को बनाया "स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर"

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ ने स्वच्छता अभियान को और प्रभावी व सशक्त करने हेतु गोला टूरिज्म संगठन को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। नगर पालिका कार्यालय द्वारा जारी किए गए पत्र में यह जिम्मेदारी संस्था के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव एवं निदेशक मिलिन्द शुक्ल को दी गयी है।

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजनान्तर्गत स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति निकाय द्वारा आई0ई0सी0 (सूचना शिक्षा एवं संचार) के अन्तर्गत की जा रही गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। गोला टूरिज्म द्वारा पूर्व से स्वच्छता अभियान को बल देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, अभियान एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही हैं, पालिकाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के समय भी गोला टूरिज्म को सर्वेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी, जो बेहद सफल हुआ था एवं नगर को राज्य व राष्ट्र स्तर पर अच्छी रैंकिंग भी प्राप्त हुई थी। नगर पालिका परिषद द्वारा सौंपे गए इस दायित्व से गोला गोकर्णनाथ नगर में स्वच्छता की अलख जगाने का सफल कार्य होगा। संस्था के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव ने बताया की नगर पालिका परिषद द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को हम पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू द्वारा स्वच्छता के प्रति किए जा रहे प्रयासों को और बल देंगे। हमारी योजना में टेक्नोलॉजी से स्वच्छता के प्रति जागरूकता, स्वच्छ गोला अभियान को पुनः प्रारंभ करना एवं प्रतियोगिता व नवाचार से इस अभियान को नगर में सफल बनाना होगा।

# अम्बूपुर बहेरवा में किया गया पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**फरधान खरी।** ब्लॉक लखीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबूपुर बहेरवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आज दिनांक 20 अक्टूबर 2024 ग्राम पंचायत अंबू पुर बहेरवा ब्लाक लखीमपुर में सरकार की मंशा के अनुरूप एवं मुख्य पश ुचिकित्साधिकारी लखीमपुर डॉ0 जगदीश प्रसाद के मार्ग दर्शन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंजीत कश्यप भाजपा जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ एवं ग्राम प्रधान अनुपम वर्मा ने गौ पूजन कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।मेले में आए हुए डॉ0 जितेंद्र मणि त्रिपाठीने पशुओं के टीकाकरण व कृमिनाशक दवा पान,किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन घटक, टैगिंग का महत्व, बीमा के बारे में जानकारी दी एवं पशुपालकों को ठंड से बचाव, हरा चारा , बीमा योजना एवम सेक्स सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में आए हुए 105किसानों के 385 पशुओं का इलाज किया गया। मेले को सफल बनाने में गिरीश वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी सुरेंद्र पाल वर्मा, रूप चंद्र, पैरावेट मनोज शर्मा, मो नईम, पुरुषोत्तम वर्मा,अवनीश वर्मा, अनुज शर्मा ने विशेष योगदान दिया मेले को सफल बनाने के लिए डॉक्टर राकेश वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी ने मेले में आए हुए सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी व सभी किसान भाइयों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुलिस द्वारा अवैध मिट्टी खनन में की जा रही अवैध वसूली का आडियो हुआ वायरल

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जनपद के थाना खमरिया पुलिस द्वारा अवैध मिट्टी खनन में की जा रही अवैध वसूली की खुली पोल। थाने पर तैनात सिपाही जय सिंह व थाना प्रभारी पर लगा गंभीर आरोप। पैसा लेकर अवैध खनन करवाने का लगा आरोप, थाना प्रभारी का ड्राइवर बना सिपाही जयसिंह पैसा लेकर करवाता था अवैध खनन। सीएम पोर्टल से लेकर एसपी खीरी, सीओ धौरहरा को प्रार्थना पत्र देकर की गई शिकायत। सोसल मीडिया में वायरल हो रही है काल रिकार्डिंग सबकुछ आईने के तरह साफ करती है कि। कितनी ईमानदारी से चल रहा खमरिया थाना आखिर पुलिस अधीक्षक खीरी क्यों चल रहे प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया विवेक उपाध्याय के दबाव में गोला कोतवाल रहते हुए दो मुकदमे, थाना मैगलगंज में रहते हुए कई गंभीर आरोप, पलिया कोतवाल रहते हुए पब्लिक से सरेराह बत्तमीजी मनमानी काफी हंगामे के बाद ट्रांसफर फिर खमरिया में भी कई भ्रष्ट आरोप। क्या कोतवाल विवेक उपाध्याय के अलावा कोई साफ सुथरी छवि के पुलिस इंस्पेक्टर नही है विभाग में यहां तक कि




बांदा में रहते हुए काफी कुछ हुआ लखीमपुर खीरी में भी कई मुकदमे लिखे गए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं और चार्ज पे चार्ज अब तो लोग कुछ और ही कहने लगे है कि आखिर पुलिस अधीक्षक खीरी सब कुछ जानकर भी नही कर रहे कार्यवाही।

# गलियों में टिकती है बेटी की बारात, गांव में ठंड की सीजन में नहीं ब्याही जाती बेटियां

**● जिस मौजे पर बना बारात घर वहीं बनने जा रहा रैन बसेरा**

स्वतंत्र प्रभात




**शाहजहांपुर/** जनपद के विकासखंड भावलखेड़ा के गांव चकभिठारा की दलित बस्ती को आजादी के 78 साल बाद भी एक बारात घर नसीब नहीं हुआ है जहां आज भी बेटियों की बारात गलियों में टिकाई जाती है, और कहीं बारात के दौरान बरसात हो जाए तो बाराती तितर-बितर होकर घरों में छुपते घूमते हैं, यही नहीं गांव में किसी भी प्रकार की कोई ऐसी बिल्डिंग ना होने के कारण ठंड की सीजन में लोग अपनी बेटियों की बारात नहीं करते हैं जो ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है इस समस्या के चलते बेटियों की शादी भी लड़के वाले करने से कतराते हैं , जो मैरिज लांन लेने की स्थिति में है वह तो मैरिज लांन में शहर जाकर शादी कर लेते हैं लेकिन जो गरीब तबके के लोग हैं वह अपनी बेटियों की शादी आज भी गलियों में टिकाने के लिए मजबूर है

**चार भागों में बटा है गांव बीच से निकली है रेलवे लाइन और हाईवे**

करीब 2000 वोटरों वाला गांव चार भागों में बटा है गांव के बीच से सीतापुर हाईवे और रेलवे लाइन निकली है जिसके चलते एक गांव से दूसरे गांव की दूरी लगभग 2 किलोमीटर पड़ती है दलित बस्ती धोबियों वाले मजरे के नाम से पहचान रखनें वाले चकभिठारा गांव में वैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना है लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बारात टिकाना सख्त मना है दूसरे मजरे पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं इनमें भी बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुसार बारात नहीं टिकाई जा सकती गांव में मिनी सचिवालय तो नहीं बना है लेकिन जिस मजरे पर स्कूल बने हैं उसी मजरे पर एक पंचायत घर बना है जिसमें दो कमरे और एक हाल है इसी में आंगनबाड़ी केंद्र लगता है

**जहां बना है बारात घर वहीं बनने जा रहा रैन बसेरा**

रेलवे लाइन पार वाले मजरे पर ग्राम प्रधान होने के कारण इसी मजरे पर पहले बारात घर बना था और अब फिर दोबारा इसी मौजे पर रैन बसेरा बनने जा रहा है जिसके चलते दलित बस्ती धोबियों वाले मजरे की समस्या का समाधान होना असंभव दिख रहा है इस मन में खंड विकास अधिकारी बोल खेड़ा से फोन संपर्क किया गया तो उनका फोन नहीं उठा ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि उनके मौजे पर पहले से ही बारात घर बना है मैंने कहा लेखपाल से दूसरे मौज पर रैन बसेरा बनवाओ लेकिन लेखपाल ने अपनी मर्जी से हमारे मौज पर स्थान चिन्हित कर दिया

# सुहागिनों का पर्व करवा चौथ मनाए जाने के भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**करवा चौथ का पर्व पौराणिक शास्त्रों के अनुसार भारतीय संस्कृति में अपना अलग महत्व रखता है यह पर्व सुहागिनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है इस पर्व को कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थ तिथि को मनाया जाता है इसे संस्कृत में करक चतुर्थी भी कहा जाता है इस पर्व के लिए माता पार्वती ने करवा चौथ का व्रत रखकर भगवान शिव से विवाह करने का व्रत लिया था। इसी तरह करवा नाम की एक महिला का पति नदी में स्नान करने गया था वहां उसे मगरमच्छ ने पकड़ लिया तो उसने मगरमच्छ को सूती धागे से बांधकर यमराज से अपने पति को मुक्त करने के लिए कार्तिक मास की चतुर्थी को व्रत रखा महाभारत काल में भी अर्जुन जब नीलगिरी पर्वत पर युद्ध करने गए तो द्रोपती ने अर्जुन की सुरक्षा के लिए करवा चौथ व्रत रखा और पार्वती एवं शिवजी की पूजा अर्चना की थी इस व्रत में महिलाएं सुबह से लेकर शाम तक निर्जला व्रत के तहत करवा चौथ का व्रत रखती है।

इस व्रत में चंद्रमा की पूजा की जाती है पौराणिकों के अनुसार इस दिन चंद्रमा से अमृत वर्षा होती है जिससे सुहागिनों के जीवन में सुख समृद्धि एवं खुशहाली आती है पौराणिक कथाओं के अनुसार वीरवती नाम की सुंदरी ने भी व्रत रखा परंतु वह सात भाइयों में अकेली बहन थी भाइयों को उसकी इस तरह की प्रेरणा व्रत को देखकर उन्होंने मध्य में ही व्रत तोड़ने का प्रयास किया परंतु वह नहीं मानी तो उन्होंने पेड़ की आड़ में खड़े होकर चंद्रमा का निकालना दिखाया गया। जिससे उसके पति की तबीयत बिगड़ गई इस तरह के पौराणिक कथाओं में कई महत्वपूर्ण सिद्धांत प्राप्त होते हैं वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे दिन व्रत रखने से शरीर की पाचन क्रिया में सुधार होता है इस तरह हिंदुओं का करवा चौथ व्रत का पर्व अपना अलग महत्व रखता है आज इसे बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सुहागिनों ने अपने पतियों की दीर्घायु की कामना करने के लिए व्रत रखा यह व्रत अत्यंत महत्वपूर्ण एवं विशेष पर्व है इसका पूरे वर्ष इंतजार किया जाता है तब कहीं करवा चौथ का पर्व आता है।

# 16 करोड़ 36 लाख रुपए से लखीमपुर रेलवे स्टेशन का किया जा रहा कायाकल्प

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** महेश गुप्ता जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने बताया कि 16 करोड़ 36 लाख की लागत से लखीमपुर स्टेशन का कायाकल्प। लखीमपुर स्टेशन को अमृत भारत के अंतर्गत रूपया सोलह करोड़ छत्तीस लाख की लागत से नयी सुविधाओं के प्रावधान के साथ ही पुरानी सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। जिसे लक्ष्य के साथ चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा।

इस कार्य योजना के अन्तर्गत लखीमपुर स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सरकुलेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशन का सुंदरीकरण, 'प्लेटफार्म सरफेस' का अपग्रेडेशन, 16 करोड़ 36 लाख रुपए से लखीमपुर रेलवे स्टेशन का किया जा रहा कायाकल्प 'स्टेशन फसाड' तथा स्टेशन परिसर में उन्नत लाईटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियों, यात्री उदघोषणाप्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं से संबंधित ग्लोसाइन बोर्ड (साइनएज), एल. ई. डी. स्टेशन नाम पट्टिकाओं, 12 मीटर चौड़ा पैदल उपरिगामी पुल (एफ. ओ. बी.) एवं स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय वशौचालयों का आधुनिकीकरण तथा स्टेशन पर 02 लिफट व 01 सेट एस्केलेटर का प्रायोजन इत्यादि कार्य सम्पन्न किए जायेगें। वर्तमान में लखीमपुर स्टेशन पर 85% का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें सी ओ पी, वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म राइजिंग, प्लेटफार्म कॉपिंग, वी डी सी फ्लोरिंग इत्यादि कार्य शामिल है। स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, टॉयलेट्स ब्लॉक, पोर्च (एफ. ओ. बी. को छोड़कर) आदि का कार्य जारी है अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लखीमपुर स्टेशन के कार्य (एफ ओ बी को छोड़कर) की टारगेट डेट 15 नवंबर 2024 है।

# ज्ञापन देने के चौथे दिन चेता प्रशासन मौके पर पहुंच कर बंद कराया अवैध निर्माण कार्य

**● कश्यप समुदाय में इस कार्रवाई से खुशी की लहर दौड़ पड़ी**

स्वतंत्र प्रभात



**मोहम्मदी खीरी** नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया व कश्यप समुदाय के बीच मंदिर की जमीन को लेकर जो बात विवाद चल रहा था जिस पर 16 अक्टूबर 2024 को कश्यप समुदाय के समर्थन में उतरे नेता क्रांति कुमार सिंह ने उपजिला अधिकारी से मिलकर तहसीलदार मोहम्मदी को ज्ञापन सौपा था जिसमें दिए गए ज्ञापन में कहा था कि मोहम्मदी नगर पालिका अध्यक्ष व उनके समर्थक जबरन जबरदस्ती मंदिर की जमीन पर अवैध हरे भरे आम के पेड़ों को काटकर बाउंड्री खींच रहे हैं,वही पर ज्ञापन को उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए चौथे दिन नायब तहसीलदार व पुलिस बल को मौके पर भेज कर तत्काल अवैध निर्माण कार्य को बंद कराया गया इस मौके पर नायब तहसीलदार मोहम्मदी कस्बा इंचार्ज बाबूराम सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा प्रशासन की इस कार्रवाई से कश्यप समुदाय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी वही कश्यप समुदाय को एक राहत की साँस मिली वही कश्यप समुदाय का भी कहना है,मेरे साथ नगर पालिका अध्यक्ष अपनी चेयरमैनी का और उनके समर्थक सत्ता पक्ष का दुरुपयोग कर रहे हैं, जो की एक नगर अध्यक्ष के लिए निंदनीय है?

# पटेल सेवा संस्थान की सभा कि किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**बेहजम खीरी।** रविवार को पटेल सेवा संस्थान कस्ता मितौली की एक सभा सत्यम पब्लिक स्कूल मितौली में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता लाल जी वर्मा सेवानिवृत्ति सहायक विकास अधिकारी मितौली द्वारा की गई। सभा का संचालन पारस वर्मा पूर्व अध्यक्ष पटेल संस्थान गोला द्वारा किया गया।बैठक में समाज की एकजुटता पर बल दिया गया बैठक में समाज में व्याप्त तमाम प्रकार की बुराई, आडंबर, अंधविश्वास, कुप्रथाएं, रूढ़िया प्राचीन मान्यताएं आदि से ऊपर उठकर शिक्षा एवं सियासत के क्षेत्र में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने पर बल दिया गया। बैठक में अस्थाई रूप से कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संत कुमार वर्मा सत्यपाल पटेल, प्रकाश वर्मा, सुरेश वर्मा, रामदास वर्मा रामशरन वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, सुमेश वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा ,शंकर लाल वर्मा शामिल हुए। बैठक को प्रहलाद पटेल अशोक कनौजिया राजीव वर्मा संदीप वर्मा मनोज वर्मा श्याम बिहारी वर्मा राधेश्याम वर्मा पुत्तू लाल वर्मा आर, डी वर्मा आदि लोगों ने संबोधित किया । बैठक के दौरान महेंद्र वर्मा पूर्व प्रधान, सत्य प्रकाश वर्मा पूर्व प्रधान, यज्ञ दत्त वर्मा, पूर्व प्रधान राधेश्याम वर्मा, सर्वेश वर्मा, उमाशंकर वर्मा पूर्व प्रधान, रामसागर पूर्व प्रधान, उमेश वर्मा पूर्व प्रधान, वेद प्रकाश वर्मा, अभय वर्मा, रामनिवास वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# संक्षिप्त ख़बरें

## सेबिस्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**चुनार, मीरजापुर ।** सेबिस्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया के ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा है जिसका पहला मैच रविवार को युवा जोश क्रिकेट क्लब वाराणसी और जेसीए राजातालाब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।टॉस जीतकर युवा जोश क्रिकेट क्लब ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया। जेसीए क्रिकेट अकादमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए शिवम पटेल 67 रन, ओम वर्मा 41 रन बनाए,गेंदबाजी टीम से हिमांशू गुप्ता ने 3 विकेट प्राप्त किया। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए युवा जोश क्रिकेट क्लब की टीम 18 ओवर में 68 रन पर आल आउट हो गई। गेंदबाजी टीम से मुकेश यादव ने 4 विकेट प्राप्त किया, जेसीए क्रिकेट अकादमी राजातालाब ने 101 रन बनाकर विजय प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच शिवम पटेल रहे। उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि सेबिष्को कम्पनी के एएसएम भारत गुप्ता को बृजेश चतुर्वेदी ने स्मृति चिन्ह देकर समान्नित किया। इस दौरान प्रवीन सिंह ÷किट्टू÷ भईया, रजत सिंह, गौतम सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।अंपायर छोटू यादव, मनोज सिंह, स्कोरर शौर्य सिंह, उपमा सिंह आदि मौजूद रहे।संरक्षक संजय साहू और ब्रह्मानंद कुशवाहा ने भी प्रतियोगिता में अपना योगदान दिया।

## विशालकाय अजगर पकड़कर ग्रामीणों ने किया वन कर्मियों के हवाले



**जिगना, मीरजापुर ।** जिगना थाना क्षेत्र के कोलेपुर गाँव में पेयजल ओवरहेड टैंक के पास रविवार की सुबह विशालकाय अजगर देखने के लिए भारी भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से अजगर को बोरे में भरकर बाइक पर लादकर जिगना पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि लालगंज वन विभाग के कर्मियों को बुलाकर अजगर सौंप दिया गया। वन कर्मी बरसातू लाल ने बताया कि थाना प्रभारी शैलेश राय की सूचना पर पहुंचकर आठ फीट लंबे काफी वजनदार अजगर को कब्जे में लिया गया। उसे कुशियरा जंगल में छोड़ दिया जाएगा। अजगर देखने के लिए लोग काफी देर तक मौके पर जमा रहे।

## शराब पीकर आपस भीड़े शराबी

**मीरजापुर।** शनिवार को थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम ममोलापुर में प्रथम पक्ष मुकेश नट पुत्र स्वं0 त्रिवेणी उम्र करीब-30वर्ष निवासी ग्राम ममोलापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर तथा द्वितीय पक्ष असलम उम्र करीब-30वर्ष व मम्मन उम्र करीब-35वर्ष पुत्रगण स्व0 युनुस समस्त निवासीगण ग्राम ममोलापुर थाना चुनार जनपद द्वारा आपस में बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के दौरान आपस मे कहा-सुनी व मारपीट हो गयी,जिसमें मीना देवी पत्नी स्वं0 त्रिवेणी उम्र करीब-50वर्ष, मुकेश नट, असलम व मम्मनउपरोक्त को हल्की फुल्की चोट आ गयी। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना चुनार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। थाना चुनार पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन कछौना इकाई के अचल अग्रवाल को नगर अध्यक्ष किया गया मनोनीत

**कछौना, हरदोई।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन कछौना इकाई के युवा नेता अचल अग्रवाल को नगर अध्यक्ष पद पर उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल ने मनोनीत किया। इस नई जिम्मेदारी से युवा नगर अध्यक्ष अचल अग्रवाल काफ़ी उत्साहित हैं, उन्होंने बताया कछौना में व्यापारियों के हितों में सदैव कार्य करेंगे। कछौना के व्यापार को प्रदेश पटल पर नई पहचान मिलेगी। किसी तरह व्यापारियों का शोषण नहीं होगा। युवा नगर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अचल अग्रवाल मिलनसार हैं। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय श्री-निवास अग्रवाल पूर्व चेयरमैन की विरासत को आगे ले जाने का कार्य किया है। युवा अचल अग्रवाल को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर व्यापारियों में उत्साह है।

# हर परिवार को मिलेगा फैमिली आईडी कार्ड, 76 योजनाओं का ले सकेंगे लाभ-जिलाधिकारी

**● प्रत्येक परिवार कराए फैमिली आईडी पंजीकरण - डीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही –** जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि एक परिवार, एक पहचान के तहत सरकार फैमिली आईडी जारी कर रही है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा। केंद्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है। एक परिवार, एक पहचान के तहत अब सरकार फैमिली आईडी जारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है लेकिन, अब उत्तर प्रदेश में आप फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ले सकते हैं। फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नंबर जारी किया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा। लोगों को आय, जाति और निवास व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भाग-दौड़ नहीं करना पड़ेगा। राशन कार्ड धारकों के लिए कार्ड पर अंकित नंबर ही फैमिली आईडी नम्बर है, जबकि राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए भी फैमिली आईडी पंजीकरण की व्यवस्था की गई है. ऐसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वह वेबसाइट https://familyid.up.gov.in पर जाकर नि:शुल्क फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभागों जैसे समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग, प्रोबेशन, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वो फैमिली आईडी लगाकर इन सभी योजना में आवेदन कर सकता है।

**फैमिली आईडी से इन योजनाओं का मिलेगा लाभ**

इस पहल के तहत केंद्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है. सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को भी इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑथेंटिकेशन किया जाएगा और फिर परिवार आईडी से लिंक किया जाएगा। सरकार ने जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी को रोकने के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने की बात की है।

**फैमिली आईडी – एक परिवार एक पहचान**

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में सभी परिवारों को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लक्ष्य को सक्षम करने के लिए परिवार आईडी योजना लागू कर रही है। फैमिली आईडी के तहत, सरकार राज्य में प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी करेगी, राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित करेगी जिसका उपयोग राज्य में प्रत्येक पात्र घर को लाभ के सक्रिय वितरण को सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है। फैमिली आईडी पोर्टल उन परिवारों को 12 अंकों की विशिष्ट परिवार आईडी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है जो राशन कार्ड धारक नहीं हैं।

फैमिली आईडी सरकार से लाभ प्राप्त करने के लिए एक बहुत शक्तिशाली निर्माण साबित हो सकता है, पर वर्तमान में, नामांकन स्वैच्छिक हैं। फैमिली आईडी लाभार्थी पहचान के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं के सक्रिय वितरण को सक्षम करेगा और नागरिकों की सरकारी प्रणालियों तक पहुंच में सुधार करेगा। फैमिली आईडी योजना राज्य में सभी परिवारों की एक व्यापक दृश्यता प्रदान करेगी जो बदले में उन व्यक्तियों को योजनाएं/सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी जो पात्र हैं लेकिन लाभ से बाहर हैं। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने जनपदवासियों से अपील किया कि प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश के अध्यासित सभी परिवारों की फैमिली आई0डी0 बनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जिन परिवारों के पास राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत राशन कार्ड निर्गत किये गये है। उनका राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आई0डी0 होगी एवं इसके अतिरिक्त जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है. उन्हें अपनी फैमिली आई0डी0 पोर्टल (familyid.up.gov.in) पर जाकर फैमिली आई0डी0 हेतु रजिस्ट्रेशन करना होगा। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई0डी0 से




सहुलियत होगी, जो परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे है वे भी स्वेच्छा से फैमिली आई0डी0 प्राप्त कर सकते है।

फैमिली आई0डी0 हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया निम्नवत् है - प्रत्येक फैमिली आई0डी0 पंजीकरण हेतु परिवार के सभी सदस्यों का आधार नम्बर वांछित है।

परिवार के सभी सदस्यों का आधार नम्बर किसी मोबाईल नम्बर से लिंक होना अनिवार्य है, जिससे परिवार के सभी सदस्यों का मोबाईल नम्बर ओ0टी0पी0 द्वारा सत्यापित हो सके। यदि आधार से लिंक नम्बर बदल गया है तो आवेदक को नवीन तथा सही मोबाईल नम्बर आधार से लिंक कराते हुए अपडेट कराना होगा।

सर्व प्रथम आवेदक अपना पंजीकरण फैमिली आई0डी0 पोर्टल (familyid.up.gov.in) पर दिये गये रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से करेगा।

आवेदक अपना नाम व मोबाईल नम्बर के माध्यम से मोबाईल ओ0टी0पी0 तथा कैप्चा का उपयोग कर पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण करेगा।

यदि परिवार के पास पूर्व से राशन कार्ड उपलब्ध है तो फैमिली आई0डी0 पोर्टल पर आधार नम्बर के साथ लॉगिंग करने पर यह मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आई0डी0 उपलब्ध है। आवेदक दिये गये टैब पर क्लीक करके अपना फैमिली आई0डी0 प्रिंट/डाउनलोड कर सकते है।

यदि परिवार के पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है तो फैमिली आई0डी0 पोर्टल पर आवेदक द्वारा मोबाईल नम्बर व आधार कार्ड नम्बर दर्ज करने पर मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आई0डी0 उपलब्ध नहीं है। आवेदक तदोपरान्त अपने परिवार का रजिस्ट्रेशन कर सकेगा। फैमिली आईडी 'एक परिवार एक पहचान 'के बारे में या पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी हेतु संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय या तहसील कार्यालय से संपर्क करें।

## प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता

**काउंसिलिंग के माध्यम से 05 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया**



**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । आज दिनांकः 20. 10. 2024 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 05 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे । परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, महिला मुख्य आरक्षी ममता तिवारी व सावित्री यादव, महिला आरक्षी सपना व ओपी सुनीता देवी सहित सदस्यगण सुरेश जायसवाल, डा0कृष्णा सिंह मौजूद रहीं ।

## समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण



**●महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त**

स्वतंत्र प्रभात

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक 20.10.2024 को थाना भदोही एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम हरियावं में तथा थाना चौरी एण्टीरोमियो टीम द्वारा ग्राम जीयनपुर में जन चौपाल लगाकर कर महिलाओं को महिला शक्ति मिशन व अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 पुलिस सहायता नंबर 112 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा नारी सुरक्षा नारी जागरूकता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु महिलाओं और बच्चियों को जागरूक किया गया अधिक जानकारी के लिए शासन द्वारा निर्गत किए गए पेंपलेट को भी वितरित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा महिलाओं द्वारा बताई गई कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## भारत विकास परिषद् शाखा नरायनपुर की एक और गौरव पूर्ण उपलब्धि



**अदलहाट , मीरजापुर।** भारत विकास परिषद् काशी प्रांत द्वारा शनिवार को वाराणसी के अतुलानंद कान्वेन्ट मे आयोजित प्रान्त को जानो प्रतियोगिता में शाखा नरायनपुर से भाग लेने वाली श्री राम प्रसाद सिंह बालिका विद्यालय शेरपुर की होनहार छात्रा सपना कक्षा 9 और सुष्मिता सोनकर कक्षा 10 ने अपने ज्ञान और वॉक चातुर्य के द्वारा भाग लिए हुए 30 विद्यालयों के बच्चों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त करके भारत विकास परिषद् शाखा नरायनपुर को गौरवान्वित किया है। भारत विकास परिषद् शाखा नरायनपुर के पदाधिकारियों ने दोनो बच्चों का सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यक्ष भोला नाथ सिंह आचार्य, अशोक कुमार केशरी, सचिव मनोज कुमार जायसवाल, डा. ओपी सिंह, डॉ. सीबी तिवारी, शमशेर बहादुर सिंह, शिव जायसवाल, तुलसीदास आदि लोग उपस्थित रहे।

# विकास खंड नरायनपुर के ब्लाक मुख्यालय को चुनार से हटाकर नरायनपुर मे संचालित करने की मांग किया धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**अदलहाट , मीरजापुर।** विकास खंड नरायनपुर का ब्लाक मुख्यालय नरायनपुर क्षेत्र के बजाय चुनार तहसील से संचालित किये जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को पटेल त्रिमोहनी स्थित सरदार पटेल परिसर में बैनर के साथ धरना प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने मांग किया कि नरायनपुर के ब्लाक मुख्यालय को ग्राम सभा रैपुरिया में बंद पड़े सरकारी शीतगह नरायनपुर मे स्थापित कर संचालित किया जाय। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी विजय प्रजापति ने बताया कि उच्चाधिकारियों की लापरवाही व अनदेखी के चलते नरायनपुर का ब्लाक मुख्यालय पचीस किलोमीटर दूर चुनार तहसील से संचालित किया जा रहा है।दूर होने के चलते दूर दराज की ग्रामीण



जनता प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं से बंचित हो जा रही है। जनप्रतिनिधियों ,उच्चाधिकारियों ,मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री जनता दरबार तक मांग पत्र दिये जाने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नही हो पायी।ब्लाक मुख्यालय चुनार से संचालित होने से बहुत से गरीब किसान मजदूर आर्थिक तंगी व समय के चलते पहुंच नही पाते है। ग्रामीण राजकुमार मिश्रा ने बताया कि नरायनपुर मे बंद पड़े सरकारी शीतगृह के नाम लगभग छः बीघा जमीन बेकार मे पड़ा हुआ है।सरकारी जमीन का उपयोग ग्रामीण जनता के लाभ को देखकर उपयोग किया जाना चाहिए। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ब्लाक मुख्यालय नरायनपुर मे स्थापित कर संचालित किये जाने से क्षेत्रीय लोगों मे नये रोजगार के अवसर उपलब्ध हो जायेगे।सैकड़ो परिवार का जिवकोपार्जन हो सकेगा। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी समय से हो पायेगी। उक्त अवसर पर सुधीर सिंह, मनोज जायसवाल बीमावाले, बाबाराम, मोहन लाल शर्मा, अनिल सिंह, रामनरेश पटेल पतालू, विनय सिह राजपूत, अनिल मौर्या, प्रधान दीपक प्रजापति आदि तमाम लोग उपस्थित रहें।

# मझवां विधानसभा में बसपा प्रत्याशी ने कार्यालय का किया उद्घाटन

**● बसपा प्रत्याशी ने भरी हुंकार चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में मझवां 397 विधानसभा क्षेत्र के राजपुर धौरुपुर रामाया गार्डन में मंडल प्रभारी हरिशंकर उर्फ दादा चौहान की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री डॉ अशोक कुमार गौतम मुख्य मंडल प्रभारी ने बसपा केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन करते हुए जिला व विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर व बूथों के अध्यक्षों की बारी-बारी से हाजिरी के साथ समीक्षा किया अशोक कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा केंद्र व राज्य में भारतीय जनता पार्टी व विपक्ष कांग्रेस पार्टी सदन के अंदर व बाहर संविधान की कॉपी दिखाने के होड़ में है यह सभी एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं इनकी सोच भी लगभग एक जैसी संविधान को संशोधन करके काफी हद तक जातीवादी व सांप्रदायिक व पूंजीवादी बना दिया रविवार को जारी बयान में कहा कि दोनों अन्य पार्टियों कि जिन राज्यों में सरकार चल रही है वहां गरीबी बेरोजगारी व महंगाई को दूर करने में विफल रही है जनता का



ध्यान बंटाने के लिए जबरदस्ती संविधान बचाने का नाटक किया जा रहा है भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश में बहुत खराब है सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि आप सभी लोग 2007से 12 तक की बसपा सरकार की उपलब्धियां विधानसभा क्षेत्र के गांव के हर बूथ पर बहन कुमारी मायावती शासनकाल की उपलब्धियां बताने काम करें और मझवा विधानसभा प्रत्याशी दीपक तिवारी उर्फ दीपू को भारी मतों से जीता करके सदन में भेजने का काम करें और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे वक्ताओं में गुड्डू राम, बैजनाथ गौतम, बसपा प्रत्याशी दीपक तिवारी जिला अध्यक्ष राजकुमार भारती जिला उपाध्यक्ष सद्दाम राईन ननकू पाल राजेश गौतम यशवंत कुमार राव रामसागर राव कल्लू पाल राम जी गौतम राजू भारती चंद्रबली मुन्नालाल गौतम सुरेंद्र मौर्य ओम प्रकाश मौर्य पूर्व जिलाध्यक्ष शशि भूषण एडवोकेटआदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विदेशी नागरिक के वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर, पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन का प्रबंध कर एयरपोर्ट पहुंचाया गया



**जापानी नागरिक द्वारा मीरजापुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए दिया गया धन्यवाद**

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत वाहन दुर्घटना की सूचना पर थाना अदलहाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को फत्तेपुर टोल प्लाजा से पकड़कर थाने पर लाया गया । इस दौरान यह ज्ञात हुआ कि वाहन में एक विदेशी नागरिक( जापानी ) योशीफूमी सवार है जो शक्तिनगर एनटीपीसी विजिट कर वाराणसी एयरपोर्ट जा रहा है जिसकी बाबतपुर एयरपोर्ट से 20.00 बजे फ्लाईट है । इसकी जानकारी होने पर थाना अदलहाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वाहन का प्रबंध कर विदेशी नागरिक को ससमय एयरपोर्ट पहुंचाया गया । विदेशी नागरिक द्वारा पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए मीरजापुर पुलिस का धन्यवाद दिया गया ।

# पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा

**●नौनिहाल रहे आकर्षण का केंद्र, चलाई 26 किलोमीटर साइकिल**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही–** साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी की अध्यक्षता में सुबह गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से एक पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गयी। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एस एस यादव और समाजसेवी बेचन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। आज की यात्रा की रोचक बात रही कि नन्हे नन्हे बच्चे आलिम खान, अबू हुरैरा अंसारी, अबू दर्दा अंसारी और हसन रजा खान ने भाग लेकर 26 किलोमीटर साइकिल चलाई और लोगों को जागरूक किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर गोपीगंज, पड़ाव, पावर हाउस, चक पड़ौना, छतमी, जंगीगंज, सूफी नगर, वहीदा मोड़ होते हुए मंगापट्टी पहुंची। वहां पहुँचने पर इग्नू अध्ययन केंद्र के पूर्व संयोजक मास्टर इम्तियाज अंसारी व सेराज अहमद शिक्षा सेवा समिति के अध्यक्ष सेराज अहमद बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे और सभी साइकिल चालकों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मास्टर इम्तियाज अंसारी ने कहा कि सुबह उठकर योग व्यायाम करना हमेशा से फायदेमंद रहा है। अगर आप सुबह उठकर योग व्यायाम करते हैं, साइकिल चलाते हैं या कोई खेलकूद करते हैं तो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी और आप बीमार नहीं पड़ेंगे। आपलोग रोज सुबह उठकर लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कर रहे हैं जो बहुत ही प्रशंसनीय और सराहनीय कार्य है।

मास्टर इम्तियाज अंसारी और सेराज अहमद ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और साथ ही साथ साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर मंगापट्टी, सुधवै, सुभाष नगर, गोधना, बड़ागांव, जंगीगंज के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए ब्लॉक संसाधन केंद्र डीघ में इसका समापन हुआ ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा नेपाल, बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है। साइकिल यात्रा में रियाज अंसारी, मोहम्मद इलियास कैप्टन, सरफराज अहमद, मुश्ताक अंसारी, आफताब खान, वकील अहमद, जावेद अंसारी, प्रेम पाल, आफताब आलम, सोहराब अंसारी, अबरार हाशमी, प्रवीण सिंह टंडन, हसनैन अली, परवेज आलम, वैस अंसारी, नुमान अंसारी, एहसान अंसारी, अजीम अंसारी, महमूद आलम, राजीव जायसवाल, महेंद्र यादव, कमलेश कश्यप, प्रमोद मौर्य, आलम अंसारी, इम्तियाज अहमद, फैज अली, इलहाम अंसारी, अफ़ान अंसारी, साद अंसारी, युसूफ अंसारी, किशन यादव, अमन यादव, हजारी लाल, प्रियांशु यादव, आदर्श विश्वकर्मा, साहिल विश्वकर्मा समेत आदि रहे।

# पक्का घाट पर आलोक मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर ।** नगर के पक्का घाट पर संचालित माँ गंगा की आरटी के सह संचालक आलोक मिश्रा के आकस्मिक निधन पर श्रद्धाञ्जलि सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने माँ गंगा की सेवा के साथ ही पत्रकारिता जगत में सक्रिय आलोक को नम आँखों से श्रद्धाञ्जलि अर्पित किया। वरिष्ठ पत्रकार सलिल पांडेय ने निर्भिकता एवं कर्मठता से सेवा कार्य में उनकी सहभागिता को सराहा। कहा कि जिस वक्त कोरोना काल में सारा काम काज ठप्प था। लोग घरों में



कैद होने के लिए विवश थे। उस वक्त भी कोरोना की गाइड लाइन का पालन करते हुए माँ गंगा की आरती की जाती थी। सार्वजनिक आरती होने के बावजूद किसी को आरती दानी नहीं दिया जाता था। ताकि कोई घातक वायरस का शिकार न हो। सबकी कुशलता की कामना के साथ सेवा कार्य चलता रहा । विभूति मिश्रा ने आलोक के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला कहा कि उनके रिक्त स्थान की पूर्ति नहीं किया जा सकता। दो मिनट का मौन रख कर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस मौके पर सलिल पांडेय, विभूति मिश्र, नितिन अवस्थी, विंध्यवासिनी केसरी, मनोज केसरी, जय कुमार श्रीवास्तव, समर चन्द, अभय कृष्ण चरण दास, श्याम प्रसाद दास, राजन, शुभम, सुनील द्विवेदी, राजेश मिश्र, मनीष कुमार, तरुण पांडेय, रामलाल साहनी एवं राजू आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास



**साहेबगंज, झारखंड-** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती की उपस्थिति में 01-राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी कपिल कुमार, 02- बोरियो (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 03 -बरहेट (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत ने नामांकन प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास किया।

### झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, 11 महिला उम्मीदवारों को मिला टिकट

**रांची, झारखंड-** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 11 महिलाओं को भी जगह दी गई है। प्रमुख चेहरों में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन का नाम शामिल है। धनवार सीट से बाबूलाल मरांडी और सरायकेला सीट से चंपई सोरेन चुनाव लड़ेंगे। चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को भी घाटशिला से टिकट दिया गया है। इसके अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को पोटका से और रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास को जमशेदपुर पूर्व से मैदान में उतारा गया है। बीजेपी ने चार ऐसे उम्मीदवारों को भी विधानसभा चुनाव में मौका दिया है, जो पिछली बार लोकसभा चुनाव हार चुके थे। इनमें प्रमुख नाम सुदर्शन भगत (गुमला) और गीता कोड़ा (जगन्नाथ कोटे) शामिल हैं। एनडीए गठबंधन के तहत, भाजपा झारखंड में 68 सीटों पर आँल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन 10 सीटों पर, जनता दल (यूनाइटेड) 2 सीटों पर और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव आयोग के अनुसार, झारखंड में दो चरणों में मतदान होगा 13 और 20 नवंबर को। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### बरही विधानसभा चुनाव 2024 - उम्मीदवारों के दैनिक व्यय की जाँच की तिथि घोषित

**अनुमण्डल कार्यालय द्वारा चुनाव व्यय की जाँच प्रक्रिया की घोषणा**

**बरही-** बरही विधानसभा चुनाव 2024 में भाग ले रहे उम्मीदवारों द्वारा किए गए दैनिक व्यय से संबंधित लेखा और अभिश्रव (वाउचर) की जाँच की तिथियाँ और स्थान घोषित कर दिए गए हैं। यह जाँच प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय बरही में आयोजित की जाएगी। जाँच तिथियाँ में प्रथम जाँच 1 नवंबर 2024, द्वितीय जाँच 6 नवंबर 2024, तृतीय जाँच 11 नवंबर 2024 को अनुमण्डल कार्यालय, बरही में समय सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी उम्मीदवारों को अपने दैनिक व्यय का लेखा प्रपत्र में अंकित कर अभिश्रव (वाउचर) की छायाप्रति, अद्यतन पासबुक के साथ जाँच के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कोषांग के अधिकारीगण व्यय लेखा का गहन परीक्षण कर उसी दिन संबंधित नोडल अधिकारी को प्रतिवेदन सौंपेंगे, और यह रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाएगी। इसके साथ ही, व्यय पंजी का स्कैन कर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 30 अक्टूबर 2024 को अपराह्न 04:00 बजे सभी उम्मीदवारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें उनकी उपस्थिति अनिवार्य है।


### लाखों रुपये की नगदी और कीमती जेवरात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**इलाज के लिए घर से गए परिवार के घर में सेंधमारी, पुलिस से जांच की मांग**

**बरही-** बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना गांव में दिनांक 18 अक्टूबर 2024 की रात एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। संतोष कुमार, जो लस्करी मोड़ गांव के निवासी हैं, ने इस संबंध में बरही थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत दी है। संतोष कुमार के आवेदन के अनुसार, उनके पिता की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण वे और उनकी मां हजारीबाग इलाज के लिए चले गए थे, जिस समय घर खाली था। संतोष कुमार ने अपने पिता को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया और वहीं रुक गए। जब वे 19 अक्टूबर की शाम घर लौटे, तो घर के बॉन्ड्री गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर प्रवेश करते ही पाया कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर सभी कमरों के दरवाजे भी टूटे हुए मिले और गोदरेज को तोड़कर करीब 7 लाख रुपये नगदी और 14 लाख रुपये के कीमती सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए]। चोरी हुई नगदी में लोन की रकम शामिल थी, जिसे अगले दिन बैंक में जमा करना था। घटना की जानकारी मिलते ही संतोष ने आसपास के लोगों को बुलाया और तुरंत पुलिस को 100 नंबर पर कॉल कर सूचना दी। संतोष कुमार ने यह भी बताया कि इससे पहले 15 सितंबर 2024 को उनकी मां सरोज देवी के साथ भी एक घटना घटी थी, जब दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली थी। उस घटना की भी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों को जल्द पकड़ने की मांग की है। वहीं बरही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## देश में संविधान एवम मनुस्मृति के बीच की लड़ाई कहना भारतीय जनमानस का अपमान-हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात




**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** भारतीय राष्ट्र को राज्यों का संघ कहने वाले कांग्रेस सांसद एवम लोक सभा में विपक्ष के नेता, राहुल गांधी द्वारा देश का संविधान व मनुस्मृति के बीच की लड़ाई कहने पर,हिन्दु विचार मंच ने इसे आपत्ति जनक कहते हुए भारतीय जनमानस का अपमान बताया। मंच ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है भारत वर्ष एक अतिविशिष्ट धर्म, संस्कृति प्रधान प्राचीन राष्ट्र है लेकिन दसवीं सदी में शक्तिशाली सम्राट नहीं रहने से भारत वर्ष, एक हजार सालों तक पराधीन रहने के उपरांत अनेकों राष्ट्र भक्तों से बलिदानों से भारत स्वतंत्र होने के बाद,देश के विधिवत् संचालन हेतु वर्षो मनन व गहन चिंतन से भारतीय संविधान तैयार किया गया है। भारत प्रजातांत्रिक राष्ट्र है और संसदीय चुनाव पद्धति में सभी राजनैतिक दलों को अपनी पार्टी व जनहित में, प्रचार अभियान को नियम व मर्यादा से अधीन अधिकार प्रदत्त चुनाव आयोग द्वारा दिया गया है। लेकिन कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी कई अवसरों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आड़ मे,वे राष्ट्र तथा सनातन धर्म, संस्कृति विरोधी बातें कहते रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने19अक्टूबर को झारखण्ड की राजधानी रांची में जैप के शौर्य सभागार में प्रदेश कांग्रेस के सौजन्य से आयोजित, संविधान सम्मान सम्मेलन के अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों के साथ, अपने संवाद के क्रम में वे संविधान को बचाने,देश की वर्तमान हालत में सुधार का आह्वान किया।राहुल गांधी रांची आने के क्रम में उन्होंने आदिवासी, पिछड़ों, दलितों अधिकार देने आदि की बातें कही वह तो केन्द्र सरकार की निंदा, आलोचना भी की चुनाव के क्रम में या कई अवसरों पर राजनैतिक पार्टियां एक दुसरे के विरूद्ध कहती रही हैं।परन्तु राहुल गांधी का यह कहना कि देश में संविधान और मनुस्मृति के बीच लड़ाई है।क्या राहुल गांधी यह जानते हैं कि मनु कौन एवम कितने हैं और कब आए?तथा मनुस्मृति क्या है? उन्होंने ने क्या प्रमाणिक मनुस्मृति का मनन व गहन अध्ययन किया है? राहुल गांधी प्रधानमंत्री मंत्री सरकार की तथ्य परख आलोचना करें।और भ्रष्टाचार, संविधान की अवमानना, राष्ट्रपति मुर्मू जी का राम मंदिर उद्घाटन में नहीं बुलाना पर ठोस प्रमाण है तो कोर्ट का शरण लें।उन्हें स्मरण रखना चाहिए कि, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने ही 42संविधान संशोधन कर धर्म निरपेक्ष शब्द,व कांग्रेस की सरकार ने ही वक्फ बोर्ड का अधिकार देकर भारत में अराजकता का वातावरण,पैदा किया है। जम्मू-काश्मीर में पुनः 370वापस लाने का वादा करना क्या भारत विरोधी पहल नहीं है? एक ओर राहुल गांधी पिछड़ों, दलितों,आदिवासियों की बातें कर जातिय गणना पर जोर देकर वे सनातनियों को जातियों में बांट कर, वैमनस्यता पैदा कर रहे हैं केवल वोट के लिए।यदि विगत 65वर्षो के शासन काल में कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण न कर,सभी देश वासियों की प्रगति की सफल चेष्टा करती तब कांग्रेस को भारत में साम्प्रदायिक तथा जातियों में, भेद पैदा करने की आवश्यकता कतई नहीं होती।

## हजारीबाग सदर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**हज़ारीबाग-** हजारीबाग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर पहली बार नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के द्वारा प्रदीप प्रासाद का जोरदार स्वागत किया गया है। भाजपा शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा हजारीबाग सदर विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किए जाने के पश्चात प्रदीप प्रसाद ने परिवारजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ माँ छिन्नमस्तिका के दरबार में उनके चरणों में शीष झुकाकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां पर भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद प्रदीप प्रसाद हजारीबाग आनंदपुरी अपने निवास स्थान पहुंचे, जहां पर अपनी मां का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद कार्यकर्ताओं एवं समर्थको के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर एवं कालीबाड़ी मंदिर पहुंच कर भगवान के सामने शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद झंडा चौक स्थित सांसद कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदीप प्रसाद ने संगठन का आभार जताते हुए कहां की केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व में मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा और इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर को भारी बहुमत से जीताने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा पहला लक्ष्य होगा हजारीबाग को स्वच्छ बनाना सुंदर बनाना एवं विकास के पथ पर अग्रसर करना। जिला महामंत्री सुमन कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी एवं हजारीबाग विधानसभा सीट रिकॉर्ड मतों से जीतेगी। सांसद कार्यालय से निकलने के बाद प्रदीप प्रसाद ने जैन मंदिर, महावीर स्थान, बड़ा अखाड़ा, रानी सती मंदिर, मटवारी दुर्गा मंडप एवं करा शिव मंदिर दुर्गा मंडप में माता टेकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। रास्ते में जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं समर्थ को एवं लोगों ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद देव, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला मंत्री कुणाल दुबे, भाजपा कार्यालय मंत्री कुंवर मनोज सिंह, जिला मीडिया सह प्रभारी विवेक जोशी, जिला आईटी सेल संयोजक सुमित लाहेरी, नगर अध्यक्ष विवेक बरियार, नगर अध्यक्ष विजय चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता के पी ओझा, विनोद झुनझुनवाला दिनेश कुमार, मुनिन्द्र शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष साक्षी राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजकरण पांडेय, भाजपा नेता पंकज गुप्ता, रिंकू वर्मा, अमित कुमार, विनीता पासवान, दीपक मेहता मंडल अध्यक्ष गण सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हजारीबाग सदर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**हज़ारीबाग-** हजारीबाग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर पहली बार नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के द्वारा प्रदीप प्रासाद का जोरदार स्वागत किया गया है। भाजपा शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा हजारीबाग सदर विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किए जाने के पश्चात प्रदीप प्रसाद ने परिवारजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ माँ छिन्नमस्तिका के दरबार में उनके चरणों में शीष झुकाकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां पर भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद प्रदीप प्रसाद हजारीबाग आनंदपुरी अपने निवास स्थान पहुंचे, जहां पर अपनी मां का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद कार्यकर्ताओं एवं समर्थको के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर एवं कालीबाड़ी मंदिर पहुंच कर भगवान के सामने शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद झंडा चौक स्थित सांसद कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदीप प्रसाद ने संगठन का आभार जताते हुए कहां की केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व में मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा और इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर को भारी बहुमत से जीताने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा पहला लक्ष्य होगा हजारीबाग को स्वच्छ बनाना सुंदर बनाना एवं विकास के पथ पर अग्रसर करना। जिला महामंत्री सुमन कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी एवं हजारीबाग विधानसभा सीट रिकॉर्ड मतों से जीतेगी। सांसद कार्यालय से निकलने के बाद प्रदीप प्रसाद ने जैन मंदिर, महावीर स्थान, बड़ा अखाड़ा, रानी सती मंदिर, मटवारी दुर्गा मंडप एवं करा शिव मंदिर दुर्गा मंडप में माता टेकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। रास्ते में जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं समर्थ को एवं लोगों ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद देव, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला मंत्री कुणाल दुबे, भाजपा कार्यालय मंत्री कुंवर मनोज सिंह, जिला मीडिया सह प्रभारी विवेक जोशी, जिला आईटी सेल संयोजक सुमित लाहेरी, नगर अध्यक्ष विवेक बरियार, नगर अध्यक्ष विजय चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता के पी ओझा, विनोद झुनझुनवाला दिनेश कुमार, मुनिन्द्र शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष साक्षी राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजकरण पांडेय, भाजपा नेता पंकज गुप्ता, रिंकू वर्मा, अमित कुमार, विनीता पासवान, दीपक मेहता मंडल अध्यक्ष गण सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल वैन का फिटनेस और इंश्योरेंस फेल, लापरवाही उजागर

**●शनिवार को हुई वाहन दुर्घटना में 5 घायल बच्चों में एक की हालत गंभीर**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** एक बार फिर स्कूल प्रशासन और वाहन मालिकों की लापरवाही की वजह से मासूम बच्चों की जान खतरे में पड़ गई। स्वामी विवेकानंद स्कूल, खोड़ाहर की एक वैन जिसका फिटनेस और इंश्योरेंस दोनों ही फेल था शनिवार को हुई एक दर्दनाक दुर्घटना का शिकार हो गई थी जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार को यह दुर्घटना बरही के खोड़ाहर क्षेत्र में घटित हुई, जब स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही टाटा मैजिक वैन वाहन संख्या जेएच 02 एएफ 1443 विपरीत दिशा से आ रहे एक बड़े ट्रेलर वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन में सवार बच्चों में से पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि सभी बच्चों की हालत अब स्थिर है, लेकिन उनकी चोटें गंभीर हैं और आगे की देखभाल की आवश्यकता है। दुर्घटना के बाद, जब जांच की गई तो यह खुलासा हुआ कि टाटा मैजिक वैन का फिटनेस सर्टिफिकेट और इंश्योरेंस दोनों ही समाप्त हो चुके थे। वैन का फिटनेस सर्टिफिकेट 28 जनवरी 2017 को ही समाप्त हो चुका था, जबकि इंश्योरेंस 27 जनवरी 2016 से ही नवीनीकृत नहीं किया गया था। ऐसे में यह साफ हो गया है कि वैन को पूरी तरह से गैरकानूनी रूप से सड़क पर चलाया जा रहा था, जो न केवल बच्चों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा था, बल्कि कानून का भी उल्लंघन था। इस घटना ने स्कूल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी होती है कि वे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, लेकिन यहां वैन का फिटनेस और इंश्योरेंस दोनों की समाप्ति के बाद भी उसका उपयोग जारी था। यह दर्शाता है कि स्कूल प्रशासन ने न तो वाहन की स्थिति पर ध्यान दिया और न ही बच्चों की सुरक्षा पर। पुलिस ने दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर वैन को अपने कब्जे में कर लिया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस गंभीर लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, स्कूल प्रशासन को भी इस घटना के लिए जवाबदेह ठहराया जा रहा है। इस घटना के बाद से अभिभावकों में भारी आक्रोश है। उन्होंने स्कूल प्रशासन और परिवहन विभाग की लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाई है और मांग की है कि स्कूलों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी वाहनों की उचित जांच-पड़ताल की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरही किशोर कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए डीटीओ को पत्राचार करते हुए सभी वाहनों की जांच करवाई जाएगी। साथ ही विद्यालय के स्थिति का भी निरीक्षण किया जाएगा।

## धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने अपने पुत्र की 6वीं पुण्यतिथि पर आयोजित की शोक सभा, कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता हुए शामिल

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया और सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत को छह वर्ष बीत चुके हैं। दीपक कुमार का निधन उनके परिवार और समाज के लिए गहरा आघात था। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने अपने करियातपुर स्थित आवास पर अपने पुत्र की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर एक शोक सभा का आयोजन किया। इस शोक सभा में परिवार के सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता शामिल हुए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने इस अवसर पर अपने पुत्र को याद करते हुए कहा कि दीपक की यादें उनके जीवन का हिस्सा बनी रहेंगी। शोक सभा में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। शोक सभा में पहुंचे सभी लोगों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र स्व. दीपक कुमार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर डोमन पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, जितेन्द्र यादव उर्फ मंटु यादव, वार्ड सदस्य मो हसमत, जय गोविन्द प्रसाद, दिवाकर कुशवाहा, सुरेश पंडित प्रकाश साव, नरेश कुमार वर्मा, तिलक यादव, उमेश यादव, रवि कुमार, सुरज साव, दीपक केशरी, संतोष पंडित, मोहन प्रसाद, विनय कुमार, मनोज कुमार, विनोद कुमार, महेंद्र कुमार, जगदीश महतो, प्रभु महतो, शंभूनाथ महतो, अजीत प्रसाद, विनोद कुशवाहा, तारकेश्वर प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, कमल प्रसाद , प्रकाश प्रसाद, रामजी प्रसाद, अनिल कुमार, उमेश प्रसाद, बंधु महतो, अरुण कुमार, दीपक प्रसाद, नरेश प्रसाद, संतोष प्रसाद, दिलीप प्रसाद, चिरंजीवी प्रसाद, नन्दलाल प्रसाद, दिनेश जायसवाल, कमलेश कुशवाहा, अरविंद कुमार भारती, भुवनेश्वर साव, चंदन केशरी, उमेश यादव, बैजनाथ यादव, संतोष यादव, विकाश यादव, राजेन्द्र यादव, योगेन्द्र साव, सहित कई राजनीतिक व सामाजिक लोग मौजूद थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता वाहन को किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात




**रांची, झारखंड-** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। श्री कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस हेतु कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेगें। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। प्रचार वाहनों को रवाना करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन,2024 बाबत पूरे राज्य में स्थानीय थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता , उप निदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

## बिरहोर कॉलोनी केवाल में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन, मतदाताओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अगुवाई में रविवार को बरही प्रखंड के केवाल गांव के बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, बरही एसडीओ जोहन टुडू, बरही बीडीओ जयपाल महतो एवं सीओ अमित किस्कू मौजूद रहे। इस दौरान बिरहोर समुदाय के लोगो के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने बताया कि केवाल के बिरहोर टोला में लगभग सौ मतदाता है, जिनकी चुनावी भागीदारी आवश्यक है। आज इन लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का कार्यकम आयोजित कर चुनाव संबंधी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के दौरान ईवीएम की मार्गदर्शिका का भी वितरण किया गया। 13 नवंबर 2024 मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र में जाकर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना और चुनाव प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। आयोजित स्वीप कार्यक्रम के दौरान बिरहोर परिवारों को मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व को समझाया गया और चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और उनसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वहीं इस अवसर पर निर्वाची पदाधिकारी सह बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति का वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि बिरहोर समुदाय के लोगों को भी चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और अपने मताधिकार का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सभी योग्य मतदाता यह सुनिश्चित करें कि वे मतदान केंद्र पर जाकर अपने वोट का प्रयोग करें, क्योंकि इससे सशक्त सरकार का गठन होता है।

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल संग बड़कागांव के बीजेपी प्रत्याशी ने मां अष्टभुजी और पुरनी पेटो स्थित बुढ़िया माता स्थान में किया पूजा-अर्चना

स्वतंत्र प्रभात



**हज़ारीबाग/बड़कागांव-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी के दरबार और पुरनी पेटो स्थित प्राचीन बुढ़िया माता स्थान में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के साथ पहुंचकर पूजा- अर्चना करके आगामी विधानसभा चुनाव प्रचार का विधिवत् शंखनाद किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा रोशन लाल चौधरी को प्रत्याशी घोषित किए जाने के रविवार को उनके साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय मनीष जायसवाल ने केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी और पुरनी पेटो स्थित बुढ़िया माता के दरबार में माथा टेकने के बाद केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेलतू, पतरा खुर्द, छोटकी गर्री, गर्री कला, पतरा कला गेट, कोदवे, बैंगवरी, बालेदेवरी, चट्टी बरियातू, केरेडारी, लयसुकुवार, पेटो, पुरनी पेटो, बटुका, तरवां, हफुआ, बुंडू, पताल एवं टंडवा प्रखंड स्थित कल्याणपुर, कारो, पिपचो, बचरा एलओ कॉलोनी, बचरा बाजारटांड़ और बचरा चार नंबर गेट का सघन तूफानी दौरा करते हुए जनसमर्थन मांगा। इस क्षेत्र कई जगहों पर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का स्वागत और अभिनंदन किया गया। मौके पर विशेष रूप से केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, बड़कागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्री सिंह, उपेंद्र सिंह, संजीव मिश्रा, भाजपा जयनारायण प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, मूलचंद साव, महेंद्र सिंह, अमित गुप्ता, रंजीत कुमार, उपेंद्र कुमार, मेवालाल नाग, राकेश कुमार, आजसू नेता दिलीप दांगी, संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, तापेश्वर कुमार तापस, गिरेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बरही से दीपक गुप्ता को टिकट दे कांग्रेस - साहू समाज

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा तथा साहू समाज के अन्य संगठनों ने बरही विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष व स्थानीय निवासी दीपक कुमार गुप्ता को प्रत्याशी बनाने की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों व सक्रिय सदस्यों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी को दिया है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष को दिए गए आवेदन में समाज ने कहा है कि बरही विधानसभा क्षेत्र (21) में वैश्य समाज के लगभग 95000 वोटर हैं जिसमें तैलिक समाज के 65000 वोटर हैं। लेकिन आजादी के बाद अब तक इस क्षेत्र से कभी भी वैश्य समाज से कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। बरही विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में वोटर वर्तमान में न्याय योद्धा राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के मुद्दों से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़े हैं। दीपक गुप्ता को न सिर्फ वैश्य समाज का समर्थन प्राप्त है बल्कि विभिन्न वर्गों और समूहों में भी उनकी अच्छी पकड़ है। वह युवा और शिक्षित हैं। स्थानीय मुद्दों को लेकर मुखर रहते हैं, बुद्धिजीवी वर्ग में अच्छी पैठ है।

## कोल्हुआकला पंचायत में बूथ कमेटी का सत्यापन, विधायक उमाशंकर अकेला को जिताने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत में रविवार को पूर्व मुखिया सह मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव और दशरथ यादव ने बूथ कमेटी का सत्यापन किया। इस दौरान बूथ कमेटी के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर महागठबंधन की सरकार को दोबारा सत्ता में लाने और विधायक उमाशंकर अकेला को जिताने का संकल्प लिया। सत्यापन के दौरान मौजूद सदस्यों में प्रभु यादव, गंगाधर पंडित, सुरेंद्र पंडित, शिवनाथ यादव, संतोष यादव, रामदेव यादव, राहुल यादव, रफीक अंसारी, प्रदीप पासवान, रियाज अंसारी, शमशेर अंसारी, मीना देवी, पिंकी देवी, प्रमोद राम, पप्पू राम, दिवाकर यादव, महेंद्र कुमार, शियालाल यादव सहित कई अन्य लोग शामिल थे। सभी सदस्यों ने मिलकर चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की और पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# करवा प्रधान महिलाओं का देश भारत

भारत कृषि प्रधान देश बचा है या नहीं लेकिन भारत 'करवा' प्रधान देश अवश्य है । इस देश में महिलाएं भी करवा प्रधान हैं। महिलाओं का आपने पति और बच्चों के प्रति समर्पण न केवल परिवार को बल्कि बाजार को भी लगातार शक्ति प्रदान कर रहा है। मुझे लगता है कि यदि भविष्य में भारत की अर्थ व्यवस्था 5 ट्रिलियन की हुई तो इसमें हमारी लोकप्रिय सरकार कि साथ ही हमारी करवा प्रेमी महलाओं का बड़ा हाथ होगा।

दरअसल न होते हुए भी और शादी-शुदा मर्दों की तरह मै भी एक 'करवा' हूँ । करवा मिटटी का भी होता है और शक़्कर का भी । करवा आजतक नमक का नहीं बना। करवा पति का प्रतीक है। इसमें एक टोंटी भी होती है । आजकल करवे ब्रांडेड आने लगे हैं ,इसलिए कुम्हारों के करवों पर ठीक वैसा ही संकट मंडरा रहा है जैसा भारत और कनाडा के रिश्तों पर। संयोग से अभी करवा उद्योग पर ए-1, ए -2 की नजर नहीं पड़ी अन्यथा करवा भी, कभी का इनका हो गया होता किसानों की मंडियों की तरह। ए-1 और ए-2 कोई भी चीज बेचने का हुनर जानते है। वे किसी दिन मुल्क बेचने लग जाएँ तो हैरान मत होइएगा।

बहरहाल बात करवा और उससे जुड़ी चौथ की हो रही है । इस महानतम और पवित्रतम यानि पाकीजा व्रत का सृजक कौन है, मै नहीं जानता । जानने की कोशिश भी की लेकिन जान नहीं पाया । वेद-पुराण मैंने पढ़े नहीं हैं और 'गूगलेश्वर 'भी इस व्रत के बारे में उतना ही जानते हैं, जितना की मै। इस कथा के बारे में किसी दिन फुर्सत में अपने अनुज मनोज श्रीवास्तव से पूछूंगा। वे चिर विद्वान सेवानिवृत नौकरशाह हैं और आज भी सरकार की सेवा कर रहे हैं। मैंने अपनी माँ को भी करवा चौथ का व्रत करते देखा है जबकि मुझे पता था कि उनकी उनके करवे से जीवन भर अघोषित अनबन रही। गांव में मैंने किसी को करवा चौथ का व्रत करते नहीं देखा था । कम से कम बूढी हो चुकी सुहागिन महिलाओं को तो बिलकुल नहीं। फिर भी उनके करवे शतायु होते दिखाई दिए। हालाँकि जिन देशों की महिलाएं ये कठिन व्रत नहीं करतीं उनके करवे भी लम्बी उम्र पाते हैं।

भारत की महिलाओं को अपने पति और संतान की फ़िक्र सरकार से भी ज्यादा होती है। वे अपने पति की लम्बी उम्र के लिए केवल करवा छठ का ही नहीं बल्कि तीज का भी व्रत करतीं है। संतान के लिए संतान सप्तमी का व्रत है। महिलाएं कभी तुलसी पूजती हैं तो कभी आंवला। पुरुषों को इन सबकी परवाह करते कभी देखा नहीं। हमारे महान विद्वानों ने लगता है कि पुरुषों के लिए ऐसे कठिन व्रत रचे ही नहीं। आखिर ये व्रत कथाएं रचने वाले भी तो पुरुष ही है। वे क्यों किसी लफड़े में पड़ने लगे। वे पुजना जानते हैं लेकिन पूजना नहीं जानते या पूजना नहीं चाहते।

देश में मेरे जन्म से पहले टीवी नहीं आया था और मेरे युवा होने तक टीवी की पहुँच भी कम थी और वो रंगीन भी नहीं था,इसलिए करवा चौथ व्रत पर भी इसका कोई असर नहीं हुआ था, किन्तु जब से टीवी की पहुँच सेटेलाइट के जरिये टीवी सेट्स से भी आगे मोबाइल के जरिये दूर-दूर तक पहुंची है ,तब से करवा चौथ व्रत भी रंगीन ही नहीं बल्कि संगीन हो गया है। करवा चौथ से ठीक पहले टीवी हो या मोबाईल ,अखबार हों या पत्रिकाएं करवाप्रेमी महिलाओं के लिए हीरे से लेकर सोने तक के आभूषण की नयी रेंज परोसना शुरू कर देते हैं। साडी वाले साड़ियां ,घड़ियों वाले घड़ियां लेकर ऐसे ललचाते हैं कि बेचारे करवे का बजट ही बिगड़ जाता है। यदि खरीदारी न करवाए तो उसका अपनी पत्नी के प्रति प्रेम संदिग्ध हो जाता है ,क्योंकि विज्ञापनों [ जिंगल्स ]की 'पंच लाइन 'ही होती है कि - जो अपनी बीबी से करे प्यार, वो खरीदारी से कैसे करे इंकार 'न खरीदो तो आफत और खरीदो तो डबल आफत।

पिछले कुछ वर्षों से मै देख रहा हूं कि अब करवा चौथ पर सजने-सजाने की भी स्पर्धा शुरू हो गयी है । फेसियल से लेकर मेंहदी तक, सदियों से लेकर गहनों तक ये सजावट प्रतियोगिता चल रही है। सरकार भले ही नौजवानों और नौजवानियों को रोजगार न दे पा रही हो लेकिन इस करवा छठ व्रत ने सरकार का काम कर दिखाया है। कभी-कभी शक होता है कि इस सबके पीछे बाजार के साथ ही कहीं अपनी सरकार भी तो नहीं खड़ी ?

समय के साथ करवा चौथ हो या तीज या बिहार वाली छठ पूजा सभी का चरित्र



तेजी से बदला है । अब देश के अनेक हिस्सों में पत्नी प्रेमी पुरुष खासकर नौजवान जिन्होंने प्रेम विवाह किया होता है वे अपनी पत्नियों के त्याग को देखकर करवा छठ के दिन खुद बहुद भी निर्जला व्रत रहने लगे हैं । ये काम हालाँकि शर्मा-शरमी और बेशर्मी के चलते शुरू हुआ है ,लेकिन हुआ तो है । हम इस शुरुवात का स्वागत करते हैं। हमारे भीतर तो अपनी पत्नी जितनी कूबत नहीं की पूरे दिन निर्जला रहा सकें ,इसलिए हमने कभी ये व्रत नहीं किय। उलटे अपनी 'करवी 'से ही सुबह की चाय बनवाकर पी ली। चाय कोई 'अमरमूल '[ बुंदेली में अमृत की जड़ ] नहीं है लेकिन इसकी लत देश के बहुसंख्यक करवों और करवियों को भी है। आजकल तो बच्चे भी चाय के शौकीन हो गए हैं। मै महिलाओं यानी करवियों के इन तमाम व्रतों को देश की सबसे बड़ी अदालत में चुनौती देना चाहता हू। मेरा मानना है कि ये असंवैधानिक हैं। इनका हमारे संविधान में कहीं कोई जिक्र नहीं है। इसलिए इन पर महिलाओं के हित में रोक लगाई जाये । दरअसल हाल ही में हमारी न्याय की देवी के हाथ से तलवार हटाकर संविधान की प्रति पकड़ाई गयी है ,इसलिए मुझे लगता है कि अदालत इस नए विषय पर मेरी याचिका ग्राह्य कर सरकार को नोटिस दे सकती है। अदालत तो अदालत है ,हो सकता है कि मेरी याचिका उसी तरह ख़ारिज कर दे जिस तरह ईवीएम के बारे में दायर तमाम याचिकाओं को खारिज किया जा चुका है। आखिर कौन सी अदलात होगी जो अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मारना चाहेगी । अदालतों में भी तो बहुसंख्यक करवे ही आसीन होते है। वकील भी करवे हैं और माननीय जज साहिबान भी करवे ही है। अपने-आपने घर में सभी पूजे जाते हैं। कम से कम 365 दिन में करवा चौथ और तीजा के दिन तो उनकी भी पूछ-परख होती है।


हमने पता है कि हमारी धर्मभीरु सरकार नारियों के लिए बने इस तरह के तमाम तीज -त्यौहारों का विरोध नहीं कर सकत। सरकार सनातनी है। सरकार नारी शक्ति वंदन करतीी है। सरकार तो उलटे व्रती महिला कर्मियों को ही नहीं बल्कि उनके पतिओं कोभी इस दिन छुट्टी दे देती है । सरकार छुट्टी न भी दे तो कैलेंडर छुट्टी करा देता है। सब जानते हैं कि इन कठिन व्रतों के लिए महिलाओं को अवकाश देना कितना पुण्य का कार्य है । मानवाधिकारों का इन व्रतों से कुछ लेना देना नहीं है भले ही शरीर में पानी की कमी से व्रती महिलाओं के प्राणों को कोई संकट ही पैदा क्यों न हो जाये ? हमने तो छठ पूजा और करवा छठ पर श्रीमती रेवड़ी देवी को ही नहीं हमारी पूर्व विदेशमंत्री सुषमा स्वराज को भी व्रत करते और नख-शिख सजते संवरते देखा है। पतियों की लम्बी उम्र कि लिए व्रत रखने वाली विदुषियों कि प्रति मेरी पूरी सहानुभूति है । मै समस्त सुहागिनियों का सम्मान भी करता हूँ । मै उनका भी आभारी हूँ जिन ज्वेलर्स और पार्लर वालों ने करवा चौथ व्रतधारी महिलाओं कि लिए मुफ्त में मेंहदी श्रृंगार और चाय-नाश्ता की व्यवस्था की है। कम से कम करवों का कुछ तो पैसा बचा ! मेरी उन करवों कि प्रति भी हार्दिक सहानुभूति है जो करवा चौथ कि दिन या इसकी पूर्व संध्या पर हजारों रूपये से कटे। मै अपनी महिला पाठकों से भी विनम्रतापूर्वक अग्रिम क्षमा याचना करता हूँ और निवेदन करता हूँ कि वे मेरे विचारों को लेकर उद्वेलित न हों । आखिर मै भी तो किसी का करवा हूँ।

**राकेश अचल**

# देश को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकते कुंठाग्रस्त लोगों के विमर्श

भारतीय मीडिया विशेषकर इलेक्ट्रानिक मीडिया इन दिनों जितने निम्नस्तर पर जाकर अपने दर्शकों को उकसा और वरग़ला कर उनमें धार्मिक उन्माद व नफ़रत पैदा कर रहा है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ऐसा लगता है कि पिछले दस वर्षों से मीडिया को देश में नफ़रत फैलाने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की खुली छूट मिली हुई है। झूठी ख़बरें प्रसारित करना,टी वी एंकर्स द्वारा झूठे ट्वीट करना फिर अपने उसी ट्वीट को डिलीट कर देना,अपनी विचारधारा से मेल न खाने वाले टी वी वार्ता के पैनल्स के सदस्यों को अपमानित करना,उनके साथ गली गलोच करना और यदि वह मुसलमान है तो उसे सीधे तौर पर मुल्ले ,कटुवे या आतंकवादी,पाकिस्तानी,जिहादी आदि कुछ भी कहकर संबोधित करना बिल्कुल आम बात होती जा रही है। नफ़रती संस्कारों में परवरिश पाने वाले यह लोग अपने अपनी उम्र व अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि देखे बिना कभी किसी उच्चाधिकारी को अपमानित कर बैठते हैं तो कभी भारत के मुख्य न्यायाधीश तक के प्रति ऐसे अपशब्द अपने मुंह से निकालते हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में महराजगंज क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में शामिल सैकड़ों लोग मुस्लिम बाहुल्य इलाक़े से



BAHRAICH POLICE
@bahraichpolice
Follow

बहराइच पुलिस
अपील
दिनाँक 13.10.2024 को कस्बा महराजगंज थाना हरदी जनपद बहराइच में घटित घटना में एक हिन्दू व्यक्ति की हत्या के सम्बन्ध में सोशल मीडिया में साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से भ्रामक सूचना जैसे मृतक को करंट लगाना, तलवार से मारना एवं नाखून उखाड़ना आदि बातें फैलाई जा रही हैं जिसमें कोई सच्चाई नहीं है। पोस्टमॉर्टम में मृत्यु का कारण गोली लगने से होना पाया गया है। इस घटना में एक व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य किसी की मृत्यु नही हुई है। अतः सभी से अनुरोध है कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखने के लिए अफवाहों पर ध्यान न दें व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करें।
- सोशल मीडिया सेल, जनपद बहराइच

10:34 pm · 16 Oct 24 · 396 Views

डी जे पर तेज़ आवाज़ में कुछ आपत्तिजनक गाने बजाते हुये गुज़र रहे थे। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने जुलूसों में डी जे के प्रयोग पर पाबन्दी लगा रखी है। उसके बावजूद डी जे पर तेज़ आवाज़ में धर्म विशेष को अपमानित करने वाले गाने बजाये जा रहे थे। ख़बर है कि मुसलमानों की तरफ़ से कुछ लोगों ने डी जे बंद करवाने के लिये कहा परन्तु भीड़ ने डी जे तो बंद नहीं किया परन्तु उग्र ज़रूर हो गयी। इसके बाद मुसलमानों के घरों को निशाना बनाते हुये तोड़फोड़ व आगज़नी शुरू होगयी। इसी बीच राम गोपाल मिश्रा नामक एक ग़रीब नव विवाहित युवक जो भंडारों में लंगर बनाने का काम करता है वह आवेश में एक मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ गया। उसने छत पर इस्लामी प्रतीक के रूप में लगे झंडे को गिराने की कोशिश की जिससे झंडे के साथ ही छत की रेलिंग भी टूट गई। इसके बाद आक्रोशित मुसलमानों की तरफ़ से गोलीबारी हुई जिसमें राम गोपाल मिश्रा की गोलियां लगने से मौत हो गयी।

डी जे पर तेज़ आवाज़ में आपत्तिजनक गाने बजना, राम गोपाल मिश्रा का आवेश में आकर किसी मुस्लिम व्यक्ति के घर की छत पर चढ़ना, इस्लामी प्रतीक झंडे को गिराना,हिंसा के लिये भीड़ को उकसाना आदि सब कुछ ग़ैर क़ानूनी तो ज़रूर है,परन्तु इनका जवाब गोलीबारी करना या किसी की हत्या कर देना हरगिज़ नहीं। यह हत्या भी उतनी ही निंदनीय है जितना कि भीड़ द्वारा धर्म विशेष के लोगों को हिंसा के लिये उकसाया जाना। परन्तु बहराइच की इस हिंसा के बाद जो नफ़रत पूर्ण भूमिका टी वी चैनल्स व इन के नफ़रती ऐंकर्स यहाँ तक कि इस विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने वाले पक्षपाती पैनल्स द्वारा अदा की गयी उसे देखकर साफ़ अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि स्वयं को मुख्य धारा का मीडिया बताने वाला यह नेटवर्क दरअसल देश में अमन शांति व सद्भाव का पैरोकार नहीं बल्कि देश को नफ़रत व हिंसा की आग में झोंकने के लिये दिन रात एक किये हुए है। सबसे बड़ा नफ़रती खेल इस ग़ैर ज़िम्मेदार मीडिया व सोशल मीडिया द्वारा राम गोपाल मिश्रा की मौत के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर खेला गया जिससे कि जलती आग में और घी डाला जा सके और दंगों को पूरे प्रदेश व देश में फैलाया जा सके। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि राम गोपाल के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। परन्तु मीडिया चीख़ता चिल्लाता रहा कि मृतक राम गोपाल पर तलवारों से हमला किया गया,उसके नाखून खींचे गये,उसे करंट लगाया गया उसकी लाश के साथ बर्बरता की गयी, आदि।

ज़ाहिर है उत्तेजना पूर्ण माहौल में इसतरह की अफ़वाह भरी ख़बरें जलती आग में घी डालने का ही काम करेंगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नफ़रती व्यवसाय में लगे कई पत्रकार सी एम ओ व पोस्टमार्टम करने वाले अन्य डॉक्टर्स से भी मिले तथा उनके मुंह से यह कहलवाने की कोशिश की कि क्या पैरों के नाखून खींचे गये ? क्या मृतक शरीर के साथ बर्बरता की गई ? परन्तु कोई भी डॉक्टर इन नफ़रती रिपोर्टर्स के झांसे में नहीं आया। और सब ने एक ही बात कही कि मृतक के शरीर में कई छर्रे लगे जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गयी। आख़िरकार इन अफ़वाहों के बाद बहराइच पुलिस को स्वयं सामने आना पड़ा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की सच्चाई को अपने एक्स हैंडल से जारी करते हुये अफ़वाहों से दूर रहने व भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित न करने की अपील करनी पड़ी।

एक टी वी चैनल पर इसी विषय पर आधारित एक परिचर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व ए डी जी पी विभूति नारायण राय जब अपने जीवन के लगभग चार दशक के आई पी एस के रूप में अपनी सेवा के अनुभव के अनुसार अपनी बात कह रहे थे उसी समय भाजपा का एक प्रवक्ता साफ़ तौर पर यह कहता सुनाई दिया कि मैं धर्मनिरपेक्ष नहीं हूँ बल्कि मैं केवल हिन्दू हूँ। उसके बाद उसने विभूति नारायण राय के प्रति भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया जबकि वह प्रवक्ता शायद उम्र के मामले में राय साहब की उम्र से आधा भी नहीं होगा। स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताने वाला परिचर्चा का वही प्रतिभागी एक मुस्लिम राजनैतिक विश्लेषक को सरेआम मुल्ले,आतंकवादी कहकर व गंदी गालियां देकर बुला रहा था। अफ़वाह,साम्प्रदायिक तनाव व सनसनी फैलाने की गोया इन एंकर्स व प्रवक्ताओं को पूरी ट्रेनिंग हासिल है।वैसे भी कई राजनैतिक विश्लेषकों का मत है कि चूंकि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं इसीलिये साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये ही कुंठाग्रस्त लोग अपने कटु विमर्श के द्वारा देश की फ़िज़ा ख़राब करने में जुटे हुये हैं।

**तनवीर जाफ़री**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संपादकीय

# यह जागने का समय है




महिला के कई रूप होते हैं। वह बेटी, बहू, मां, बहन, पत्नी, दादी, नानी आदि रूपों में हमारे इर्द-गिर्द जन्म से मृत्यु तक साए की तरह मौजूद रहती हैं। देखा जाए तो जीवन और समाज के प्रायः प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका किसी-न-किसी रूप में अवश्य पाई जाती है। इसके बावजूद आधुनिक वैश्विक सामाजिक ढांचे और आर्थिक एवं सांस्कृतिक खांचे में महिलाएं लगातार उपेक्षा, उत्पीड़न, शोषण और दमन का शिकार होती आ रही हैं। घर से लेकर बाहर तक सर्वत्र दमन और शोषण की चक्की में पिसतीं महिलाओं का वास्तविक महत्व समाज को अभी समझना शेष है। यही कारण है कि वैश्विक समाज में महिलाओं के महत्व को प्रतिपादित करने और उन्हें उनका वास्तविक अधिकार दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 08 मार्च को विश्व भर की महिलाओं के प्रति आभार जताने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 26 अगस्त महिला समानता दिवस, 22 सितंबर को बेटियों के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस एवं 11 अक्तूबर को विश्व भर की बालिकाओं को समर्पित 'विश्व बालिका दिवस' का दुनिया भर में प्रमुखता से आयोजन किया जाता है।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो महिलाओं के विविध रूपों के मानवाधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता लाने तथा उनके प्रति लोगों को निजी एवं सामूहिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराने के लिए ही विश्व इन तमाम दिवसों के आयोजन किए जाते हैं। हालांकि ऐसे आयोजनों का अब कोई मतलब नहीं रह गया है, क्योंकि ये सब महज रिवाज बन कर रह गए हैं। न तो हमारी बेटियों, बहुओं, माताओं और बहनों के विरूद्ध बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के बाद दरिंदगी करने वाले अपराधियों पर इनका कोई असर होता है और न समाज पर ही इन आयोजनों का कोई सकारात्मक प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई देता है। यहां तक कि कानून, जिसे निर्दोष और मासूम बेटियों, बहुओं और माताओं के लिए रक्षा कवच माना जाता रहा है, की सख्ती और मजबूती भी अब उन्हें अपराधियों से बचाने में असमर्थ साबित होती जा रही है। यदि ऐसा नहीं होता तो क्या दिन-प्रतिदिन महिलाओं के विरूद्ध इस भांति अत्याचार, उपेक्षा, उत्पीड़न, शोषण और दमन की घटनाएं बढ़ती नहीं जातीं। केवल बलात्कार की भी बात करें तो नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रतिदिन कम-से-कम 87 महिलाओं के विरूद्ध बलात्कार के मामले सामने आते हैं।

तात्पर्य यह कि प्रत्येक घंटे हमारा देश तीन से भी अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार की निर्मम घटनाओं और दरिंदगी का साक्षी बनता है। दुर्भाग्य से यह आंकड़ा भी अंतिम और संपूर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह तो सिर्फ उन घटनाओं को ही रेखांकित करता है, जिनकी रिपोर्ट पुलिस थानों में दर्ज की जाती हैं। निश्चित रूप से इनके अलावा भी देश भर में बलात्कार और दरिंदगी के न जाने कितने ही मामले नित्य प्रति घटित होते रहते होंगे, जिनकी कहीं कोई खोज-खबर लेने वाला नहीं होता है। कई बार तो पीड़िताएं स्वयं ही समाज के भय अथवा लोक-लाज के कारण बलात्कार की घटनाओं को छिपा देती हैं। वहीं, कई बार ऐसा करने के लिए उनके ऊपर माता-पिता और परिवार वालों का भारी दबाव होता है। अनेक बार ऐसा भी होता है कि बलात्कारी ही इतने दबंग होते हैं कि अपने वर्चस्व के कारण बलात्कार करने के बाद पीड़िताओं को डरा-धमकाकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने देते। वहीं, कई बार तो रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में पुलिस की भी बेपरवाही और गैर-जिम्मेदारी सामने आती रहती है। इसलिए महिलाओं के विरूद्ध घटित होती रहने वाली बलात्कार की घटनाओं की सही संख्या बता पाना किसी के लिए भी मुश्किल है। संभव है कि यह संख्या सैकड़ों में हो।

देखा जाए तो बलात्कार की घटनाओं को छिपाने के लिए पीड़िताओं के ऊपर माता-पिता और परिवार वाले प्रायः इसलिए दबाव बनाते हैं, क्योंकि उनकी मान्यता यह होती है कि यदि बेटी के बलात्कार की घटना का प्रचार हो गया तो उसका ब्याह नहीं हो पाएगा। दरअसल, हमारे समाज में आज भी इतनी जागरूकता और संवेदनशीलता नहीं आ पाई है कि 'रील लाइफ' की तरह कोई आगे आकर घोषित तौर पर यह कहने का साहस जुटा सके कि वह किसी बलात्कार पीड़िता को पत्नी के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार है। वैसे संवेदनशीलता की बात करें तो ऐसा प्रतीत होता है कि अब हमारे समाज में इसका कहीं ठौर-ठिकाना बचा ही नहीं है, न तो सार्वजनिक जीवन में और न ही निजी जीवन में... और यही कारण है कि अब पग-पग पर संबंधों की मर्यादाएं टूटने लगी हैं, बल्कि सच कहा जाए तो अब मनुष्य मात्र की मर्यादाएं भी तार-तार हो चुकी हैं। पहले लोग राह चलते किसी अनजान के साथ भी कहीं कुछ गलत होने पर बीच-बचाव कर लेते थे, लेकिन अब तो लोग ऐसी परिस्थिति में मजे लेने और वीडियो बनाने लगते हैं। पिछले ही महीने की बात है। महाकाल की प्राचीन नगरी के एक व्यस्ततम सड़क के किनारे एक महिला के साथ बलात्कार हुआ और लोग तमाशबीन बने रहे... वीडियो बनाते रहे।

इसी वर्ष जून में वाइरल 27 सेकंड के एक वीडियों में मुबई की सड़क पर एक युवती को एक युवक ने पीट-पीटकर मार डाला था और वहां मौजूद भीड़ उस घटना का वीडियो बनाती रही। विडंबना यह है कि गैर जिम्मेदारी और संवेदनहीनता का भयावह उदाहरण पेश करतीं ये घटनाएं न तो पहली बार घटित हुई और न ही ये आखिरी थीं, लेकिन इनके बारे में देख-पढ़कर ऐसा प्रतीत हुआ कि किसी ने मनुष्य मात्र के शील, संवेदना और मर्यादा का हरण कर लिया है... कि मानवता की तमाम पुरानी कसौटियों की चमक अब फीकी पड़ चुकी है। चिंता होती है यह सोचकर कि सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लाइक्स और शेयर प्राप्त करना आज हमारे लोगों की इतनी बड़ी प्राथमिकता कैसे बन गई। वास्तव में ये घटनाएं 'आई-ओपेनिंग' हैं, जो हमारे समाज और देश के भविष्य को लेकर चिंतित और भयभीत करती हैं। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि सारे फसाद की जड़ यह मोबाइल ही है, क्योंकि देखा जाए तो मोबाइल के आने से पहले कोई इस भांति तमाशबीन होकर वीडियो नहीं बनाता था। बहरहाल, चाहे हमारी जो भी कमजोरी या लाचारी हो, परंतु हमें इस बात पर अवश्य विचार करना चाहिए कि आज तो इस विपश्रि की घड़ी में हम तटस्थ होकर तमाशबीन बने हुए हैं... वीडियो बना रहे हैं, लेकिन तब क्या करेंगे, जब इसी प्रकार कोई दरिंदा हमारे आंगन अथवा ड्योढ़ि तक आ धमकेगा जाहिर है कि तब हम भी अकेले होंगे। हमारा भी कोई साथ देने नहीं आएगा। इसलिए यह जागने का समय है। हमें बिना देर किए जागना होगा।

**चेतनादित्य आलोक**

# शिक्षा,संस्कार और साक्षरता विकसित देश आधार-शिला

**तकनीकी शिक्षा अति महत्वपूर्ण ।**

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है। सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा। शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैद्य ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षो के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है। पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है । ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैद्य वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैद्य पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैद्य पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी, साहस की भावना को परिष्कृत करती है । ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं, कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार, लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े, धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

**संजीव ठाकुर**

# संक्षिप्त ख़बरें

## पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न



**देवरिया।** पशु चिकित्सालय सदर देवरिया के परिसर में पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में चुनाव अधिकारी डॉ सतीश कुमार पशु चिकित्साधिकारी गौरीबाजार के देखरेख में निर्विरोध संघ का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें शिवराम पति त्रिपाठी अध्यक्ष, निशाकान्त तिवारी उपाध्यक्ष पंकज शाही मंत्री ,रामाशीष यादव संयुक्त मंत्री, अशोक कुमार प्रजापति कोषाध्यक्ष, विजय कुमार सिंह सम्प्रेक्षक एवं अशोक कुमार पांडेया संरक्षक चुने गए। मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाया।

## सदस्यता अभियान कि सफलता को लेकर पूर्व सांसद आवास पर बैठक संपन्न



**देवरिया।** सलेमपुर समता निवास पर सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित हुआ। पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा ने भाजपा की सदस्यता अभियान को सभी से सहयोग कि अपील की और गांव-गांव में लोगों को जोड़ने के लिए संकल्पित कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने की बात कही। कहा कि सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्त्ता हर बूथ के हर घर तक जा रहे हैं वे अनुशासित तरीके से जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। वे भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी और नरेन्द्र मोदी की तरह पार्टी के सदस्य हैं यह उनके लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर जयनाथ कुशवाहा, अजय दूबे, विनय पाण्डेय, रामनयन सिंह, अनिल ठाकुर, रवि कुशवाहा, अजय तिवारी, अवधेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत



**रूद्रपुर, देवरिया।** रविवार को सुहागन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। दिन भर निर्जला व्रत रहने के बाद रात को चांद के समक्ष अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। सुहागिनों के पतियों ने मीठा खिलाकर अपने धर्म पत्नी का व्रत तुड़वाया। इसके पूर्व महिलाओं ने करवा माता की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की व घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए। करवा चौथ व्रत को लेकर विगत 2 दिनों से बाजार में चहल-पहल बढ़ गया था। कपड़े की दुकानों और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ नजर आ रही थी तो वहीं ब्यूटी पार्लर वालों का भी धंधा चल पड़ा था।

## विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रांत का जिला अभ्यास वर्ग का कार्यक्रम संडीला में हुआ सम्पन्न



**संडीला हरदोई** – दिवसीय विश्व हिंदू परिषद् अवध प्रांत का जिला अभ्यास वर्ग कार्यक्रम हरदोई संडीला रोड नई मंडी पेट्रोल पंप के पीछे स्थित श्री अंगद सिंह विद्यालय में किया गया जिसकी संपन्नता आज दिनांक 20/10/2024 दोपहर 03 बजे प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप के उद्बोधन द्वारा समापन सत्र के रूप में हुई उक्त वर्ग में प्रांत सह मंत्री अवनीश, प्रांत सह संयोजक बजरंग दल महेंद्र, विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख विद्यारतन, जिला कार्याध्यक्ष राम गोपाल,जिला मंत्री अजय, जिला संस्कार प्रमुख बिजेंद्र, जिला सत्संग प्रमुख सुखदेव,जिला सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर,जिला सह संयोजक अमन, घनश्याम, राजेश तिवारी, पुष्पेंद्र, गोविंद, डॉ. राहुल,उदय बहादुर, नगर मंत्री अजय द्विवेदी आदि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही जो जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए थे।

# पैतृक जमीन के सुखे पेड़ में हिस्सा मांगना भाई को पड़ा महंगा, कुदाल से प्रहार कर हिस्सेदार का सर फोड़ा घायल की स्थित बनी नाजुक

● सी एच सी गोला से जिला अस्पताल हुआ रेफर






स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर**– जनपद के गोला थाना क्षेत्र के ग्राम चिलवां में शनिवार देर शाम घर के अहाते में साझे का सुखा पेड़ था। जिसको बड़े भाई का लड़का कटवा दिया। यह बात जब छोटे भाई को पता चला तो वह पेड़ में हिस्सा मांगने पहुचा ।दो पक्ष में कहा सुनी होते बात बढ़ गई और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कुदाल से हमला कर दिया जिसमें प्रमोद यादव का सर फट गया।घायल प्रमोद को सीएच सी गोला पर इलाज के लिए पहुचाया गया।जहां से डाक्टर ने स्थित नाजुक देख प्राथमिक उपचार देकर्णजिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त बिबरण के अनुसार ग्राम सभा चिलवां निवासी स्व राजदेव के दो पुत्र है प्रकास चन्द यादव और प्रमोद यादव, दोनों लोगों में जमीन बटवारे को लेकर कुछ माह पूर्व से विवाद चल रहा है। प्रमोदयादव, प्रकाश चन्द यादव के लगभग पुत्र के ही उम्र के है। जिस वजह से प्रकास चन्द बैनामा जमीन में अपने दो पुत्र और प्रमोद तीनो के नाम से बैनामा लिए है। पैतृक सम्पत्ति में प्रमोद आधे के हिस्सेदार है। और बैनामा की जमीन में उनका तीसरा हिस्सा बनता है। लेकिन इधर क्या बात आ पड़ी की दोनों भाईयों में हिस्सेदारी को लेकर विवाद होने लगा। इन दोनों भाइयों की गांव में मकान थी। लेकिन एक मकान गोला कौड़ीराम रोड़ स्थिति चिलवां में भी है। जिसके पिछले हिस्से में अहाता मारकर छोड़ा गया है। उसी अहाते में एक सुखा आम का पेड़ था। जिसे कल प्रकास चन्द के बड़े पुत्र राकेश कटवा दिए। यह बात जब प्रमोद को पता चला तो वह कहे कि कटाई में आप हिस्सा लेलो और पेड़ में आधा हिस्सा हमे दे दो। जो राकेश को स्वीकार नहीं हुआ। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी। और मामला गाली गलौज, मारपीट तक पहुंच गया। प्रमोद यादव अपनी तहरीर मे लिखे है कि राकेश ने हमें कुदाल से मार कर घायल कर दिया है.।

घायल प्रमोद यादव की लिखित तहरीर पर गोला पुलिस मुकदमा दर्ज कर अगली कार्यवाही आरम्भ कर दिया है। सनद रहे कि जमीनी बिबाद में पहली सितंबर को ग्राम घरावल में अनिल मिश्रा व उनके परिवार पर धारदार हथियार से गांव के ही लोगो ने प्राणघातक हमला कर दिया था।अनिल मिश्रा का मुकदमा दर्ज हुआ।और हमला करने वालो में एक ब्यक्ति थाने पर पहुचा जिसको गोला पुलिस थाने में बैठा लिया और दूसरे दिन 151 में मेडिकल कराकर चालान कर दिया।मेडिकल में डॉक्टर ने कोई शरीर पर चोट नही दर्शाया।लेकिन वही डॉक्टर जब हमला करने वालो का गोला थाने में 7 अक्टूबर को घायल प्रथम पक्ष पर मुकदमा दर्ज हो गया तो 2 सितंबर को जिस ब्यक्ति का मेडिकल में चोट नील था उस ब्यक्ति के शरीर पर अनगिनत चोट दिखाकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। और जिला अस्पताल ने अपना कारनामा प्रस्तुत कर दिया।घायल प्रथम पक्ष पर संगीन धारा में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल कर दिया। अब प्रश्न खड़ा है कि जानलेवा हमला जिस प्रथम पक्ष पर दूसरे पक्ष द्वारा हुआ।क्या उसे इस शासन में न्याय मिलेगा। वाह रे सी एच सी के डॉक्टर साहब।और जो कुछ शेष बचा था उस पर मेहरवानी जिला अस्पताल की हो गयीं।आखिर इस तरह के हो रहे काले कारनामे की जांच करेगा कौंन।

पुनः जमीनी बिबाद में ही चिलवा में कुदाल से सर पर प्रहार की घटना सामने आ गयी। इस प्रकरण पर एस एच ओ गोला का कहना है कि घायल प्रमोद द्वारा लिखित तहरीर मिल गया है। पुलिस कार्यवाही कर रही है।

# रहस्यमय हाल में गायब किशोर को खजनी पुलिस ने महज 6 घण्टे में किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात




**खजनी**– थाना क्षेत्र कटघर में किराए पर रहने वाली शिक्षिका के नाबालिक पुत्र को रहस्यमय हाल में गायब होते ही हड़कंप मच गया, महिला आनन फानन में खजनी पुलिस को सूचित कर खोज में लग गई ,इधर खजनी पुलिस लोकेशन ट्रेस कर जांच में जुट गई, महिला शिक्षिका के तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसी कैमरे का फुटेज खंगालने लगी, मेहनत रंग लाई किशोर का पता कौड़ीराम क्षेत्र में लगा पुलिस मौके से बालक को बरामद कर लिया, महज 6 घण्टो में शिक्षिका को सुपुर्त कर दिया, बताते चले खजनी थाना क्षेत्र मंझरिया प्राथमिक बिद्यालय में सहायक शिक्षिका पर कार्यरत महिला शिक्षका नन्दिता सिंह खजनी क्षेत्र कटघर में किराए के मकान में रहती है, बीते दिन शनिवार को सुबह 9 बजे अचानक नंदिता सिंह का पुत्र अनमोल उम्र 10 वर्ष रहस्यमय हाल में गायब हो गया । उसके बाद महिला परेशान होकर अपने पैतृक गांव महराजगंज जनपद के ग्राम दुबहिया टोला रामनगर थाना पनियरा के लोगो से सम्पर्क कर जानकारी ली लेकिन कोई पता नही चला। परेशान शिक्षिका मीडिया और पुलिस से सहयोग हेतु गुहार लगाने लगी । खजनी थाना प्रभारी सदानन्द सिन्हा मौके की नजाकत देख हरकत में आए और खोज में लग गए ,जिनके अथत प्रयास से महज 6 घण्टे में कौड़ीराम क्षेत्र से किशोर को बरामद कर लिया, और परिजन को बुलाकर सुपुर्त कर दिया, महिला शिक्षक नन्दिता सिंह खजनी पुलिस को बधाई देते हुए, उनके अथत प्रयास का सराहना की, खुशी के आंसू महिला को पुत्र पाते ही आने लगे ।

# शत्रुघ्न ने भगवान श्रीराम और माता सीता की आरती उतार कर की मंगल कामना

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर।** नगर पंचायत गोला के पुराने पोस्ट ऑफिस के सामने शनिवार की शाम को आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित श्री नरसिंह रामलीला समाज हाबिभौआर बहेड़ा दरभंगा बिहार से पहुंची कमेटी ने बहुत ही सुंदर मनु सतरूपा तपस्या का मंचन किया। जिसे दर्शक गण देखकर भाव विभोर हो गए। इससे पूर्व रामलीला मंचन के दौरान पहुंचे भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ भगवान श्री राम माता सीता की आरती उतार कर की सबकी मंगल कामना। इस मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री कसौधन ने कहा कि भगवान राम ने मानव जीवन में अच्छे कार्यों को करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्य मार्ग पर डटे रहना चाहिए। इसके साथ ही हमारे मन में परोपकार की भावना होनी चाहिए। और आगे कहा कि रामलीला समाज को धर्म और नैतिकता का संदेश देती है। हम सभी को रामलीला के माध्यम से अपने धार्मिक महत्व को समझना चाहिए। किशोर सर पर अनिरुद्ध कसौधन उर्फ निक्कू संजय गुप्ताअनिल कुमार मार्कण्डेय गुप्ता अशोक जायसवाल श्रीराम कसौधन अमीत सोनकर सुदर्शन कसौधन रिंकू चौधरी आकाश जायसवाल ऋषिकेश साहनी बबलू सोनकर श्रवण गुप्ता सहित अधिक संख्या में दर्शनगण उपस्थित होकर रामलीला का आनंद उठाया।

# पंचायत में बंद पड़ा ताला, सुविधाओं के लिए भटक रहे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात






**महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी में जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण हमेशा ताला लटका रहता है। लगातार पंचायत भवन में ताला लगा होने से पंचायत भवन का अस्तित्व खतरे में आ गया है। वहीं विकास कार्यों की दुहाई देने वाले ब्लाक के अधिकारियों के पास निर्माण के बाद से ही इसके निरीक्षण करने तक का समय नहीं मिल पाया जिससे गांव में अनियमितताओं का अंबार लगा हुआ है। वहीं पंचायत भवन जर्जर होने के कगार पर है लेकिन आज तक पंचायत भवन में न तो विकास कार्यों को लेकर बैठक की गई और न ही ग्रामीणों को प्राथमिक स्तर की सुविधाएं मिल ही हैं। वहीं दो वर्ष पूर्व शासन द्वारा पंचायत भवन का कायाकल्प करवाया गया था। उक्त पंचायत भवन का कायाकल्प के दौरान मानक का ख्याल नहीं रखा गया जिसके कारण कुछ ही वर्षों में पंचायत भवन का कायाकल्प व दीवार जर्जर हो चुका है। जहां दो वर्ष के अंदर ही जगह-जगह प्लास्टर व टायल्स भरभराकर उखड़ना शुरू हो गया है। तथा बाहर झाड़-झंखाड़ का अंबार लगा हुआ है तथा वहां मौजूद हैंडपंप भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है। वहीं पंचायत भवन में ताला लगा होने से ग्रामीणों को करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय कर ब्लाक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पंचायत सहायक वह घर बैठे ही छह हजार रुपये मानदेय ले रही है। पंचायत भवन में कर्मचारी के न आने से ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत योगेश मद्धेशिया ने कहा कि जांच करवाया जाएगा यदि पंचायत भवन बंद मिला तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

# पैंतीस शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** बरगदवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के पगडंडी रास्ते से 35 शीशी अवैध नेपाली शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई तत्पश्चात आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक बरगदवा पुलिस ने रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के चकरार गांव के पगडंडी रास्ते से परसामलिक थाना क्षेत्र के खैरहवा दूबे निवासी 40 वर्षीय उमेश पुत्र राजा यादव के कब्जे से 35 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद किया है। पुलिस ने बरामद शराब व अभियुक्त को कब्जे में लेकर थाने लाई तत्पश्चात आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय चालान कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि एक अभियुक्त को 35 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# बीहड़ों में गूंजता था कभी ठाय-ठाय, वहा अब दिखेगा रफ्तार में विकास का पहिया

●- तीन सौ करोड़ रुपए में 20 किमी मंगलपुर से जटहां वाया नेबुआ रायगंज बनेगा एनएच आरओबी सेतु पथ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उपहार पाकर प्रशंसक बनी गंडक पिछड़े क्षेत्र की लाखों जनता मंत्री सतीश चन्द्र दुबे को दे रही बधाई



**चंबल में डाकुओं दहशत से कांपते थे लोग**

आज दो राज्य में जाने आने के लिए जब कोई मार्ग नहीं था उस जमाने में आजादी के 76 वर्ष बाद कहे या 20 से 25 साल पहले आज स्वीकृत हुआ वही पुल पथ मार्ग हैं जब बगहा (बिहार) के रेलगाड़ी से उतर कर यूपी के जटहां घाट से आया जाया करते थे।

उस जमाने में डाकुओं के कबीले में उगी घनघोर जंगल झाड़ी के बीच डेरा डाले डाकुओं की गैंग द्वारा लूटपाट और अत्याचार चरम पर चलता रहा यहां लूटपाट के डर से यात्रीगण थर-थर कांपते रहते थे, पर वह एक समय था विवशता और परिस्थितियां क्या नहीं कराती है खैर वह सुदूर कठिन पगडंडी डगर बेहद डरावनी दौर रहा। बगहा में रेलगाड़ी से उतर कर नारायन पुर घाट नाव से पार कर बीच में टमटम की सवारी से जटहां घाट पर आते थे वहां खड़ी बस से यूपी की यात्रा करते थे, तब जाने-आने का एकमात्र यही मार्ग हुआ करता था। अब खुशी इस बात की है आज उसी मार्ग पर पथ पर सेतु मार्ग पास हो चुका है।

**विकास की उपहार पाकर खुश हैं पिछड़े क्षेत्र के लोग**

गंडक सीमावर्ती यूपी से बिहार के लोगों में खुशी इस बात की है कि दशकों से गंडक रेता क्षेत्र में जंगली जीवन से उबारने वाले यूपी और बिहार गंडक तटवर्ती वासियों की आशा और उम्मीद के सपनो को पंख लगाने वाले पर जनता का फक्र है कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिक गडकरी चम्पारण से उभर रहे युगपुरुष राज्य सभा सांसद कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार के प्रति आह्लादित होकर आभार जता रहे हैं।

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** लंबे समय से चली आ रही जटहां गंडक सेतु पथ निर्माण की मांग की सपना संजोए यूपी बिहार बार्डर स्थित जनपद के पडरौना विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक मार्केट जटहां बाजार एवं खड्डा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटाई भरपुरवा सहित विशुनपुरा विकास खंड के 80 ग्राम पंचायतों सहित बिहार चंपारण जिले के प्रखंड पिपरासी दहवा मधुबनी के सैकड़ों गांव के लाखों ग्रामीणों की उम्मीदें देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी द्वारा जनहित में बड़ा परियोजना का उपहार देकर पूरा कर दिया गया, जिससे लाखों लोगों में खुशहाली का कोई ठिकाना नहीं है। तीन सौ करोड़ रुपए से बनेगा यूपी के जटहां से बिहार के मंगलपुर गंडक (बगहा ) सेतु पथ मार्ग, बिहार राज्य के योजना कार्य में 300 करोड़ रुपए शामिल। चंपारण के बगहा से न्यू एलाइनमेंट में न्यू ब्रिज गंडक मंगलपुर (बगहा) एनएच-727 से जटहां गंडक कटाई भरपुरवा सेतु पथ एनएच 727 नेबुआ रायगंज तक 20 किमी पुल सह सड़क मार्ग निर्माण हेतु बिहार राज्य के वार्षिक योजना कार्य में 300 करोड़ रुपया शामिल हो गया है। यह बड़ी सौगात चंपारण बिहार राज्यसभा सांसद कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे एवं बगहा विधायक राम सिंह, वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार के योगदान के प्रति गंडक बॉर्डर सीमावर्ती क्षेत्र के लाखों ग्रामीण बोल रहे हैं जंगल झाड़ी नदी टापू से उबार कर आम जनजीवन को उद्धार किया है ऐसे उन महान विभूतियों को बधाई संदेश की गूंज चहुओर फैली हुई है।

# सीएमओ ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान गंदगी देख जताई नाराजगी

● - चौक और घुघली सीएचसी तथा हरपुर महंथ और बसंतपुर पीएचसी का किया निरीक्षण, किया आरोग्य मेले का अनुश्रवण



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघली, एवं चौक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर एवं हरपुर महंथ पर आयोजित आरोग्य मेले का अनुश्रवण किया। जिन अस्पतालों में मिली गंदगी और खामियां मिली वहां नाराजगी जाहिर की। गैरहाजिर मिली हरपुर महंथ पीएचसी की एएनएम विजय लक्ष्मी से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया। सभी एएनएम को नियमित तौर के-सीट पर प्रसव विवरण दर्ज करने का भी निर्देश दिया। सीएमओ डॉ. शुक्ला ने घुघली सीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले और अस्पताल का अनुश्रवण किया तो एमओआईसी सहित सभी लोग उपस्थित मिले। सभी आवश्यक औषधि पूरी मिली। साथ ही एक माह में 21 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक 20 प्रसव हुए हैं। सीएमओ ने जब प्रसव संबंधित जानकारी मांगी तो संतोषजनक जवाब दिया गया। प्रसव के मरीजों को 48 घंटे रोकने तथा के-सीट भरने का निर्देश दिया। यह भी बताया गया कि जेएसवाई में प्रसव के मरीजों को स्वयं सहायता समूहों द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने मेडिकोलीगल, उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, इमर्जेंसी आदि का भी अवलोकन किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरपुर महंथ के अनुश्रवण के दौरान स्वीपर कम चौकीदार अनिता और एएनएम विजय लक्ष्मी गैरहाजिर और अस्पताल परिसर में गंदगी मिली। प्रसव पंजिका देखा तो अपूर्ण मिला। निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर मिली एएनएम से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर के अनुश्रवण के दौरान बताया गया कि मेले में कुल 30 मरीज आए थे। अस्पताल और परिसर में गंदगी देखने को मिली। फार्मासिस्ट रात्रि में निवास नहीं करते। एएनएम शनिवार और बुधवार को टीकाकरण करने आती है। अस्पताल में टॉयलेट व्यवस्था नहीं है। आवश्कता के हिसाब से दवाओं की कमी है। निरीक्षक के दौरान -सीएमओ के साथ डीपीएम नीरज सिंह भी साथ रहे।

# लूट खसोट का अड्डा बना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

●--प्रसव कराने के नाम पर होती है वसूली

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर लूट खसोट का अड्डा बन चुका है। यहां प्रसव के नाम पर और जांच के नाम पर खुली लूट मची हुई है। जिम्मेदार आंख मूदे सारा तमाशा देख रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर मरीजों ने प्रसव कराने के नाम पर 3 से 5 हजार की खुली वसूली का आरोप महिला चिकित्सक व स्टाफ नर्स पर लगाया है। सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के माध्यम से यह बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के नाम पर लोगों की जेब ढीली हो रही है। सारी सुविधाओं के बावजूद अस्पताल में डिलीवरी न करा कर कमीशनखोरी के चक्कर में निजी अस्पताल में भेजा जा रहा है। वहीं गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड के नाम पर एकमात्र अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मरीज को भेजा जा रहा है। नगरवासी सभासद राम प्रवेश भारती,रमेश गुप्ता, श्याम जायसवाल, सिराज अहमद, व शिवहरि त्रिपाठी आदि ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि अस्पताल में भ्रष्टाचार चरम पर है और शासन की मंशा के विपरीत कार्य किया जा रहा है।जहां एक और सरकार लोगों को मुफ्त चिकित्सा देने की बात कह रही है और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाया जा रहा है वहीं जिम्मेदार पलीता लगाने पर लगे हुए हैं । दावावों के स्टाक के बावजूद चिकित्सक बाहर से दवाई मंगवाते हैं। जिससे गरीब मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। सामान्य मरीजों को भी जिला अस्पताल रेफर करना तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शगल है। यहां तैनात चिकित्सक कोई भी तनाव नहीं लेना चाहते और सीधे मरीज को जिला अस्पताल रेफर कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं। इस सम्बन्ध में अधीक्षक डा एस के राव ने कहा कि कुछ अनियमितताओं की जानकारी मिली है। जल्द ही मैं मीटिंग लेकर व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास करूंगा।

# सुहागिन महिलाओ ने करवा चौथ का रखा व्रत किया पारन

स्वतंत्र प्रभात



**जिगना।** मीरजापुर क्षेत्र के करवा चौथ व्रत हिन्दू धर्म में शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। किसी भी कार्य को शुभ मुहूर्त में किया जाएं तो उसके कई गुना फल मिलते है। ठिक इसी तरह से करवा चौथ का व्रत जिसे सुहागिन महिलाएं अपने पति के लम्बी उम्र के लिए रखती हैं।और सुबह से लेकर रात तक निर्जला व्रत करती है। उसमें शुभ मुहूर्त का ध्यान देना बहुत ही विशेष होता है। कहते हैं शुभ मुहूर्त में अगर पुजा अर्चना कि जाएं तो उसमें करवा माता अखण्ड सौभाग्य का वर देती है।तो इस बार 20 अक्टूबर रविवार को करवा चौथ का व्रत सुनिश्चित हुआ इस बार शुभ मुहूर्त अच्छा था। सही समय आप को पुजा अर्चना करनी चाहिए आइए हम आपको बताए।

**करवा चौथ व्रत का शुभ मुहूर्त**

झहर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत किया जाता है।जो इस बार रविवार को मनाया जा रहा है। लेकिन पुजा के लिए उत्तम समय एक घंटे सोलह मिनट तक है। सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से ही व्रत की शुरुआत किया। सूर्योदय का समय 6,25 है।इस बार महिलाओं को 13 घंटे 29 मिनट तक व्रत कर पुजा पाठ का समय 5 ,40 से लेकर कर 7,02 तक रहे गा। उसी समय सुहागिन महिलाएं पुजा सम्पन्न किया। कहा जाता है कि इस बार पुजा करने से कई गुना फल मिले गा। इस बार चांद निकलने का समय 7,54 का निश्चित किया गया इस बार चन्द्रमा को अर्ध्य दिया गया । उसके बाद पति के हाथों से व्रत महिलाओं ने किया।

**पुजा से पहले करें थाली की तैयारी**

करवा चौथ की पूजा का शुभ मुहूर्त केवल 1,16 मिनट तक ही था। पुजा की



थाली में चलनी आटे की दिया फल डाई फ्रूट्स मिठाई पानी रख कर पुजा पाठ कर चन्द्रमा को देख अर्ध्य दे कर व्रत को पति के हाथों पानी पिकर व्रत को सम्पन्न किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नही - बीडीओ



**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज ब्लाक के ग्राम पंचायत जांगलीपुर में हो रहे अन्नपूर्णा उचितदर की दुकान का निर्माण कार्य खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि बन रहे अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान के निमार्ण में लापरवाही है। उन्होंने ग्राम सचिव को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

### 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

**साथ भागने में रहा सफल, तमंचा कारतूस हुए बरामद**



मुठभेड स्थल पर मौजूद पुलिस टीम।

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस, स्वाट टीमतथा रिवार्डेड टीम द्वारा गैंगलैंड मथुरा के शातिर सदस्य 25 हजार के इनामियां तथा थाना कोतवाली मथुरा में वांछित शातिर की घेराबंदी कर गिरफ़्तार करने का किया प्रयास। अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हुए अभियुक्त एमपी पंडित उर्फ मोहित शर्मा पुत्र विजय शर्मा निवासी अल्लापुर थाना जैत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी अनु गौतम भागने में सफल रहा। घायल अभियुक्त को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के साथ मुठभेड नगला कुम्हारियाँ मोड़, गोवर्धन रोड पर रात के समय हुई। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, चार ज़िंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस एक मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### 24 टेट्रा पैक देशी शराब के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को 24 टेट्रा पैक देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा बताया कि रविवार को चैकिंग के दौरान सौख रोड पर कबाडे की दुकान के पास चाय के खोखा के पास से एक अभियुक्त गुड्डन पुत्र मंगलिया निवासी इन्द्रा कालोनी कस्वा व थाना गोवर्धन को 24 टैट्रा पैक देशी शराब नगीना मार्का के साथ गिरफ्तार किया गया।

### लेखपालों ने अपनी शिकायतों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**तहसील महावन के सभागार में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**मथुरा।** तहसील महावन परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया । ज्यादातर शिकायत राजस्व को लेकर प्राप्त हुई। वहीं उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के द्वारा भी अपनी शिकायतों को लेकर एस डी एम महावन आदेश कुमार को ज्ञापन दिया गया जिसमे लेखपालों पर गलत शिकायत में फंसा कर मुकदमा दर्ज कर फसाना जब लेखपालों की गलत शिकायतों की जांच कर सही व गलत पाया गया तब तक की कोई कार्यवाही नहीं की गई हो ।

जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का जो आयोजन किया जाता है वह महावन तहसील में मात्र एक अधिकारियों के लिए टाइम पास करने का जरिया बन गया है। वहीं उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिन विभागों के कर्मचारी मौजूद नहीं है उनके विभागाध्यक्ष को लेटर लिखा जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अधिकारी मनमर्जी अपनी रिपोर्ट लगा देते हैं लेकिन फरियादी बारबार संपूर्ण समाधान दिवस के चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन अधिकारी अपनी मनमर्जी से तहसील दिवस का मखौल बनाकर रख दिया है अब देखना यह होगा कि ऐसे अधिकारियों पर क्या कुछ कार्रवाई होती है।

# एजुकेशन हब का सच: मथुरा में कोई सरकारी विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं

**● - तीन प्राइवेट विश्वविद्यालय संचालित हैं तथा चार प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज**

स्वतंत्र प्रभात



उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बन्धी जांच समिति के सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह बैठक लेते हुए।

**मथुरा।** कान्हा की नगरी की पहचान एजुकेषन हब के रूप में बन रही है। यहां तीन प्राइवेट विश्वविद्यालय संचालित हैं तथा चार प्राइवेट(स्ववित्तपोषित) इंजीनियरिंग कॉलेज चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बन्धी जांच समिति के सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह, सदस्य अविनाश सिंह चौहान, विजय बहादुर पाठक, अंगद कुमार सिंह, मुकुल यादव ने जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय, सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा, बीएसए सुनील दत्त, एआरटीओ प्रवर्तन मनोज प्रसाद वर्मा, डीआईओएस रविन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता (नोडल अधिकारी विद्युत) गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में समिति ने इंजीनियरिंग कॉलेज, प्राइवेट विश्वविद्यालय आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिसपर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद मथुरा में कोई सरकारी अथवा अशासकीय इंजीनियरिंग कालेज स्थापित नहीं है। जनपद मथुरा में तीन प्राइवेट विश्वविद्यालय संचालित हैं तथा चार प्राइवेट (स्ववित्तपोषित) इंजीनियरिंग कॉलेज संचालितहै। प्राइवेट विश्वविद्यालय में संस्कृति विश्वविद्यालय, केएम विश्वविद्यालय तथा जीएलए विश्वविद्यालय है। प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेज ने बीएसए इंजीनियरिंग कालेज, ईशान इंजीनियरिंग कालेज, हिन्दुस्तान कालेज आफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी तथा हरदयाल टैक्नीकल कैम्पस है। सभापति ने छात्र, छात्रा के साथ दुर्घटना की जानकारी ली, जिसपर बताया गया कि किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में किसी छात्र, छात्रा के साथ कोई दुर्घटना नहीं हुई है।

**जनपद में 1296 हैं स्कूली वाहन**

कॉलेज में छात्र छात्राओं की संख्या के संबंध ने अवगत कराया गया कि बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में 988 छात्र, ईशान इंजीनियरिंग कालेज में 603 छात्र, हिन्दुस्तान कॉलेज आफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी ने 1008 छात्र तथा हरदयाल टेक्निकल कैम्पस में 206 छात्र है। जनपद में स्कूल के नाम से पंजीकृत वाहनों की संख्या 1164, स्कूल के अतिरिक्त परमिट से आच्छादित स्कूल में लगे वाहनों की संख्या 132 कुल 1296 हैं। स्कूल के कुल 104 वाहन अनफिट हैं। चलने के योग्य कुल 1192 वाहन हैं।

**जनपद में संचालित हैं 25 मदरसा**

समिति को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद मथुरा में मान्यता प्राप्त (प्राइवेट) नौ मदरसे संचालित हैं, जिनमें कुल 1063 छात्र, छात्राएं अध्ययन करते हैं तथा 16 मदरसे गैर मान्यता प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि जनपद मथुरा में कोई भी मदरसा अनुदानित नहीं है।

**जनपद में संचालित हैं 93 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय**

जनपद मथुरा में संचालित 93 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्राथमिक उपचार की पूर्ण व्यवस्था है। जनपद मथुरा में संचालित 93 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में किसी भी अध्यापक का चयन, प्रोन्नत वेतनमान लंबित नहीं है।

# तीन हजार स्वयंसेवकों ने किया सामूहिक योग प्रदर्शन

**● - संघ समाज में परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है**

स्वतंत्र प्रभात



सामूहिक योग प्रदर्शन करते स्वं सेवक।

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दिलीप बिस्पुते ने रविवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र गऊ ग्राम परखम फरह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा विभाग के शाखा टोली एकत्रीकरण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा है कि संघ समाज में परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। दिलीप बिस्पुते ने आगे कहा कि हमें केवल चिंता ही नहीं करनी, अपितु पर्यावरण की रक्षा के लिए भी प्रयास करने हैं, तभी सृष्टि का संरक्षण होगा। कुटुंब प्रबोधन पर भी ध्यान देना होगा। परिवार में बच्चे संस्कारित हो रहे हैं ऐसी चिंता करनी होगी। संस्कार बचेंगे तभी परिवार बचेंगे। इन्हीं पांच विषयों को चिंता करते हुए अपने व्यवहार व स्वभाव में लाना होगा।

इससे पूर्व शाखा टोली एकत्रीकरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा विभाग शाखा टोलियां के लगभग तीन हजार स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ. हरीश सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख, प्रांत कार्यवाह राजकुमार, प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार, महावीर, छैल बिहारी, डॉ. संजय अग्रवाल, विभाग प्रचारक अरूण पांचजन्य, अरुण दीक्षित तथा अन्य क्षेत्र विभाग के कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन धोखाधडी में तीन गिरफ्तार

**● - फर्जी आधार कार्ड पर निकालते थे मोबाइल सिम**

स्वतंत्र प्रभात



पुलिस की गिरफ्त में पकडे गये आरोपी।

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने आनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गैंग के छह अभिक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से छह एन्ड्राईड मोबाइल फोन, छह फर्जी आधार कार्ड, एक अवैध तमंचा, एक जिन्दा कारतूस बरामद किए गये हैं। ग्राम मुड़सेरस से नगला अकातिया को जाने वाले रास्ते पर एक खाली खेत से उम्मर पुत्र फज्जर निवासी ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन, साहिल पुत्र हनीफ निवासी ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन, ताहिर पुत्र आशू निवासी ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन, आमिर पुत्र हनीफ निवासी ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन, शहजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन, मौसम पुत्र आशू निवासी ग्राम नगला अकातिया थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा फर्जी आधार कार्डो से फर्जी नाम पता से बाहर के प्रान्तों से विभिन्न कम्पनियों की सिम कार्ड खरीदकर एक्टीवेट कराकर अपने मोबाइलों में डालकर उसमें ओ.एल.एक्स पर सस्ते दामो पर टीवी, फ्रिज, एसी आदि के फोटो डालकर लोगों को भ्रमित कर उन्हें लालच में फंसाकर उनके सामान को अधिक रुपये में खरीदने की कहकर, व अपने सामान को सस्ते दामों पर बेचने की कहकर धोखा धड़ी से उनसे रुपये अपने फर्जी खातों में फोन पे, गूगल पे, पेटीएम आदि के माध्यम से डलवा लेते हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना गोवर्धन, एसआई विपिन कुमार थाना गोवर्धन, एसआई दीपक कुमार थाना गोवर्धन, एसआई अमन उज्वल थाना गोवर्धन आदि थे।

# पासपोर्ट सेवा कैम्प का गोपालगंज में होगा आयोजन

**● - पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैम्प, गोपालगंज**

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** गोपालगंज में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा पासपोर्ट आवेदकों की सुविधा के लिए दिनांक 23 से 25 अक्टूबर, 2024 तक गोपालगंज में पासपोर्ट सेवा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती स्वधा रिज़वी, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पासपोर्ट आपके द्वार के तहत अबतक बिहार में कुल 35 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं 2 पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं। इस परियोजना का उद्देश्य आवेदकों को पासपोर्ट आवेदन जमा करने संबंधी सुविधा उनके निवास स्थान के नजदीक उपलब्ध कराना है। इसी परियोजना को आगे बढ़ाते हुए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 26 जनवरी, 2024 को अत्याधुनिक सुविधायुक्त वातानुकुलित "पासपोर्ट मोबाईल वैन" क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना को उपलब्ध कराया गया है। डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, गोपालगंज में आवेदकों




की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि गोपालगंज में "पासपोर्ट मोबाईल वैन" द्वारा पासपोर्ट सेवा कैम्प का आयोजन किया जाए। इस कैम्प में नये (Fresh) एवं पुनर्निगमन (Re-issue) पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस कैम्प के लिए प्रतिदिन 50 अप्वाइंटमेंट स्लॉट जारी किए जाएंगे। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन तथा अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.passportindia.gov.in को देखें आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन भरकर निर्धारित शुल्क जमाकर पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैंप, गोपालगंज के लिए अप्वाइंटमेंट लेना होगा एवं लिए गए नियत दिन, समय एवं स्थान पर आवश्यक कागजातों की मूलप्रति एवं इन सभी की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति लेकर फोटो, उँगलियों के निशान एवं आवेदन तथा मूल प्रमाणपत्रों की जांच हेतु सशरीर उपस्थित होना होगा। जरूरी कागजात संबंधी जानकारी के लिए आवेदक उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। इस कैम्प में पीसीसी हेतु आवेदन, किसी कारण अथवा प्रमाणपत्र हेतु रोके गए आवेदन एवं बिना पूर्व में ऑनलाईन समय लिए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना आगे भी ऐसी ही सेवा प्रदान करते रहने हेतु वचनबद्ध

# 25 अक्टूबर को असम में नाथ योगी सम्मेलन ने लिया अपनी मांगों को पूरा करने के लिए भुख हड़ताल कार्यक्रम।

**● - भूख हड़ताल को लेकर धेमाजी जिला में हो रही एक के बाद एक जागरूकता बैठक।**

स्वतंत्र प्रभात







**असम धेमाजी।** असम प्रादेशिक नाथ योगी सम्मेलन ने नाथ योगी समुदाय की 11 मांगों को लेकर पहले चरण में 25 अक्टूबर को असम के 12 जिलों में भूख हड़ताल की घोषणा की है. इनमें से पहली 1998 में राज्य सरकार द्वारा जारी की गई आरक्षित वर्ग की नागरिकता की अधिसूचना को कानून लाने की मांग दूसरा, नाथ योगी (सैटेलाइट) स्वायत्त सहित परिषद का गठन। इसके अलावा कई मांगों को लेकर भूख हड़ताल का ऐलान किया है। सम्मेलन की केंद्रीय समिति ने हर जिले में भूख हड़ताल में शामिल होने के निर्देशन जारी किया है। इस निर्देश को ले कर धेमाजी जिला नाथ योगी सम्मेलन एवं भातृ संघठनों ने कार्यक्रम सफल करने के लिए कमर कस ली है। गत 18 अक्टूबर को धेमाजी के बिष्णु पुर बर नामघर परिसर में आयोजित पहली बैठक के बाद, कल चिमेन चापरी खेरनी नाथ गांव में आयोजित की गई बैठक में सम्मेलन के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं इस भूख हड़ताल के निरीक्षक आनंद नाथ ,अमूल्य नाथ माजुली जिला योवा परिषद के अध्यक्ष प्रांजल बोरा ने निरीक्षक के रुप मे सोभा में भाग लिया एवं नाथ योगी समुदाय के असम में बर्तमान स्थिति , सम्मेलन के कार्यप्रनलि, इस भूख हड़ताल के उद्देश्य एवं आनेवाले दिनों में किया कारिकर्म रहेगा इसपर लंबे समय भाषण दिया बेठक में जिला सम्मेलन के सचिव सजल नाथ, नाथ योगी छात्र संघ के केंद्रीय सचिव दीपक नाथ, नाथ योगी विकास परिषद के जिला सदस्य संजय नाथ और चिमेन छापरी आंचलिक समिति के कार्यकर्ता और सैकड़ों लोग उपस्थित थे। जिला काचारी मैदान के सामने 150-200 लोग एकत्रित हकर शांतिपूर्ण ढंग से भूख हड़ताल को सफल बनाने जिला में बसे नाथ योगों लोगों को आह्वान किया।

# हाइवे किनारे गांवों में मनमाने तरीके से काटी जा रहीं कॉलोनी

**● - नौगांव में एमवीडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** हाईवे किनारे गांवों में मनमाने तरीके से कॉलोनियां काटी जा रही है। अनियंत्रित तरीके के बाद बस्ती विकसित हो जाने के बाद कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं जिनका स्थाई समाधान आसान नहीं होता है। हाईवे थाना क्षेत्र में नौगांव में बनाई जा रही ऐसी ही अवैध कॉलोनी को एमवीडीए ने ध्वस्त किया। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानों पर भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नौगांव में लगभग आठ हजार वर्ग मीटर भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत सृजित की जा रही कॉलोनी के संबंध में नोटिस जारी किया गया। प्राधिकरण की उक्त कार्यवाही के पश्चात भी अवैध रूप से कॉलोनी के लिए मिट्टी डालकर सड़क बनाना गेट आदि का निर्माण जारी रखा गया। साथ ही विकासकर्ता द्वारा ना तो शमन मानचित्र प्रस्तुत किए गए एवं न हीं विकास कार्य बंद किया। इस पर प्राधिकरण के पारित ध्वस्तीकरण आदेशों के क्रम में अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में निर्माणधीन भवन तथा विकासकर्ता द्वारा बनाई गई सड़क व गेट आदि का ध्वस्तीकरण किया गया। इसके अलावा राजू पंडित शिवासा रोड एमेज बैठरी की दुकान के सामने भूखण्ड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये आरसीसी निर्माण को सील किया गया।। ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता अशोक कुमार चौधरी, अवर अभियंता अनिरूद्ध यादव, दिनेश गुप्ता व प्राधिकरण प्रवर्तन दल मौजूद रहा। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह व सचिव अरविंद कुमार के अनुसार अवैध निर्माण के विरुद्ध सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# हिटलर शाही से नहीं चलता है नगर निगम

**● - महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने महापौर पर बोला हमला, महापौर से मांगा इस्तीफा**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने आज नगर निगम के महापौर पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब ऐसे लोग महापौर बन जाएंगे जिनको ना तो संविधान का कोई ज्ञान है और ना ही नगर निगम अधिनियम का हिटलर शाही रवैया से निगम नहीं चलता यह वह संवैधानिक पद है जिससे जनता को बहुत उम्मीदें होती हैं परंतु कुछ दिन से जो नगर निगम युद्ध का अखाड़ा बना हुआ है उससे तो यह लगता है की महापौर अपने पद की गरिमा को समझ ही नहीं रहे।

श्री बाल्मीकि ने कहा कि यह सुनकर बड़ा ताज्जुब होता है जिस पार्टी की सरकार केंद्र में है प्रदेश में है अधिकांश निगमों में भारतीय जनता पार्टी के महापौर बैठे हुए हैं और वह कह रहे हैं कि नगर आयुक्त हमारी बात नहीं सुनते आप जनता को यह कहकर मूर्ख नहीं बना सकते आज मथुरा शहर की जनता बंदरों की समस्या एवं पीने का पानी की समस्या से एवं भ्रष्टाचार की समस्या व सड़क व नालों में भरी हुई गंदगी से त्राहि त्राहि कर रही है और भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर नगर निगम में देखा जा रहा है। अगर नगर निगम नहीं चल रहा है तो महापौर को इस्तीफा दे देना चाहिए। सारी समस्या का समाधान हो जाएगा यह सारी लड़ाई महापौर जी की अधिक से अधिक कमीशन प्राप्त करने की है चाहे वह बिजली विभाग हो चाहे वह निर्माण विभाग चाहे स्वास्थ्य विभाग हो चाहे बह जलकल हो बिजली विभाग में करोड़ों रुपए के टेंडर को अनियमित तरीके से लगभग तीन या चार साल से एक ही फर्म करती चली आ रही है जिसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार है महापौर की जिम्मेदारी है जनता की मेहनत का टैक्स का पैसा है उसको सही तरीके से जनता के बीच में सुविधा उपलब्ध कराए जन कल्याणकारी योजना चलाई जाएं।

# फब्तियां को लेकर सड़क पर भीड़ में युवक के साथ मारपीट

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के सती माता के स्थान के पास दो दिन पहले सड़क पर ही भीड़ वाले स्थान पर किसी बात को लेकर एक युवक की पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कठेला समय माता थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत तौलिहवा के टोला बाला नगर निवासी झिन्ना पत्नी फेंकू ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उनकी पुत्रवधू चंद्रावती तथा छोटा बेटा राम प्रसाद शनिवार को बाइक से कठेला कोठी दवा कराने गये थे। दवा कराकर वापस घर आ रहे थे कि रास्ते में सती माता के स्थान के पास मनचलों ने बाइक रोकवा कर मारपीट किया। पीड़ित का कहना है कि तौलिहवा निवासी मुकीम, मोबिन, निजाम, निसार, भुक्कू, गोविन्द आदि ने फब्तियां कसते हुए झगड़ा किये। विरोध करने पर लोगों ने मिलकर मारा पीटा। बेटे को पीटते देख मां जिन्ना व उसकी बहू चंद्रावती बचाने दौड़ी मनचलों ने उसकी भी पिटाई कर दी।घटना को देख वहां भीड़ इकठ्ठा हो गयी। किसी ने वीडीयो बनाकर इंटरनेट ,सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि स्वतंत्र प्रभात वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता। सीओ सुजीत राय ने कहा कि घटना की जानकारी नहीं है। घटना की सत्यता की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कारवाई की जाएगी।

### जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति एवं कृषि टास्क फोर्स कि की गई बैठक

**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी,गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच की अध्यक्षता एवं अपर समाहर्ता की उपस्थिति में जिला आपूर्ति टाक्स फोर्स एवं जिला कृषि टास्क फोर्स की समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। संबंधित बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम में 13113.6 क्वीं0 गेहूँ, 675.00 क्वीं0 मसूर एवं 202 क्वीं0 तेलहन के बीजो को वितरति करने का लक्ष्य है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि रबी मौसम में कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर बीज किसानों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से वितरण कराना सुनिश्चित करेगे। जिला कृषि पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत वैसे लाभुक जिनका e-kyc अभी तक नहीं हुआ है, उन लाभुकों का विशेष अभियान के तहत e-kyc सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा निदेश दिया गया कि आने वाले समय में उर्वरकों की मांग को देखते हुए उर्वरक प्रतिष्ठानों पर लगातार निगरानी रखेगें एवं भण्डार का सत्यापन उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा कराना सुनिश्चित करेगें एवं कालाबाजारी पर नियंत्रण रखेगें।

